19 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 329

स्वदेशी आंदोलन को बनायें जनांदोलन, पूरा होगा आत्मनिर्भर भारत का संकल्प: अरुण सिंह




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

# फौज में भाई-भतीजावाद नहीं चलता: सीडीएस चौहान

## रांची में तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो- इस्ट टेक 2025 आज से

- सीडीएस चौहान रांची पहुंचे, राजभवन में ऑपरेशन सिंदूर पर युवाओं से वार्ता के लिए आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि सेना ही वह जगह है, जहां भाई-भतीजावाद या पक्षपात नहीं होता। उन्होंने बताया कि फौज में हर किसी की पहचान उसकी काबिलियत और मेहनत से होती है, न कि रिश्तों या सिफारिशों से। जनरल अनिल चौहान ने युवाओं से देशसेवा के लिए सेना में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि सेना में अनुशासन और ईमानदारी ही सबसे बड़ी ताकत है, जो इसे बाकी संस्थानों से अलग बनाती है।

बताते चलें कि रांची में शुक्रवार से तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो-इस्ट टेक 2025 का आयोजन किया गया है। इसका आयोजन रांची के खेलगांव स्टेडियम में किया गया है। सीडीएस चौहान इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुरुवार शाम रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एयरपोर्ट पर काफी संख्या में मौजूद पूर्व सैनिकों तथा सैन्य अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यहां से सीडीएस चौहान राजभवन गये, जहां ऑपरेशन सिंदूर पर युवाओं से वार्ता के लिए आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने सेना और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में चर्चा की।

**7 मई को 1 बजे किया गया ऑपरेशन सिंदूर का पहला हमला:** जनरल अनिल चौहान ने कहा कि अगर बच्चे भारत और दुनिया को जानना चाहते हैं, तो उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने की इच्छा रखनी चाहिए। वहीं ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का पहला हमला 7 मई को सुबह 1 बजे किया गया, ताकि नागरिकों को होने वाले नुकसान से बचा जा सके। सीडीएस ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन नेवी की अहम भूमिका रही। नेवी ने भी सटीक हमले किये, जबकि विशेष बल मार्कोस को जम्मू-कश्मीर और पंजाब में तैनात किया गया था। उनका कहना था कि यह पूरी कार्रवाई सेना की तैयारी, रणनीति और उच्च तकनीक उपकरणों के इस्तेमाल का एक उदाहरण थी। हमारी प्राथमिकता हमेशा सैनिकों और नागरिकों की सुरक्षा है। किसी भी प्रकार की मनमानी या व्यक्तिगत पसंद से फैसले नहीं लिये जाते।

**काबिल हैं तो पूरा मौका:** सीडीएस ने युवाओं से कहा कि इंडियन आर्मी में शामिल होना केवल एक करियर नहीं, बल्कि देश के प्रति जिम्मेदारी और सेवा का मौका है। देश की सुरक्षा में योगदान देने का अनुभव किसी भी अन्य पेशे से कहीं अधिक सम्मानजनक और आत्मसंतोष देने वाला होता है। उन्होंने कहा कि सेना में कोई भी फैसला मनमानी नहीं लिया जाता। इसका पूरा एक सिस्टम है। यह युवाओं को भी प्रेरित करता है। उन्होंने युवाओं और छात्रों से कहा कि वे अपने करियर में देशसेवा को प्राथमिकता दें। सेना में शामिल होकर देश की सुरक्षा में योगदान दें। सेना में अवसर सबके लिए समान हैं। चाहे आप किसी भी पृष्ठभूमि से आते हों, यदि आप मेहनती और काबिल हैं, तो आपको आगे बढ़ने का पूरा मौका मिलेगा।






## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को किया गया आमंत्रित

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी डिफेंस एक्सपो-इस्ट टेक 2025 में शामिल हो सकते हैं। बुधवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और मेजर जनरल सज्जन सिंह मान ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को डिफेंस एक्सपो-ईस्ट टेक 2025 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सात ही उन्हें मुख्य अतिथि के तौर पर सामिल होने के लिए आमंत्रित किया।



### आयोजन की फैक्ट फाइल

- **रक्षा अनुसंधान एवं विकास:** तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में रक्षा अनुसंधान एवं विकास, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्वदेशी हथियार निर्माण, और सैन्य प्रशिक्षण के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा।
- **देश-विदेश के रक्षा विशेषज्ञ:** इस मौके पर देश-विदेश के रक्षा विशेषज्ञ, सैन्य अधिकारी, रक्षा कंपनियां और छात्र भाग लेंगे।
- **राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी नवाचार:** यह आयोजन झारखंड को राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है।

### पहली बार झारखंड में प्रदर्शनी और सेमिनार

रांची के खेलगांव में आयोजित तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो-इस्ट टेक 2025 आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी और सेमिनार में सेना जुड़े कई तथ्यों की जानकारी मिलेगी। इसमें रक्षा क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों, सैन्य रणनीतियों और युवाओं की भागीदारी जैसे विषयों पर संवाद होंगे।. यह पहली बार है जब झारखंड की धरती पर इतनी बड़ी रक्षा प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है।

### झारखंड के लिए एक नया मंच

इस आयोजन के जरिये झारखंड की राजधानी रांची राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रक्षा विमर्श में एक प्रमुख स्थान हासिल कर रही है। राज्य सरकार और रक्षा मंत्रालय की साझा पहल से यह आयोजन न केवल राज्य के युवाओं को अवसर देगा, बल्कि झारखंड को नीति-निर्माण में अधिक भागीदारी दिलाने की दिशा में भी कदम है।

# नेपाल में शांति बहाली में भारत करेगा सहयोग

## पीएम मोदी ने की नेपाल की पीएम सुशीला कार्की से बात



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने शांति और स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई दुखद जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। साथ ही मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

यह बातचीत 8 सितंबर को हिंसक झड़पों और विरोध प्रदर्शनों की वजह से संसद भंग होने के बाद सुशीला कार्की की ओर से नेपाल में अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ दिनों बाद हुई है। इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व मुख्य रूप से जेनरेशन जेड युवा कार्यकताओं ने किया था। प्रदर्शन भ्रष्टाचार, जवाबदेही की कमी और राजनीतिक अभिजात वर्ग की कथित विफलता को लेकर बढ़ती निराशा से उपजे थे। आंदोलन तत्कालीन नेपाली सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के बाद शुरू हुआ था।

### नेपाल में प्रदर्शन के बाद बदले हालात

नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश और अब पहली महिला प्रधानमंत्री कार्की को जेनरेशन जेड के नेतृत्व वाले आंदोलन का समर्थन प्राप्त है, जिसने पिछले कुछ दिनों में देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया है। वह 5 मार्च, 2026 तक इस पद पर रहेंगी, जिसके बाद इस पद के लिए नये चुनाव होंगे, जिनका चयन निर्वाचित संसद द्वारा किया जायेगा।

### बीते शुक्रवार को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी

नेपाल की 73 वर्षीय पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद बीते शुक्रवार को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक रूप से अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में उनके नाम का समर्थन किया।

## न्यूज रील्स

### सिख शादियों का रजिस्ट्रेशन आनंद मैरिज एक्ट के तहत हो : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 17 राज्यों और 7 केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 1909 के आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख शादियों (आनंद कारज) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था चार महीने में लागू करें। कोर्ट ने कहा कि नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा है और यह संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि जब तक राज्य अपने नियम नहीं बनाते, तब तक सभी जगह आनंद कारज शादियों को मौजूदा विवाह कानूनों (जैसे स्पेशल मैरिज एक्ट) के तहत रजिस्टर्ड किया जाये। अगर दंपती चाहें तो विवाह प्रमाणपत्र में साफ लिखा जाये कि शादी आनंद कारज रीति से हुई है। यह आदेश उन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों पर लागू होगा जिनमें उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड, उत्तर प्रदेश, असम, बंगाल, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अरुणाचल, गोवा, मणिपुर और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, दमन-दीव, पुडुचेरी और अंडमान-निकोबार शामिल हैं।

## कांग्रेस सांसद और चुनाव आयोग आमने-सामने

# राहुल ने मतदाताओं के नाम हटाने का किया दावा, आयोग ने नकारा

- नेता प्रतिपक्ष ने प्रेजेंटेशन देकर दिखाया, कैसे किया गया डिलीट
- आयोग बोला, नाम ऑनलाइन डिलीट नहीं होते

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को 'वोट चोरी' पर दूसरी बार प्रेस कांफ्रेंस की। इससे पहले उन्होंने 7 अगस्त को मीडिया से बात की थी। राहुल ने 31 मिनट के प्रेजेंटेशन में वोट चोरी के आरोप लगाये और सबूत दिखाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जानबूझ कर कांग्रेस के वोटों को निशाना बना रहा है और उनके नाम डिलीट कर रहा है। राहुल इस बार अपने साथ कर्नाटक के ऐसे मतदाताओं को भी लेकर आये, जिनके नाम मतदाता सूची से डिलीट किये गये। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने फिर कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में यही हो रहा है।

वहीं, चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को गलत और निराधार बताया। आयोग ने कहा है कि कोई भी आम नागरिक ऑनलाइन किसी का भी नाम डिलीट नहीं कर सकता। किसी का वोट डिलीट करने से पहले संबंधित व्यक्ति को अपनी बात रखने का मौका दिया जाता है।

### राहुल के आरोप

- कर्नाटक के आलंद में 6018 मतदाताओं को डिलीट करने की कोशिश हुई।
- गोदाबाई के लॉगिन का इस्तेमाल कर 12 लोगों का नाम हटाने का आरोप।
- आलंद में जिन मतदाताओं के नाम डिलीट किये गये, उनको हटाने के लिए दूसरे राज्यों में ऑपरेट हो रहे मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया।




### चुनाव आयोग का जवाब

- मतदाताओं के नाम हटाने के आरोप गलत और निराधार।
- जनता की ओर से ऑनलाइन कोई भी नाम नहीं हटाया जा सकता।
- कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किये गये थे, मामले की जांच के लिए चुनाव आयोग ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी।
- प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिये बिना कोई भी नाम नहीं हटाया जा सकता।

## त्योहारों में रहें सावधान: प्रशासन, विक्रेता और सभी की जिम्मेदारी

# लातेहार जतरा मेले में 35 बच्चे फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए

- 35 बच्चों को चाउमीन खाने के बाद उल्टी और दस्त की शिकायत
- अस्पताल में कराया गया भर्ती, खतरे के बाहर

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। दशहरा आने वाला है। इसके बाद दीपावली और छठ समेत अन्य त्योहार आयेंगे। लोगों का घूमना-फिरना और खाना-पीना सब शुरू हो जयेगा। हर शहर में मेला के दौरान स्ट्रीट फूड लोगों को आकर्षित करता हैं।



यह नहीं कहा जा सकता कि इन्हें नहीं खाना चाहिए, या इसके बेचने पर पाबंदी लगा देनी चाहिए, क्योंकि इसका एक अलग आनंद है।

जिसे लगभग हर वर्ग के लोग खास कर मेले के दौरान पसंद करते हैं। इसलिए अवश्यकता है कि स्ट्रीट फूड के प्रति सावधान रहने की। प्रशासन के साथ-साथ विक्रेता और खरीददार को जिम्मेदारी के साथ स्ट्रीट फूड को बेहतर बना सकते हैं, नहीं तो जो एक छोटे से आयोजन में लातेहार में जितिया जतरा के दौरान हुआ वह कभी भी कहीं हो सकता है।

### बच्चों की जान पर बनी

घटना लातेहार सदर थाना क्षेत्र के टेमकी गांव में जितिया जतरा के दूसरे दिन लगे बासी जतरा मेले की है। बुधवार की देर शाम चाउमीन खाने से लगभग 35 बच्चे अचानक बीमार पड़ गये। कई बच्चों को उल्टी और दस्त होने लगे थे। बच्चों की स्थिति गंभीर होता देख पंचायत के पूर्व मुखिया राजेश उरांव और जिप सदस्य विनोद उरांव की तत्परता से सभी को एम्बुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया।

### खतरे से बाहर हैं सभी बच्चे

चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर जय प्रकाश जायसवाल ने गुरुवार को बताया कि सभी बच्चे फूड प्वाजनिंग के शिकार हुए थे। उन्हें सही समय पर अस्पताल लाया गया। समय रहते इलाज मिलने से उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर है। वहीं, जिप सदस्य विनोद उरांव ने कहा कि मामले की जांच की जानी चाहिए। उन्होने ग्रामीणों से भी बाहर खुले में बेचने वाले खाद्य पदार्थों को नहीं खाने की अपील की।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)




CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering
Faculty of Law
- LL.B. - B.A. LL.B. - B.B.A. LL.B
Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) - B.A (English) - B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) - B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) - M.A (Hindi) - M.A (English)
- M.A (Sanskrit) - M.A (Economics)
- M.A (Psychology - M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy - B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry - B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
- OT - DMLT - ECG - X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser
Library Science
- B.Lib.I.Sc. - M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) - B.Sc. (Chemistry) - B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) - B.Sc. (MLT) - B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) - B.Sc. (Biochemistry) - B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) - M.Sc. (Chemistry) - M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) - M.Sc. (Zoology) - M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) - M.Sc. (MLT) - M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
- B.Com - M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# मोदी ने उठा दिया बिहार में घुसपैठ और डेमोग्राफी बदलाव का मुद्दा

- चेताया, अगर यह जनसंख्या संरचना नहीं रुकी, तो स्थानीय अपने ही घर में हो जायेंगे अल्पसंख्यक
- यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है, भारतीयों की संस्कृति, परंपरा और अधिकार का मुद्दा है
- वोट बैंक की खातिर कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां अपने स्वार्थ के लिए घुसपैठियों को बचाती हैं : मोदी
- यह रणनीति सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल, असम और झारखंड जैसे राज्यों में भी इसका प्रभाव दिखेगा

**आजाद सिपाही विशेष**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों बिहार के पूर्णिया की सभा में डेमोग्रेफी बदलने में जुटे घुसपैठियों पर चिंता जाहिर कर यह जता दिया है कि यह मुद्दा बिहार के चुनाव में सबसे ऊपर रहेगा। इससे पहले स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से भी पीएम मोदी ने साफ कर दिया था कि भविष्य में सरकार इसके खिलाफ कुछ कड़ा कदम उठायेगी। पीएम मोदी के संबोधन से जाहिर है कि भाजपा एक बार फिर इस मुद्दे को लेकर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में है। भाजपा ने पहले भी बंगाल और झारखंड के चुनावों में यह मुद्दा उठाया था, लेकिन उन दोनों राज्यों में भाजपा को इस मुद्दे का लाभ नहीं मिला। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भाजपा पीएम के भाषण को आधार बना कर बिहार में इस मुद्दे को कितनी ताकत से उठायेगी। बिहार में बांग्लादेश और नेपाल की सीमा से सटे किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया को सीमांचल के नाम से पुकारा जाता है। सीमांचल में अवैध घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी पूरी तरह बदल चुकी है। 1951 से 2011 तक देश की कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी जहां चार प्रतिशत बढ़ी है, वहीं सीमांचल में यह आंकड़ा करीब 16 प्रतिशत है। किशनगंज बिहार का ऐसा जिला है, जहां हिंदू अल्पसंख्यक हो चुके हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार किशनगंज में मुस्लिमों की जनसंख्या 67.58 प्रतिशत थी और हिंदू मात्र 31.43 प्रतिशत रह गये हैं। इसी तरह कटिहार में 44.47, अररिया में 42.95 और पूर्णिया में मुस्लिम जनसंख्या 38.46 प्रतिशत हो चुकी है। कई जिलों के दर्जनों गांवों में हिंदू अल्पसंख्यक होकर पलायन कर चुके हैं। अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड के रामपुर गांव से दर्जनों लोग पलायन कर दोगच्छी गांव चले गये, जहां हिंदुओं की जनसंख्या अपेक्षाकृत अधिक है। कई जगहों पर इनकी जमीन मुस्लिमों ने खरीद ली है। घुसपैठ का मुद्दा केंद्र सरकार के लिए कितना अहम है, यह इससे समझा जा सकता है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में लोकसभा चुनाव का शंखनाद राजधानी पटना में न करके सीमांचल में किया था। मोदी सरकार के आने के बाद से पूर्वोत्तर राज्यों की केंद्र सरकार के साथ हुई बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठता रहा है। 2001 से 2011 के बीच दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर पर नजर डालें, तो पूर्णिया में 28.66, कटिहार में 30, अररिया में 30 और किशनगंज में यह 30.44 प्रतिशत है। घुसपैठ को नकारने वाले दलील देते हैं कि मुस्लिम बहुल इलाका होने के कारण सीमांचल में जनसंख्या वृद्धि दर अधिक है, पर देश के अन्य हिस्सों में मुसलमानों की वृद्धि दर इतनी नहीं है। इससे साफ जाहिर है कि इन जिलों में बाहर से आये घुसपैठियों ने पनाह ले ली है। यही कारण है कि भाजपा ने डेमोग्रेफी चेंज को राष्ट्रीय सुरक्षा और हिंदू अस्मिता से जोड़ दिया है। अब बिहार में यह उसका केंद्रीय मुद्दा बन सकता है। 2024 के लोकसभा चुनावों में एनडीए (भाजपा, जदयू और लोजपा-आर) ने बिहार में 30 सीटें जीतीं, जिसमें भाजपा की 12 सीटें थीं। यह सफलता बताती है कि बिहार के लोगों को यह मुद्दा समझ में आ रहा है। क्या है घुसपैठ और डेमोग्राफी बदलने का मुद्दा और बिहार के रास्ते राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए यह कितना अहम है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्णिया की ऐतिहासिक रैली में यह स्पष्ट कर दिया कि आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव का असली एजेंडा क्या होगा। पीएम मोदी ने जो शब्द कहे, वे सिर्फ चुनावी भाषण नहीं थे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाला संदेश था। उन्होंने साफ कर दिया कि बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश को यह समझना होगा कि घुसपैठ और डेमोग्राफी में बदलाव देश की सुरक्षा, संस्कृति और पहचान के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

### कांग्रेस और राजद पर साधा निशाना

पीएम मोदी ने अपने भाषण में विपक्षी दलों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि बिहार में एक भी घुसपैठिया नहीं छोड़ा जायेगा और यह मिशन किसी भी राजनीतिक समीकरण से ऊपर है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस और राजद को विशेष रूप से निशाना बनाया। उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर सीधे आरोप लगाये कि वे घुसपैठियों के हितैषी बन कर सामने आये हैं। पीएम मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन का असली मकसद तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति है। प्रधानमंत्री के अनुसार यह गठबंधन उन लोगों के साथ खड़ा है, जो सीमांचल जैसे संवेदनशील इलाकों में देश की सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं।

### राष्ट्रीय मुहिम के रूप में उठेगा यह मुद्दा

पीएम मोदी का यह आक्रामक रुख साफ बताता है कि भाजपा इस चुनाव को सिर्फ बिहार की राजनीति तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि इसे एक राष्ट्रीय मुहिम के रूप में पेश करेगी। प्रधानमंत्री का फोकस खास तौर पर सीमांचल क्षेत्र पर था। यह इलाका पश्चिम बंगाल और असम से सटा हुआ है और यहां की भौगोलिक संवेदनशीलता के कारण यह घुसपैठ का सबसे बड़ा रास्ता माना जाता है। भाजपा का दावा है कि यहां योजनाबद्ध तरीके से जनसंख्या संरचना बदली जा रही है।

### विपक्ष देता है घुसपैठियों को संरक्षण

पीएम मोदी ने जनता को चेताया कि अगर यह प्रवृत्ति नहीं रोकी गयी, तो स्थानीय लोग अपने ही घर में अल्पसंख्यक हो जायेंगे और उनकी संस्कृति, परंपरा और अधिकार छिन जायेंगे। यह चेतावनी न केवल राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ी है। पीएम मोदी ने अपने भाषण में यह भी कहा कि विपक्ष के संरक्षण में घुसपैठिये न केवल वोट बैंक का हिस्सा बनते हैं, बल्कि वे समाज में असंतुलन भी पैदा करते हैं। यह सिर्फ संख्या का खेल नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी साजिश है, जो भारत के ताने-बाने को तोड़ने के लिए रची गयी है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां अपने स्वार्थ के लिए घुसपैठियों को बचाती हैं, उन्हें पहचान पत्र दिलवाती हैं और फिर उनका उपयोग चुनाव जीतने के लिए करती हैं। उनका यह सीधा हमला विपक्ष के वोट बैंक की राजनीति को पूरी तरह से बेनकाब करने वाला था।



### संवैधानिक संस्थाएं भी चिंतित हैं

घुसपैठ को लेकर चिंता केवल प्रधानमंत्री मोदी की ही नहीं है, बल्कि संवैधानिक संस्थाएं भी इसे लेकर चिंतित हैं। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा किये गये विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का एक उद्देश्य मतदाता सूची से घुसपैठियों को बाहर करना भी है। इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची की गहन समीक्षा की गयी है। भाजपा का कहना है कि इससे फर्जी वोटर और घुसपैठियों का नाम हटाया जायेगा। लेकिन विपक्ष का आरोप है कि यह पूरी कवायद मुस्लिम समुदाय और सीमावर्ती जिलों के मतदाताओं को चुनाव से बाहर करने की कोशिश है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का कहना है कि यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है, लेकिन भाजपा इसे देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम बता रही है। भाजपा का कहना है कि असली लोकतंत्र वही है, जिसमें केवल वैध नागरिक ही मतदान कर सकें।

### पहले भी चिंता जाहिर कर चुके हैं मोदी

घुसपैठ को लेकर जो राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंता है, उसे पीएम मोदी ने पहली बार नहीं जाहिर की है। 15 अगस्त को लाल किले से अपने भाषण में उन्होंने घुसपैठ के खिलाफ अपने अभियान के स्पष्ट संकेत दे दिये थे। उन्होंने कहा था कि देश में कुछ ताकतें ऐसी हैं, जो सुनियोजित तरीके से डेमोग्राफी बदल रही हैं। यह सिर्फ संख्या का खेल नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक अस्मिता और उसकी सामाजिक संरचना को कमजोर करने की कोशिश है। उन्होंने यह भी कहा था कि यह घुसपैठ न केवल सीमाओं को असुरक्षित बनाती हैं, बल्कि बहन-बेटियों की सुरक्षा और आदिवासियों की जमीन के अधिकारों पर भी सीधा खतरा है। पूर्णिया की रैली इसी संदेश का विस्तार थी, जिसने बिहार चुनाव को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया है।

### भाजपा इस मुद्दे को लेकर उतरेगी

भाजपा के लिए यह चुनाव रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। बिहार में जीत हासिल करने के लिए सीमांचल और पूर्वी बिहार के इलाके निर्णायक भूमिका निभायेंगे। भाजपा का प्रयास है कि वह घुसपैठ के मुद्दे को उठाकर हिंदू मतदाताओं को एकजुट करे और विपक्ष को रक्षात्मक मुद्रा में ले आये। यह रणनीति सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पश्चिम बंगाल, असम और झारखंड जैसे राज्यों में भी इसका प्रभाव दिखाई देगा। यह भाजपा के लिए एक दीर्घकालिक नैरेटिव तैयार करने का अवसर है। वैसे भी घुसपैठ का मुद्दा हमेशा से भारत की राजनीति में गहराई से जुड़ा रहा है। भाजपा ने हमेशा देश की सीमाओं की सुरक्षा के प्रति गंभीरता दिखायी है। वहीं विपक्ष पर यह आरोप लगता रहा है कि वह केवल मुस्लिम वोट बैंक के लालच में राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करता है। पूर्णिया की रैली ने इस बहस को और तीखा कर दिया है। इसलिए बिहार का यह चुनाव सिर्फ विकास और वादों का नहीं होगा, बल्कि यह तय करेगा कि बिहार और पूरे देश की राजनीति किस दिशा में जायेगी। पीएम मोदी के भाषण के बाद यह स्पष्ट है कि भाजपा के लिए यह चुनाव जीतना सिर्फ राजनीतिक तौर पर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह चुनाव देश के भविष्य की दिशा तय करने का है। भाजपा का संदेश स्पष्ट है यह लड़ाई घुसपैठियों और देशद्रोहियों के खिलाफ है। अब यह देखना होगा कि जनता इस संदेश को कितनी मजबूती से स्वीकार करती है और क्या यह मुद्दा भाजपा को निर्णायक बढ़त दिला पाता है या नहीं।

# उपेक्षा के कारण अस्तित्व खो चुका है भवनाथपुर का क्रशिंग प्लांट

- निर्जीव हो गया है कभी औद्योगिक हब के रूप में प्रसिद्ध भवनाथपुर सेल
- 1320 मेगावाट पावर प्लांट का शिलान्यास तो हुआ, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा
- भवनाथपुर के उजड़े औद्योगिक संस्थान को संवारने की कवायद कभी नहीं की गयी

**विमलेश कुमार**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** एक जमाने में एशिया महाद्वीप के औद्योगिक मानचित्र पर सबसे ऊपर रहे भवनाथपुर का औद्योगिक वजूद वर्तमान समय में मिट गया है। इससे भवनाथपुर क्षेत्र के हजारों श्रमिक पलायन को मजबूर हैं। व्यवस्था और सरकारी उदासीनता से एक-एक कर बंद हुईं यहां की औद्योगिक इकाइयां सिर्फ चुनावी मुद्दा बनती रहीं और दम तोड़ती चली गयीं। इस बात का मलाल भवनाथपुर सहित पूरे पलामू प्रमंडल के गरीब मजदूरों को है। बताते चलें कि 70 और 80 के दशक में भवनाथपुर पूरे प्रमंडल में औद्योगिक हब के रूप में उभरा था। तब यहां सेल के क्रशिंग प्लांट के साथ ही दो खदानें एक साथ संचालित होती थीं। वहां हर दिन हजारों कर्मचारी और ठेका और दिहाड़ी मजदूर काम करते थे। ये वही दौर था, जब सेल की बड़ी औद्योगिक इकाइयों के साथ ही खनन उद्योग भी अपने चरम पर था। इससे एक बड़ी आबादी को रोजी-रोटी का जुगाड़ घर बैठे हो जाता था।





**औद्योगिक हब के रूप में थी पहचान :** जानकार बताते हैं कि 70 और 80 के दशक में सेल ने अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए भवनाथपुर में चूना पत्थर के भंडार को देखते हुए सन 1965 में खदान खोलने का निर्णय लिया। आवश्यक संसाधन जुटाने के बाद वर्ष 1972 में एशिया के सबसे बड़े क्रशर प्लांट की स्थापना की गयी थी, जिसमें 1200 सेल कर्मियों को पदस्थापित किया गया था। इसके साथ ही घाघरा माइंस और तुलसीदामर डोलोमाइट खदान में हजारों मजदूर कार्यरत थे। सेल देश के औद्योगिक विकास में अपनी अमिट छाप छोड़ रहा था। यह वही दौर था, जब भवनाथपुर को तत्कालीन बिहार (अब झारखंड) का 'मिनी बोकारो' के नाम से जाना जाता था। लेकिन कालांतर में 2014 में घाघरा माइंस और सन 2016 में तुलसीदामर डोलोमाइट खदान बंद कर दी गयी। क्रशर प्लांट को नीलामी के जरिये कटवा कर बेच दिया गया है। सेल के इन बड़े उद्योगों के बंद होने का असर स्थानीय बाजार पर देखने को मिल रहा है।

### चुनावी जंग में इसे बनाया जाता है मुद्दा

भवनाथपुर स्थित सेल के क्रशर प्लांट और खदानें बंद होने का सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान मजदूरों के साथ दुकानदारों, ठेले-खोमचे वालों को भी भुगतना पड़ रहा है। रोजगार की तलाश में हजारों की तादाद में दूसरे प्रदेशों में पलायन कर चुके मजदूरों को इस बात का इल्म अब भी है, कि गत दो दशकों के दौरान हुए चुनावों में यहां की समृद्ध औद्योगिक विरासत को चुनावी मुद्दा तो बनाया गया, लेकिन भवनाथपुर के उजड़े औद्योगिक संस्थान को संवारने की कवायद नहीं की गयी। पावर प्लांट और सीमेंट फैक्ट्री खुलवा कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने संबंधी खोखले आश्वासन से युवाओं के साथ आम जनमानस में काफी आक्रोश है।

### पावर प्लांट का शिलान्यास तो हुआ लेकिन धरातल पर उतर न सका

19 फरवरी 2014 को 8500 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 1320 मेगावाट पावर प्लांट का शिलान्यास सीआइएसएफ फायरिंग रेंज के परिसर में किया गया था, लेकिन इसका निर्माण कार्य धरातल पर शुरू नहीं हो सका है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.50 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.39 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान राज्य स्तर पर शुरू

# जब महिलाएं स्वस्थ होंगी, तभी समाज और परिवार भी सशक्त होंगे: हेमंत सोरेन

● मुख्यमंत्री और राज्यपाल कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को रांची के सदर अस्पताल में आयोजित 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की नींव रखती है। महिलाओं की भूमिका समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। एक स्वस्थ नारी ही परिवार और समाज को सशक्त बना सकती है। हमारी सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता मानती है। महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और जागरूकता को लेकर सरकार निरंतर प्रयासरत है।

**महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जब महिलाएं स्वस्थ और सुरक्षित होंगी तो परिवार मजबूत होगा। आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ और सशक्त बनेगी। हमारी सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, क्योंकि महिला ही परिवार और समाज की आधारशिला है।

**आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत है:** हेमंत सोरेन ने कहा कि महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज के हर क्षेत्र में अग्रसर हैं। महिलाएं आज आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से निरंतर आगे बढ़ रही हैं। रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सक्रिय भागीदारी से आत्मनिर्भरता की नयी मिसाल पेश कर रही हैं। स्वरोजगार योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों और सरकारी नीतियों का लाभ उठाकर वे अपने परिवार की आय बढ़ाने के साथ-साथ समाज के आर्थिक विकास में भी योगदान दे रही हैं। सामाजिक क्षेत्र में महिलाएं जागरूकता, नेतृत्व और सहभागिता की भूमिका निभा रही हैं। पंचायतों से लेकर उच्च पदों तक उनकी उपस्थिति समाज को नयी दिशा दे रही है।

**राज्य की बेटियां हर क्षेत्र में नयी ऊंचाइयां छू रहीं:** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज हमारी राज्य की बेटियां शिक्षा, स्वास्थ्य और खेलकूद के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयां छू रही हैं। वे केवल राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। चाहे खेल मैदान हो, शैक्षणिक उपलब्धि हो या चिकित्सा एवं अनुसंधान का क्षेत्र। झारखंड की बेटियां अपनी मेहनत और लगन से राज्य का नाम रोशन कर रही हैं। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण) सुनील कुमार बर्णवाल, समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण, स्वास्थ्यकर्मी और बड़ी संख्या में महिलाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।



### महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की ठोस पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी समाज और राज्य मजबूत होगा। इसी उद्देश्य से सरकार ने महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाएं लागू की हैं। जिनमें नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मातृत्व लाभ योजनाएं, पोषण आहार वितरण, किशोरियों के लिए स्वास्थ्य व स्वच्छता अभियान और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के प्रयास शामिल हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिला स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि समय पर जांच और उपचार उपलब्ध कराया जा सके। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृत्ति, निःशुल्क शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के जरिए बेटियों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मातृत्व लाभ योजनाएं, पोषण अभियान और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

### मुख्यमंत्री से मिले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के निदेशक



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, रांची के निदेशक प्रोफेसर राजीव श्रीवास्तव ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने इंस्टीट्यूट में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, कार्यक्रमों और गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

CCL Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यक्रम में मंच से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंनो सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया। हेमंत ने लिखा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा देश भर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की गयी है। झारखंड में भी आज इस अभियान का राज्यस्तरीय शुभारंभ की शुरूआत की गयी है। प्रधानमंत्री जी को इस मंच से जन्मदिन की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री ने पोस्ट में आगे लिखा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की नींव होती है। उनके बेहतर स्वास्थ्य को लेकर हर कोई सजग रहता है। राज्य में महिलाओं में अनीमिया, कुपोषण तथा अन्य बीमारियों से लड़ने के लिए कई मुहिम को चलाया जा रहा है। राज्य भर में लोगों की स्क्रीनिंग भी की जा रही है। आज विश्व भर में प्रत्येक क्षेत्र शिक्षा, खेल, अंतरिक्ष, आदि में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। राज्य में भी आधी आबादी के सशक्तिकरण को लेकर कई योजनाओं को चलाया जा रहा है। हमारी आधी आबादी स्वस्थ, पोषित और सुरक्षित रहेंगी। उन्हें शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक रूप में मजबूती मिलेगी तो समाज, राज्य और देश आगे बढ़ेगा।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| वृष | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| धनु | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का एक दिवसीय झारखंड दौरा

# स्वदेशी आंदोलन को बनायें जनांदोलन, पूरा होगा आत्मनिर्भर भारत का संकल्प: अरुण सिंह




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री, मुख्यालय प्रभारी और सांसद अरुण सिंह गुरुवार को अपने एक दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर झारखंड पहुंचे। उन्होंने युवा मोर्चा की जीडी गोयनका स्कूल नामकुम में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। परिसर में वृक्ष लगाये, प्रदेश कार्यालय में आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान की कार्यशाला को संबोधित किया। रातू रोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

प्रदेश कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर प्रदेश भाजपा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि अरुण सिंह शामिल हुए। कार्यशाला में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, अभियान की प्रदेश टीम, जिला टीम, प्रदेश पदाधिकारी, सहित जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी गण शामिल हुए। संचालन प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रदेश संयोजक मनोज कुमार सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन गंगोत्री कुजूर ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अरुण सिंह ने कहा कि भाजपा समाज के साथ मिलकर स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाओ का अभियान आगामी 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलायेगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का रास्ता स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने से ही मजबूत होता है। स्वदेशी का अर्थ वह उत्पाद जिसमें भारतीय लोगों का पसीना बहा हो। जिसमें भारत की मिट्टी का सुगंध हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वोकल फॉर लोकल का आह्वान आत्मनिर्भर भारत की कुंजी है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान भारत को तीसरी और दूसरी अर्थव्यवस्था बनाने के मार्ग को तेज गति से प्रशस्त करेगा। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि देश आज आर्थिक आजादी की लड़ाई भाजपा के नेतृत्व में लड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके ध्वजवाहक हैं। अटल जी के नेतृत्व में भारत ने सामरिक रूप से आजादी पायी थी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व भारत आर्थिक आजादी प्राप्त करेगा। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को सफल बनायें। उन्होंने इस अभियान के तहत होने वाले घर-घर संपर्क अभियान, हस्ताक्षर अभियान, व्यापारी, प्रोफेशनल्स सम्मेलन, स्वदेशी सेमिनार, स्वदेशी मेला, संगोष्ठी, स्कूल कॉलेज में आयोजित किये जाने वाले संकल्प कार्यक्रम की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि 1 से 25 दिसंबर तक प्रदेश भर में संकल्प यात्रा भी निकाली जायेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम सिन्हा ने कार्यशाला में जीएसटी के सुधारों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में डॉ प्रदीप वर्मा, आदित्य साहू, राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, आरती कुजूर, भानु प्रताप शाही, बड़कुंवर गगराई, गणेश मिश्र, मुन्ना मिश्र, सरोज सिंह, मुनेश्वर साहू, दुर्गा मरांडी, मनोज महतो, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, राहुल अवस्थी, विधायक राज सिन्हा, पूर्व विधायक बिरांची नारायण, राकेश भास्कर, रजनीश पांडेय सहित अभियान से जुड़े जिलों की टीम शामिल थे।

### स्वदेशी आंदोलन के एंबेसडर बनें भाजपा कार्यकर्ता: बाबूलाल मरांडी

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश के प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर भारत के एंबेसडर बनें। घर-घर जाएं और अभियान को सफल बनायें।





झारखंड के पूर्व मंत्री एवं सदस्य समन्वय समिति बंधु तिर्की अपने दिल्ली प्रवास के दौरान इंदिरा भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति अध्यक्ष राजेंद्र गौतम से मिलकर उन्हें गुलदस्ता सौंपा और संगठन सृजन अभियान पर विशेष चर्चा की। साथ ही झारखंड राज्य में गठबंधन सरकार और कांग्रेस की वर्तमान स्थिति पर विचार विमर्श किया।

## खंडहर बनी उम्मीदें : परसिया का 'आदर्श' भवन बना सिस्टम की अनदेखी का आइना

# मैं जनता की सेवा के लिए बना था, मुझे बचा लो

सुनील भंडारी

**धनबाद/परसिया (आजाद सिपाही)।** कभी गांव की उम्मीदों का केंद्र रहा आदर्श ग्राम संसद कला संस्कृति भवन आज अपने टूटे छज्जों, उखड़ी दीवारों और मवेशियों की बैठकी में तब्दील होकर खुद अपनी बर्बादी की कहानी बयां कर रहा है। 2012-13 में जिस सपने को गोद लेकर आदर्श ग्राम के रूप में गढ़ा गया था, आज वह सपना ही सवाल बनकर शासन-प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों की आंखों में धूल झोंक रहा है। करीब एक करोड़ की लागत से बना यह भवन 2015 में तैयार हुआ। मकसद था गांव के युवाओं को कला, संस्कृति, खेल और सामुदायिक आयोजनों के लिए एक मंच देना। जब तत्कालीन मंत्री मन्नान मल्लिक ने इसे गोद लिया और शिलान्यास किया था, तब गांव में उत्सव जैसा माहौल था। हर किसी को लगा था कि अब परसिया का भाग्य बदलने वाला है। लेकिन 10 साल में ही भवन की दीवारें जवाब दे चुकी हैं। दरवाजे और पंखे चोरी हो चुके हैं, छतें टपक रही हैं, खिड़कियां टूट चुकी हैं और भीतर अब गांव के मवेशी आराम फरमाते हैं। यह वही भवन है, जिसकी नींव में जनता के खून-पसीने से कमाये गये पैसे से चुकाया गया टैक्स और सरकार की योजनाओं की नीयत जुड़ी है।



**जिम्मेदार कौन? :** इसमें क्या दोष सिर्फ सरकार का है, या फिर उस सरकारी तंत्र का, जिसने निर्माण के बाद इसे संवारा तक नहीं, या पंचायत प्रतिनिधियों का, जिन्हें इसकी देखरेख की जिम्मेदारी लेनी थी? सवाल तो ये भी है कि निर्माण के बाद इसे किसी विभाग को हैंडओवर क्यों नहीं किया गया? क्यों नहीं किसी ने इसकी उपयोगिता सुनिश्चित की? क्यों बना दिया गया इसे बिना भविष्य की योजना के?

**यह रुसवाई है या भ्रष्ट तंत्र की शोहरत? :** यह सिर्फ एक इमारत की बर्बादी नहीं, बल्कि करोड़ों की सरकारी राशि के दुरुपयोग की एक जीती-जागती मिसाल है। यह एक गांव के साथ धोखा है, एक पीढ़ी की उम्मीदों की कब्रगाह है। अगर योजनाएं यूं ही कागजों में आदर्श बनती रहीं और जमीन पर खंडहर में तब्दील होती रहीं, तो विकास महज एक जुमला बनकर रह जायेगा।

मुखिया प्रतिनिधि हीरालाल दास का कहना है यह भवन हमारे कार्यकाल में नहीं बना है हमसे जो पहले यहां के मुखिया थे उनके कार्यकाल में बना है आप आगे की जानकारी उनसे ले सकते हैं।

### अब सवाल जनता का है-जवाब देगा कौन?

क्या जिला प्रशासन की आंखें कभी इस ओर खुलेंगी? क्या पंचायत प्रतिनिधि इसे मवेशियों से आजाद कर फिर से जनता को सौंपेंगे? या यह भवन भी उस लंबी लिस्ट में शामिल हो जायेगा, जहां सरकारी योजनाएं शुरू होकर दम तोड़ देती हैं? परसिया पंचायत का यह भवन अब एक प्रतीक बन चुका है—प्रशासनिक अनदेखी, लचर योजना प्रबंधन और बेपरवाह प्रतिनिधित्व का और सबसे बड़ी बात यह है कि ये इमारत अब भी चुप नहीं है। हर टूटी ईंट, हर उखड़ी दीवार और हर उखड़ा दरवाजा चीख-चीख कर कह रहा है, मैं जनता की सेवा के लिए बना था... मुझे बचा लो। आदर्श ग्राम की परिकल्पना आज खंडहर ग्राम में बदल चुकी है। इस भवन की बर्बादी सिर्फ परसिया पंचायत की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विफलता की तस्वीर है। अब देखना यह है कि क्या सरकारी मशीनरी इस इमारत की कराह को सुनेगी या यह भवन आने वाले सालों तक यूं ही अपने उजाले के सपनों को अंधेरों में समेटे अकेले रोता रहेगा। इस भवन का वर्तमान हाल सिर्फ एक ईंट-पत्थर की बर्बादी नहीं, बल्कि जनता के साथ हुआ छलावा है।

### क्या कहते हैं इलाके के लोग



जिला परिषद प्रत्याशी साधु महतो ने कहा कि आदर्श ग्राम योजना के तहत 2010 में परसिया गांव को तत्कालीन पशुपालन मंत्री मन्नान मल्लिक ने गोद लिया था। उसी के तहत लघु सिंचाई विभाग द्वारा करोड़ों की लागत से बना आदर्श ग्राम संसद भवन 2015 में तैयार कर दिया गया, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों और प्रखंड अधिकारियों की घोर लापरवाही से यह भवन खंडहर बन गया। अगर इस भवन को युवाओं के लिए खोल दिया जाता, तो यहां आज हर हफ्ते कार्यक्रम होते। लेकिन सरकारी सिस्टम ने इसे अकेला मरने के लिए छोड़ दिया।

## डीसी ने कृषि, पशुपालन मत्स्य और उद्यान विभागों की समीक्षा की

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान विभाग एवं संबद्ध विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, जिनमें किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), बीज वितरण, डेयरी, पशुधन विकास, कृत्रिम गभार्धान, टीकाकरण, मत्स्य पालन में केज कल्चर एवं अन्य योजना, हॉर्टिकल्चर, उद्यान विकास, अर्बन फार्मिंग एवं किसान समृद्धि योजना प्रमुख रूप से शामिल रही। समीक्षा के दौरान खरीफ एवं रवि फसलों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में रवि फसलों की डिमांड भेजे जाने की जानकारी दी गयी, वहीं मूंगफली आच्छादन में कमी पायी गयी। उपायुक्त ने केसीसी योजना की स्वीकृति में तेजी लाने हेतु एलडीएम को बैंकों से समन्वय स्थापित करने तथा आवेदनों की स्वीकृति दर बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बीटीएम को सर्वे प्रोग्रेस में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर करा दी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार

**पुलिस ने मृतक का सिम, बबिता देवी का एटीएम कार्ड, कपड़े, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, खून लगा पत्थर बरामद किया गया है**

संजीव/अमित




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** महिला ने अपने प्रेमी और उसके भाई की मदद से अपने पति की हत्या करवा दी। पुलिस ने पति की हत्या के आरोप में पत्नी, उसके पड़ोस में रहने वाले प्रेमी और चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवक की हत्या पत्थर से कुचलकर की गयी थी और बुधवार की सुबह उसका शव जिले के तिलैया डैम ओपी अंतर्गत सिंगारडीह खेल मैदान से बरामद किया गया था। घटना तिलैया डैम ओपी अंतर्गत जमकट्टी गांव की है। मृतक की पहचान हड़ाही पंचायत के चमगुदो खुर्द निवासी 30 वर्षीय गोवर्धन साव उर्फ मोदी साव के रूप में की गयी थी।

इस बाबत डीएसपी मुख्यालय रतिभान सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल तथा लोकेशन के आधार पर उसके गांव के ही अजय पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गयी। पूछताछ में अजय ने कबूल कर लिया कि उसने अपने चचेरे भाई अनिकेत पासवान के साथ मिलकर गोवर्धन की हत्या की थी। उसने बताया कि यह सब उसने गोवर्धन की पत्नी बबिता के कहने पर ही किया। बबीता ने इसके लिए उसे पैसे देने की भी बात की थी। अजय पासवान (20, पिता राजकुमार पासवान) और गोवर्धन की पत्नी बबिता के बीच अवैध संबंध है। बबिता ने अजय को बताया था कि गोवर्धन आये दिन शराब पीकर रात को घर आता है और उसके साथ मारपीट करता है। इससे वह तंग आ चुकी थी। आखिरकार इन तीनों ने योजना बनाकर गोवर्धन को सिंगारडीह की ओर ले जाकर उसकी हत्या कर दी। इधर, अजय के बयान के बाद पुलिस ने उसके भाई अनिकेत और मृतक की पत्नी बबिता को भी गिरफ्तार कर लिया। गोवर्धन साव की बबिता से साल 2016 में शादी हुई थी। वह चंदवारा थाना क्षेत्र स्थित एफसीआई गोदाम में मजदूरी करता था और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। मामले में मृतक का सिम, बबिता देवी का एटीएम कार्ड, कपड़े, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, खून लगा पत्थर बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक रतिभान सिंह, पुलिस निरीक्षक सुजीत कुमार, पुअनि प्रेम कुमार, अभिमन्यु पड़िहारी, धनेश्वर कुमार और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# महेशरा मध्य विद्यालय में बंदरों का आतंक, दर्जनभर बच्चे घायल



**वन विभाग मौन, अभिभावक में दहशत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दारू(हजारीबाग)।** दारू प्रखंड के जिनगा पंचायत स्थित महेशरा मध्य विद्यालय में पिछले एक महीने से लगातार दो बंदरों का आतंक से स्कूली बच्चे और अभिभावक दहशत में है। बंदर स्कूली बच्चों पर लगातार हमला कर रहे हैं। अचानक झपट्टा मारकर ये बंदर बच्चों को नुकीले नाखूनों और दांतों से घायल कर देते हैं। अब तक दर्जनभर से अधिक छात्र-छात्राएं इनके हमले का शिकार हो चुके हैं। स्कूल जाने के दौरान एनएच-522 मार्ग से होकर गुजरने वाले बच्चों पर भी बंदरों का हमला हो रहा है। मध्यान्ह भोजन के समय तो ये बंदर स्कूल परिसर में घुसकर किचन तक पहुंच जाते हैं और बच्चों को निशाना बनाते हैं। गुरुवार को महेशरा की निक्की कुमारी, अनि कुमारी और जिनगा के रौनक गोस्वामी समेत कई बच्चे घायल हो गये। लगातार हो रहे हमलों से जिनगा, महेशरा, कवालू, रामदेव खरिका, हुटपा, हरली समेत कई गांवों के बच्चे दहशत में हैं। अभिभावकों ने बताया कि बंदरों के काटने के बाद बच्चों को डॉक्टर के पास ले जाकर इंजेक्शन दिलाना पड़ रहा है, वन विभाग अब तक पूरी तरह मौन है। सोशल मीडिया और अखबारों में लगातार खबरें वायरल हो रही हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### बंदरों के हमले से लोग हो रहे हैं घायल

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड में चार आवारा बंदरों से लोग परेशान है। ये बंदर कई लोगों को काटकर कर और नोच कर जख्मी बना दिया है, तो कई लोगों के घरों में जाकर उत्पात मचा रहे हैं। ये चारो बंदर अलग-अलग स्थान में उत्पात मचा रहे हैं। ये किसी न किसी व्यक्ति के माथे में बैठ जाते है, और शरारती करने लगते है। लोग जब बंदर से बचना चाहते हैं, तो उसे काट देते हैं।मनोज गुप्ता ने बताया ये बंदर बड़कागांव चौक में भी उत्पात मचा रखा है।कई लोगों के दुकान में बैठ जाते है, ग्राहक डर कर भाग जा रहे हैं। फल विक्रेता दीपक कुमार, मनोज कुमार ने बताया कि आवारा बंदर कभी भी आकर फल लेकर चला जाता है। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ ज्यादा करता है। बड़कागांव चौक में बस ठहराव के पास 15 सितंबर को बिलासो देवी के हाथ में एक बंदर काट दिया। 13 सितंबर को बड़कागांव दैनिक बाजार स्थित बसरिया मोहल्ला रोड में विनीता कुमारी के हाथ में एक बंदर काट दिया। उक्त महिला चेपा खुर्द से बाजार आ रही थी। इसके अलावा पिछले माह अंबेडकर मोहल्ला में हरेंद्र भुइयां की पत्नी को काटकर जख्मी बना कर दिया था, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गयीं थीं।

## जीएम इवनिंग कॉलेज के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



इचाक (आजाद सिपाही)। जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय इचाक में स्नातक सेमेस्टर सिक्स के भूगोल विषय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत एशिया का सबसे गर्म जल कुंड सूर्यकुंड का सर्वेक्षण कराया गया। सर्वेक्षण महाविद्यालय के भूगोल शिक्षक संजीत कुमार यादव की निगरानी में संपन्न कराया गया। शिक्षक ने विद्यार्थियों को सर्वेक्षण के दौरान इस गर्म जलकुंड का जल इतना गर्म क्यों होता है और इस क्षेत्र का प्राकृतिक, भौगोलिक परिवेश कैसा है यह पूरी जानकारी दी। जमीन के नीचे का पानी आम तौर पर बाहरी वातावरण से अलग-थलग रहता है, इसलिए उसका तापमान मौसम के अनुसार बहुत बदलता नहीं है। प्राचार्य विनय कुमार ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी और महाविद्यालय से उन्हें भ्रमण के लिए रवाना किया।

## एनटीपीसी ने 300 सोलर लैंप का वितरण किया



केरेडारी (आजाद सिपाही)। संघर्ष समिति के पहल पर एनटीपीसी के सौजन्य से ग्राम के उत्क्रमित मध्य जोरदाग व आगर टोला विधालय में छात्र छात्रों के बीच 300 सोलर लैंप का वितरण किया गया। इस मौके पर केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा दिये गये। सोलर लैंप विद्यालय में छात्र छात्रों के पढ़ाई में अवश्य मददगार साबित होगा। वहीं बच्चे लाइट पाकर काफी खुश दिखे। आगे प्रमुख ने कहा कि आगर टोला विधलाय में पानी का अभाव के कारण बच्चे को कुएं से पानी लाकर प्यास बुझाते है। इस विद्यालय कैंपस के अंदर पानी बोरवेल की सुविधा करने का मांग की है। इस मौके पर अखिलेश पासवान, कालो राम, अनिल मुंडा कृष्ण कुमार गुप्ता के अलावा एनटीपीसी के अधिकारी मौजूद थे।

## पूर्व सांसद ने अवधेश पाठक के निधन पर जताया शोक, परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया



टाटीझरिया (आजाद सिपाही) । पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय गुरूवार को खंभवा पहुंचकर प्रसिद्ध ज्योतिषज्ञ, कर्मकांडी अवधेश निर्मलेश पाठक के असमायिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट किया व शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। उन्होंने कहा कि उनकी असामयिक निधन से मैं काफी मर्माहत हूं। उनके निधन की खबर सुना तो विश्वास ही नहीं हुआ। उन्होंने उनकी पत्नी निर्मला देवी, पुत्र आलोक पाठक, अभिषेक पाठक, पुत्री संगीता कुमारी को ढाढस बंधाया। वे काफी देर तक उनके कृति-ख्याति का विश्लेषण कर अफसोस जाहिर किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मिथिलेश कुमार पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, अरूण कुमार सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, चंद्रशेखर सिंह, विनय भूषण महतो, राजेंद्र दूबे, ब्रजनंदन पाठक, प्रिंस सिंह, रवींद्र सिंह, जीतन महतो आदि शामिल रहे।

## दस दिनों से ट्रांसफार्मर खराब, गांव में ब्लैक आउट

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। डोमचांच बिजली फीडर अंतर्गत विंडोमोह गांव में ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण पिछले दस दिनों से पूरे गांव में ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। ट्रांसफार्मर की स्थिति पूरी तरह जर्जर हो जाने के कारण हमेशा लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। लो वोल्टेज के कारण पंखे व बल्ब नहीं जलने के कारण पूरे गांव इस समस्या से जूझ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। मांग करने वाले अफजल खान, नवाब खान, जाबिर खान, आफताब आलम, नईम खान, मोईन खान, चिंटू खान, नसीम खान, फूलटून खान के नाम शामिल है।

## मंडल कारा में मशरूम खेती प्रशिक्षण का संपन्न



कोडरमा (आजाद सिपाही)। मंडल कारा, कोडरमा में 8 से 18 सितम्बर तक आयोजित 10 दिवसीय मशरूम खेती प्रशिक्षण का गुरुवार को सफल समापन हुआ। समापन समारोह में उप विकास आयुक्त रवि जैन मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। श्री जैन ने कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण से बंदियों को आत्मनिर्भर बनने के साथ समाज में पुनर्वास का मार्ग भी प्रशस्त होता है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को उत्पादन, तकनीक और विपणन संबंधी जानकारी दी।

# दो वाहनों में टक्कर के बाद लगी आग चालक की जलकर मौत होने की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कोनहारा खुर्द जीटी रोड पर दो वाहनों के बीच भीषण टक्कर के बाद आग लग गयी। वहीं चालक की आग में जलकर मौत हो जाने की आशंका जतायी जा रही है। घटना गुरुवार देर शाम की है। ग्रामीणों के मुताबिक कोनहारा खुर्द ओवरब्रिज के पास एक हाइवा ट्रेलर गिट्टी लोड कर बरही की ओर जा रही थी। वहीं दूसरा ट्रेलर संख्या एनएल 01एए3712 बगोदर की ओर जा रही थी। इसी बीच दोनों वाहनों के बीच सीधी भिड़ंत हो गयी। जिससे दोनों वाहनों में आग गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक वाहन का चालक निकल कर भाग गया लेकिन दुसरे वाहन के चालक को गाड़ी से उतरते नहीं देखा गया। आशंका जतायी जा रही है कि गाड़ी में ही चालक की जलकर ही मौत हो गयी। ग्रामीणों के मानें तो सिक्सलेन चौड़ीकरण कार्य करा रही राजकेशरी कंपनी की लापरवाही से यह घटनायें घट रही हैं। रोड को वन-वे कर दिया गया है। कंपनी की लापरवाही के कारण अब-तक कई लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। घटना के बाद ग्रामीणों में काफी रोष देखा गया।

# जिला, प्रखंड, पंचायत तथा बूथ स्तर तक संगठन को करें मजबूत : के राजू

**जिला अध्यक्षों और जिला पर्यवेक्षकों को दिये गये टास्क**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** संगठन सृजन 2025 के अंतर्गत गुरुवार को उत्तरी छोटानागपुर के सभी जिला कांग्रेस अध्यक्षों, जिला पर्यवेक्षकों, जीपीसीसी पर्यवेक्षकों और यूएलबी पर्यवेक्षकों के साथ हजारीबाग सर्किट हाउस में जीपीसीसी और नगर समितियों के गठन पर चर्चा हेतु समिक्षा बैठक का आयोजन किया गया गया। इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी कार्यकारिणी स्थाई आमंत्रित सदस्य सह झारखंड के प्रभारी के राजू और सात जिलों के अध्यक्ष व पर्यवेक्षक उपस्थित हुए। इस समिक्षा बैठक में प्रदेश प्रभारी के राजू के द्वारा सभी जिला अध्यक्ष तथा सभी जिला पर्यवेक्षक को जिला, प्रखंड, पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी के संगठन को युद्ध स्तर पर मजबूत बनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि जिस तरह से प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी देश के संविधान को बचाने का प्रयास कर रहें, यदि हमारा कांग्रेस का संगठन सशक्त होगा तभी हम बाबा साहब के बनाए हुए संविधान की रक्षा में कामयाब होंगे। समीक्षा बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, केएन त्रिपाठी, जयप्रकाश भाई पटेल, जलेश्वर महतो, विधायक अनूप सिंह, श्वेता सिंह, ममता देवी, सुर्य कांत शुक्ला, शहजादा अनवर, राजीव रंजन प्रसाद, रविंद्र सिंह, अशोक चौधरी, भीम कुमार, अजय दुबे, अनुपमा सिंह, अमूल निरज खलको, जिला अध्यक्षों में शैलेंद्र कु यादव, संतोष कुमार सिंह, भागीरथ पासवान, धनंजय, संतोष, मुन्ना आदि उपस्थित थे।

## 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान शुरू

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के समुदायिक स्वास्थ केंद्र मरकच्चो में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ बीडीओ हुलास महतो, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा. मोनिका मिश्रा व मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वालित व फीता काट कर किया। उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा। प्रभारी सह चिकित्सा प्रभारी डा. मोनिका मिश्रा ने बताया कि राष्ट्र व्यापी सघन अभियान का उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर महिला केंद्रित निवारक, उपचारात्मक स्वास्थ सेवाएं प्रदान करना है। इस अभियान के तहत प्रसव पूर्व देखभाल, टीकाकरण, पोषण, मासिक धर्म स्वक्षता और मानसिक स्वास्थ जागरूकता गतिविधियों से मातृ, शिशु एवं किशोर को बढ़ावा देना है।

### 34वें स्थापना दिवस पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने रचा इतिहास

# शिक्षा जगत में नयी ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है विभावि: पूर्व सांसद

**ज्ञान का दीप 34 वर्षों से प्रज्वलित कर रहा है विनोबा भावे विश्वविद्यालय: भुवनेश्वर मेहता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय का 34वां स्थापना दिवस ऐतिहासिक उत्साह और भव्यता के साथ विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि यह दिन न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है।

पूर्व सांसद ने बताया कि एकीकृत बिहार के दौर में विनोबा भावे विश्वविद्यालय की स्थापना करवाने में उन्होंने अहम भूमिका निभायी थी। उन्होंने याद किया कि वर्ष 1991 में हजारीबाग से पहली बार सांसद निर्वाचित होने के बाद, वर्ष 1992 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से मुलाकात कर विश्वविद्यालय की खुलवाने की पहल की गयी।

भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि उनके नेतृत्व में लगभग 300 प्राध्यापक और 1000 छात्र पटना जाकर लालू प्रसाद यादव से मिले थे। प्रतिनिधिमंडल की मांग को तत्कालीन मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया और शीघ्र ही प्रो. विनोदिनी तरवे को कुलपति नियुक्त कर विश्वविद्यालय का शुभारंभ कराया।

मेहता ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में यह विश्वविद्यालय और ऊंचाइयां हासिल करे तथा राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित करे।

# ग्रिजली विद्यालय के विद्यार्थियों ने कोडरमा और झारखंड का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा: डॉ नीरा

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय विजेताओं और क्वालिफायर्स को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा ।** ग्रिजली विद्यालय द्वारा शिव वाटिका में विद्यालय के राष्ट्रीय विजेता और क्वालिफायर्स खिलाड़ियों के सम्मान में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि ग्रिजली विद्यालय के विद्यार्थियों ने कोडरमा और झारखंड का नाम राष्ट्रीय पटल पर स्वर्णिम अक्षरों में लिखा है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास सिखाता है। इन छात्रों की सफलता यह साबित करती है कि यदि अवसर और मार्गदर्शन सही मिले तो छोटे शहरों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकते हैं। विद्यालय प्रशासन और प्रशिक्षकों का यह प्रयास सराहनीय है।

ग्रिजली विद्यालय की अंडर-14 खो-खो टीम ने कोच सुनील कुमार साव के मार्गदर्शन में सीबीएसई क्लस्टर टूर्नामेंट जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया और राष्ट्रीय चैंपियन बनी। इस विजेता टीम में अजीत कुमार, आयुष कुमार, राजदीप सोलंकी, अनमोल, अंश राज सिंह, सतीश, कौशल मंडल, हिमांशु, लक्ष राज, विकास, समर प्रताप सिंह और पियूष रंजन शामिल रहे। एथलेटिक्स में अभिषेक कुमार ने कोच प्रीतम हरि के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहले एसजीएफआई ओपन नेशनल चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और फिर इंडो नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय और जिले का मान बढ़ाया। इसके अलावा ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने योगा, जूडो और ताइक्वांडो में भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित की और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। संचालन नेहा, दीपिका ने मनीषा चंद्रा के मार्गदर्शन में किया। इस दौरान राष्ट्रीय विजेताओं और क्वालिफायर्स को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों ने मीडिया के साथ अपने अनुभव साझा किए और सफलता की कहानियां सुनाईं। मौके पर प्रदीप केडिया, श्यामसुंदर सिंघानिया, मधुसूदन दरुका, संतोष सिन्हा, कृष्ण कुमार सिंह, महेश दरुका, प्रमोद शर्मा, अनिल, रितेश, सुनील, ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की उपनिदेशिका डॉ संजीता कुमारी और ग्रिजली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या नीरजा सहित अन्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें दीं।

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, इससे जरूरतमंद की जिंदगी बचायी जा सकती है : डॉ नीरा



कोडरमा (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत कोडरमा भाजपा ने गुरुवार को सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें दर्जनों युवाओं ने भाग लिया। शिविर में विधायक डॉ नीरा यादव मुख्य रूप से शामिल हुईं। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इससे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा आज से शुरू होकर दो अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही उनके जीवन मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विनय मोदी, नगर महामंत्री संजय पासवान, मिंटू सिंह, श्यामदेव सिंह समेत अन्य ने रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदाताओं के बीच फल, बिस्कुट, फ्रूटी का वितरण किया गया। मौके पर डीएस डॉ रंजीत कुमार, कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ नेता रमेश सिंह, शिवेंद्र नारायण, मनोज कुमार झुन्नू, गोपाल कु गुतुल, सुनील पंडित, सुधीर सेठ, उत्तम कुमार, रेड क्रॉस सोसायटी अध्यक्ष अजीत बर्णवाल, भाजपा नेता बैजनाथ यादव, राजेश सिंह, चंद्रशेखर जोशी, दिनेश, हरि, भगवानदास, सुजीत, गणेश आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में कपड़ा दुकान में चोरी

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ खरना मार्ग स्थित पानी टंकी के समीप प्रजापति वस्त्रालय में बीती रात चोरी हो गयी। इस संबंध में प्रदीप वस्त्रालय के मालिक नेमा पंडित ने विष्णुगढ़ पुलिस को घटना की जानकारी दी है। कहा है कि अन्य दिनों की भांति दुकान बंद कर बीती रात घर चला गया। दूसरे दिन वापिस लौट कर आया तो देखा कि ऊपर का करकेट शीट टूटा हुआ है। संभवतः दुकान के गल्ले में रखा दस हजार रुपये व पच्चीस हजार रुपये के कपड़े की चोरी कर ली गयी।

## नेत्र और दंत जांच शिविर का आयोजन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं मिशन होस्पिटल द्वारा गुरूवार को पेलावाल स्थित उर्दू स्कूल में निशुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर लगाया गया। जिसमें नेत्र 30 और 40 लोगों ने दांत का जांच एवं उपचार करवाकर शिविर का लाभ उठाया। मुख्य रूप से हजारीबाग डेंटल कॉलेज के डॉ. कृष्णा राज, डॉ प्रियांशु कुमार, डॉ अवनि सिंह, डॉ नंदिता सिंह, पीआरओ राज कुमार दास ने सराहनीय भुमिका निभायी।

## लवली बस स्ट्रीट लाइट के खंभे से टकरायी, कई घायल

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव थाना क्षेत्र के हजारीबाग रोड स्थित पंकरी बरवाडीह भोक्ता स्थान में एक हाईवा का चकमा देने से लवली बस स्ट्रीट लाइट के खंभे से टकरा गया। जिसमें दर्जनों यात्री घायल हो गये। इन घायलो में से बस कंडक्टर मोहम्मद अफरीदी पिता मोहम्मद नईम गंभीर रूप से घायल है। यह घटना गुरुवार 8:00 बजे सुबह की है। यात्रियों के अनुसार लवली बस बड़कागांव से हजारीबाग जा रही थी। गनीमत रही कि उक्त बस गाड़ी पलटी नहीं, वरना नीचे लगभग आठ -दस फिट गड्ढे में जा गिरती वहीं बगल में बिजली पोल में बस अटक गयी।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
05

## पतरातू सहित आसपास क्षेत्रों में धूमधाम से मनायी गयी विश्वकर्मा पूजा



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू सहित आसपास के क्षेत्रों में पीवीयूएनएल प्लांट, डीजल शेड, पतरातू कैरेज एंड वैगन सहित अन्य विभिन्न स्थलों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना विधि विधान से की गयी। इस मौके पर पीवीयूएनएल के काजल आचार्य जैसी पंडा हरिशंकर प्रभात सुमित दास आदि मौजूद थे।

## पतरातू पुलिस ने पांडे गिरोह के सक्रिय सदस्य सुनील धाबी को पकड़ा



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू पुलिस ने पांडे गिरोह के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। इसकी जानकारी पतरातू के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी ने अनुमंडल पुलिस कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर दिया है। पतरातू के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला के पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि भुरकुंडा थाना कांड संख्या 70/ 22 दिनांक 20-4-2022 धारा 385, 387, 435 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट तथा पलामू के चैनपुर थाना कांड संख्या 03/25 दिनांक 6.1.2025 धारा 190,191 (1), 191 (3), 322 ए, 109, 103 (1), 61(2), 112(2), बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के अभियुक्त सुनील धोबी जयनगर थाना पतरातू वर्तमान में पतरातू और भुरकुंडा में किसी अपराध को अंजाम देने के फिराक में था। उक्त सूचना के आधार पर जिला के पुलिस अधीक्षक के द्वारा पतरातू के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। उक्त छापामारी दल ने एसडीपीओ पतरातू के नेतृत्व में तत्काल कार्रवाई करते हुए 16 सितंबर को सुनील दुबे को पतरातू थाना के जयनगर ग्राम से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। एसडीपीओ ने बताया की पुलिस द्वारा सुनील धोबी को पकड़ने के क्रम में 8 फीट का दीवार फांद दिया। परंतु पुलिस ने धर दबोचा। एसडीपीओ ने बताया की सुनील धोबी पर पतरातू पुलिस सर्किल क्षेत्र में 10 से अधिक मामले दर्ज है। इसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस के छापामारी दल में पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार एसआइ कुणाल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत, तीन छात्रा घायल

भदानीनगर (आजाद सिपाही)। भदानीनगर चिकोर दुमहान गढ़ा स्थित सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, वहीं तीन स्कूली छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार को ज्ञान ज्योति विधालय में छुट्टी के बाद काशी प्रजापति अपने मोटरसाइकिल से अपनी बेटी पुनम कुमारी, संजू कुमारी और रिंकू कुमारी पिता प्रयाग प्रजापति के बेटी को एक ही मोटरसाइकिल पर बैठाकर घर की ओर जा रहे थे इस बीच मोटरसाइकिल तेज रफ्तार के कारण चिकोर दुमहान गढ़ा के अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल सभी घायल को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर अनूप टोप्पो सीएमओ ने इलाज के दौरान काशी प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सभी छात्रों को रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। बताते चलें कि घायलों को तत्काल इलाज के लिए एम्बुलेंस को कॉल किया गया, लेकिन मतकमा रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने के कारण एम्बुलेंस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को मोटरसाइकिल पर दुमहान गढ़ा से मतकमा रेलवे क्रॉसिंग लाया गया। इसके बाद एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।

## पीएम मोदी सशक्त भारत के महान शिल्पकार : जगेश्वर प्रजापति



कुजू (आजाद सिपाही)। पीएम नरेंद्र मोदी सशक्त भारत के महान शिल्पकार हैं। जिन्होंने देश को केवल आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से ही नहीं एवं सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त बनाया है। उक्त बातें भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी का 75वें जन्मोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोंगावार में कही। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर भारत के महान शिल्पकार के रूप में भारत को एक नए युग की ओर ले जाने में अहम भूमिका अदा कर रहे है। पीएम मोदी की सभी योजना से गरीब तबका और मध्यम वर्ग सीधा लाभान्वित है। इससे पूर्व, कार्यकताओं ने पीएम मोदी की राजनीतिक और संघर्षपूर्ण जीवन गाथा से अवगत कराया। साथ ही, फल का वितरण कर दीघार्यु होने की कामना कर जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, दशरथ प्रसाद केसरी, सुखदेव सोनी, डिंपल प्रजापति, वीणा कुमारी, शांति देवी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुमन देवी, पूनम देवी, रीना देवी, सुमित्रा देवी, सावित्री देवी, लक्ष्मी देवी, यशोदा देवी, मुनिता देवी, मीना देवी, गुड़िया देवी, उषा देवी समेत भाजपाई शामिल रहे।

## रेल टेका आंदोलन कुर्मी समाज के अस्तित्व की लड़ाई : तिवारी महतो



कुजू (आजाद सिपाही)। मांडू विधायक तिवारी महतो ने गुरुवार को मुरपा स्थित विधायक आवास पर प्रेस वार्ता की। वार्ता के दौरान उन्होंने आगामी 20 सितंबर को होने वाले रेल टेका आंदोलन में समाज के लोगों से अपने हक और अधिकार के लिए बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। साथ ही, अपनी एकजुटता एवं रणनीति से अवगत कराते हुए घर घर जाकर एक मुट्ठी चावल और सहयोग राशि की मांग करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर हाल में समाज को एसटी का दर्जा देने का कार्य करे। कहा कि सरकार को यह सांकेतिक आंदोलन ऐतिहासिक के साथ-साथ हमारी पहचान एवं अस्तित्व बतायेगा। उन्होंने विरोधियों से भी समर्थन की मांग की है। साथ ही, आजसू पार्टी से मिला समर्थन पर आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि नरेश महतो, हेमलाल महतो, लालचंद महतो, उमेशचंद्र पटेल, पारस महतो, तेजनाथ महतो, कोलेश्वर महतो, जगदीश आडवानी, रामवृक्ष महतो, जयकिशोर महतो, फिरंगी महतो शामिल रहे।

# छत्तरमांडू में खाद्यान्न कटौती के खिलाफ सड़क पर उतरे ग्रामीण

### 7 दिन में खाद्यान्न आपूर्ति का मिला आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ प्रखंड के अंतर्गत छत्तरमांडू गांव में खाद्यान्न की कटौती को लेकर ग्रामीणों ने गुस्सा जाहिर किया। गुरुवार को ग्रामीण सड़क पर उतर आये और राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही रामगढ़ अंचल अधिकारी रमेश रविदास पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया। इसके बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोपो मौके पर पहुंची। उन्होंने खाद्यान्न की कटौती को लेकर डीलर को जिम्मेदार बताया।

**डीलर ने किया गबन तो हुई थी प्राथमिकी :** डीएसओ ने कहा कि इस गांव में पहले से बुढ़िया मंदिर महिला मंडल को खाद्यान्न वितरण की जिम्मेदारी सौंप गई थी। लेकिन उसके सदस्यों के द्वारा खाद्यान्न की कालाबाजारी की गयी। गोदाम से अनाज गायब हुआ तो बुढ़िया मंदिर महिला मंडल के खिलाफ रामगढ़ थाने में 1 साल पहले प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी। इसके बाद सरस्वती महिला समूह को गांव में खाद्यान्न वितरण करने का प्रभार सौंपा गया। लेकिन सरस्वती महिला समूह के द्वारा भी सही तरीके से खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया। लगभग 44 प्रतिशत खाद्यान्न उनके गोदाम में स्टॉक मौजूद था। जिसकी वजह से उतना प्रतिशत खाद्यान्न की कटौती कर ही उन्हें अनाज उपलब्ध कराया जा रहा था। इस समूह को नवंबर 2024 से लेकर सितंबर 2025 तक लगातार प्रत्येक माह आवंटित खाद्यान्न में कटौती की गयी, जिसके कारण लाभुक खाद्यान्न से वंचित रहे।



### जल्द होगी ग्रामीणों के बीच खाद्यान्न की आपूर्ति

जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोपो ने बताया कि उनके द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता निदेशालय को चिट्ठी लिखी गयी है। उनसे अनुरोध किया गया है कि रद्द हुए जन वितरण प्रणाली विक्रेता बुढ़िया मंदिर महिला मंडल को खाद्यान्न आवंटित करने और कटौती रोकने हेतु निर्देश दिया जाये, ताकि ग्रामीणों के बीच खाद्यान्न वितरण में सुधार हो सके। वरीय अधिकारियों का निर्देश प्राप्त होते ही यह समस्या हल हो जायेगी।

# बीएमएल प्लांट से मजदूरों को निकाले जाने के खिलाफ बेमियादी धरना शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। प्रखंड क्षेत्र के कमता,गोला स्थित मेसर्स ब्रह्मपुत्रा मैटेलिक लिमिटेड प्लांट में कार्यरत स्थानीय एवं विस्थापित मजदूरों को प्लांट से बिना कारण काम से निकाले जाने को लेकर मजदूरों में आक्रोश व्याप्त है। जिसको लेकर प्लांट से निकाले गये स्थानीय एवं विस्थापित मजदूरों के अलावे मजदूर संगठन के सैकड़ों मजदूरों ने बृहस्पतिवार को मेसर्स ब्रह्मपुत्रा मैटेलिक लिमिटेड (बीएमएल) प्लांट के मुख्य द्वार में विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। मजदूरों को कहना है कि प्लांट में कार्यरत स्थानीय एवं विस्थापित मजदूरों को प्लांट के द्वारा हमेशा शोषण किया जाता है। शोषण के खिलाफ आवाज उठाने वाले मजदूरों को दबा दिया जाता है वहीं काम से निकाल देने की धमकी भी दी जाती है। प्लांट के द्वारा बीना कारण और बिना सूचना के दर्जनों मजदूरों को काम से निकाल दिया गया है। मजदूरों का कहना है कि जब तक से प्लांट से निकाले गए मजदूरों को काम में वापस नहीं रखा जाता है साथ ही मजदूरों की विभिन्न मांगों को प्लांट के द्वारा नहीं माना जाता है तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इधर श्रम अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा जारी लेटर पत्रांक संख्या 1183 में कहा गया है कि बीएमएल प्लांट में कार्यरत स्थानीय एवं विस्थापित मजदूरों को प्लांट के द्वारा काम से निकाले जाने के मामले को लेकर अधोहस्ताक्षरी के द्वारा 23 सितम्बर को दोपहर 1 बजे दिन में प्लांट पहुंचकर जांच पड़ताल किया जायेगा। जांच पड़ताल के दौरान स्थानीय एवं विस्थापित मजदूरों को भाग लेने को कहा गया है।



## रामगढ़ के 11 पुलिस पदाधिकारियों का हुआ तबादला

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। एसपी अजय कुमार ने 11 पुलिस पदाधिकारी का तबादला किया है। गुरुवार को जारी की गयी सूची के अनुसार भुरकुंडा ओपी में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर अविनाश कुमार को वेस्ट बोकारो ओपी, रामगढ़ थाना में पदस्थापित राजू उरांव को वेस्ट बोकारो ओपी, मंजेश कुमार को साइबर थाना, साइबर थाने में पदस्थापित ब्रह्मवत कुमार को मांडू थाना, विकास आर्यन को रामगढ़ थाना, दिगंबर पांडे को भदानीनगर ओपी, रजरप्पा थाने में पदस्थापित विकास कुमार को साइबर थाना, अखिलेश सिंह को पुलिस केंद्र, पुलिस केंद्र से सलीमुद्दीन खान को रामगढ़ थाना, संजय रजक को रजरप्पा थाना और सत्येंद्र शर्मा को वेस्ट बोकारो ओपी भेजा गया है।

## युवती ने प्रेमी का गला काटा, रिम्स रेफर

लावालौंग/ चतरा (आजाद सिपाही)। जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा के पास बक्शी गांव के समीप एक लड़की ने प्रेम प्रसंग से जुड़े मामले में अपने प्रेमी युवक का गला काटकर उसकी हत्या करने की कोशिश की। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। घायल युवक को सिमरिया रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं लड़की को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लड़की चतरा शहर के दिमाग मुहल्ला की रहने वाली है और युवक लातेहार जिले का रहने वाला है। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों चतरा से लातेहार जा रहे थे। इसी बीच लड़की ने लमटा के समीप मुख्य पथ से थोड़ा दूर अंदर इस घटना को अंजाम दे दी।

## 31 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय पैनी में 31 छात्राओं के बीच निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस मौके पर विद्यालय के सचिव मुनेश्वर यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश यादव, विधायक प्रतिनिधि राजू राणा तथा पूर्व वार्ड सदस्य प्रमोद यादव, पप्पू यादव, लड्डू यादव समेत ग्रामीण तथा विद्यालय की छात्रायें उपस्थित थे।

## घायल चौकीदार से मिले सीओ और थाना प्रभारी



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। हंटरगंज अंचलाधिकारी रितिक कुमार व थाना प्रभारी प्रभात कुमार थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के इमलियाटांड़ में बालू माफियाओं द्वारा ट्रैक्टर से किए गए घायल चौकीदार से मिलने रांची स्थित गुलमोहर हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने घायल जवान का हाल जाना। वही ईश्वर से घायल जवान की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जानकारी के अनुसार चतरा एसपी सुमित अग्रवाल के द्वारा घायल जवान के ईलाज में सहयोग किया जा रहा है। ज्ञात हो कि मंगलवार की अहले सुबह बालू माफियाओं द्वारा ट्रैक्टर से बालू के परिवहन करते धर पकड़ के लिए सीओ के साथ गए चौकीदार योगेन्द्र कुमार ट्रैक्टर से हमले में घायल हो गया था। योगेंद्र कुमार का दोनों पैर टूट गया था। घायल जवान के बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया। रांची स्थित गुलमोहर हॉस्पिटल में उसका इलाज चल रहा है।

## स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान की शुरुआत

हंटरगंज (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य नारी सशक्त नारी अभियान कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वेद प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्रम संख्या: 3663 दिनांक - 09/09/2025 प्रणेश कुमार सिंह, पिता - महेंद्र प्रताप सिंह, स्थायी पता- ग्राम, पोस्ट- पी.एस. मोहम्मदगंज, जिला पलामू, झारखंड -822120, आधार संख्या-7373 7647 1266 वर्तमान पता सी/ओ- सुरेंद्र महतो, टाटी बस्ती, सिलवाई, पी.ओ. पी.एस.- टाटीसिलवाई, जिला- रांची, झारखंड मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता हूँ:
1. कि मैं भारतीय नागरिक हूँ और उपर्युक्त पते पर रहता हूँ।
2. कि पहले मेरी बेटी का नाम 'दिव्यांशी राणा' था, जो उसके आधार संख्या-3319 3850 6942 में अंकित है। 3. कि खगोलीय कारणों से मैं उसका नाम 'कियारा सिंह' बदलना चाहता हूँ। 4. कि उसकी जन्मतिथि 28/08/2008 है। 5. कि आगे से वह 'कियारा सिंह' के नाम से जानी जाएगी। भविष्य में सभी कार्य 'कियारा सिंह' के नाम से किये जायेंगे।
6. कि मैं संबंधित प्राधिकारी द्वारा अपने आधार कार्ड में अपनी बेटी का नाम 'दिव्यांशी राणा' के स्थान पर 'कियारा सिंह' करने के लिए यह शपथ पत्र दे रहा हूँ।

## चतरा में महिला से चेन की छिनतई

चतरा (आजाद सिपाही)। शहर में महिलाओं से दिनदहाड़े चैन छिनतई की घटना बढ़ती जा रही है। चोरों को तनिक भी पुलिस का भय नहीं है। चोर बेखौफ होकर चैन छिनतई की घटना को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस इन चोरों को पकड़ने में विफल हो रही है। नगर परिषद क्षेत्र के अव्वल मुहल्ला में संचालित राजकीय मध्य विद्यालय गीता आश्रम की शिक्षिका आशा कुमारी लंच टाइम में स्कूल परिसर से कुछ काम के लिए बाहर निकलीं। वह दोपहर लगभग 1: 45 बजे जब विद्यालय में प्रवेश कर रही थी। इसी दौरान परिसर के अंदर दूसरी गेट के पास पहले से घात लगाये दो बाइक सवार अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गये। शिक्षिका के शोर मचाने पर रसोइया समेत अन्य लोगों ने चोरों का पीछा भी किया, लेकिन बगल के रास्ते चोर भागने में सफल हो गये। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, लोग सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

# महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण शिविर

### ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है: नमिता

आजाद सिपाही संवाददाता




रामगढ़। इनर व्हील क्लब रामगढ़ ने महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन मे सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर होप हॉस्पिटल की टीम ने विद्यार्थियों, स्टाफ और इनर व्हील के सदस्यों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि सीपीआर (हृदय एवं फेफड़ों को सक्रिय करने की तकनीक) हृदय गति रुकने या सांस बंद होने की स्थिति में मरीज की जान बचाने की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके अलावा सामान्य चोट लगने, बेहोशी दुर्घटना,गले में कुछ फंस जाना या अन्य आपत्ति स्थिति में तुरंत दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार का भी प्रशिक्षण दिया गया। कॉलेज के प्राचार्य ने इनर व्हील क्लब और होप अस्पताल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने कहा कि क्लब ऐसे प्रशिक्षण शिविर आगे भी लगाता रहेगा, जिससे अधिक से अधिक लोग संकट की घड़ी में दूसरे की मदद करने के लिए सक्षम बनेंगे। मौके पर रेनू मेवाड़, जनेशा वडेरा, मेघा बगरिया, नीरू साहनी, अनुराधा श्रॉफ,रंजू अग्रवाल, रंजू अरोड़ा, जसमीत कौर, नीति अरोड़ा, नवलजीत कौर पिंकी पोद्दार, गुरबक्श कौर, नयन मेवाड़ आदि मौजूद थे।

# अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आदित्य मल्होत्रा के समर्थन में चैंबर की बैठक

### कारोबारियों के मान-सम्मान से नहीं होगा समझौता : आदित्य मल्होत्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आगामी 21 सितंबर रविवार को रांची स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल में होनेवाले चुनाव को लेकर रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मतदाताओं पदाधिकारियों एवं उप समितियों के सदस्यों का रामगढ़ रांचीं रोड स्थित सिद्धिविनायक बैंक्वेट हॉल में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आदित्य मल्होत्रा एवं उनकी टीम की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ चैंबर के अध्यक्ष मंजीत सहानी व संचालन निवर्तमान अध्यक्ष एवं एफजेसीसीआई सत्र 25-26 के निर्विरोध क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन चेंबर उपाध्यक्ष अमरेश गणक ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संस्थापक सदस्य बसंत हेतमसरिया, रामगढ़ चेंबर के पूर्व अध्यक्ष गोविंदा लाला अग्रवाल, प्रदीप कुमार सिंह, अधिवक्ता आनंद अग्रवाल, राजीव चतुर्वेदी, मनजी सिंह, जितेंद्र प्रसाद डब्लू, विनय कुमार अग्रवाल, भारतीय लघु उद्योग के प्रदेश अध्यक्ष विजय मेवाड़ सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।




### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नयी पहचान दिलाने का प्रयास करेंगे

रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व अध्यक्षों विभिन्न व्यवसायी, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि समेत सैकड़ों व्यापारी उपस्थित हुए। आदित्य मल्होत्रा ने अपने टीम के उम्मीदवारों का परिचय कराते हुए कहा कि झारखंड चेंबर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने का प्रयास करेंगे उन्होंने आगे अपनी प्राथमिकता को गिनाते हुए कहा कि उनकी टीम व्यापारियों की हर स्तर की चुनौतियों को समझती है और चुनाव जीतने के बाद उसका हर निर्णय सदस्य हित में पारदर्शिता और सहभागिता के साथ लिया जायेगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं. सीकेपी-ईस्ट-25-26-33,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** बिरराजपुर में वर्तमान गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 1,85,15,374.50, **बयाना राशि:** रु.2,42,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु.0.00, **खुलने की तिथि:** दिनांक 10.10.2025, निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। **टिप्पणी:** ई-निविदा फॉर्म सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किया जाएगा (प्राधिकरण-रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। **(PR-643)**

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना क्रमांक: ई-निविदा/जीएसयू/2025/05,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है और 15.30 बजे खोली जाएगी। **निविदा सं. ई-केजीपी-जीएस-08-2025, कार्य का विवरण:** सांतरागाछी: एलिवेटेड रोड पर शेड का प्रावधान, सीलिंग, फसाड (अग्रभाग) आलोक कार्य आदि। **निविदा मूल्य:** रु.10,24,88,259.60, **बयाना राशि:** रु. 6,62,500/-, **निविदा कागजात की लागत:** रु.0.00, **खुलने की तिथि:** 07.10.2025, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह। **बोली लगाने की प्रारंभ तिथि:** 23.09.2025 से 07.10.2025 को 15.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देशों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **"www.ireps.gov.in"** देख सकते हैं। **(PR-635)**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा सूचना**

ई-खुली निविदा संख्याः-
एसजी-664-2-ई-धनबाद-2025-26

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधिः-** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के बरकाकाना ज0 (BRKA) - कुमंडी (KMND) और बरवाडीह (BRWD) - गड़वा रोड (GHD) के बीच स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का प्रावधान। खण्ड (धनबाद मंडल)। चौबिस (24) महीना। **अनुमानित लागतः** रूपये 2,53,06,84,263.73 (मात्र दो सौ तीरेपन करोड़ छः लाख चौरासी हजार दो सौ तिरेसठ और तेहतर पैसे मात्र)। **अग्रधन जो जमा करना हैः** अग्रधान राशि रूपये 1,00,00,000/- (मात्र एक करोड़ रूपये मात्र)। **निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समयः** 17/10/2025 अपराह्न 15.00 तक एवं 17/10/2025 अपराह्न 15.30 बजे। **वेब साईट विवरण एवं कार्यालय का पता (निविदा से संबंधित अतिरिक्त जानकारी या अतिरिक्त दस्तावेजों के लिए):** वेब साईट www.ireps.gov.in, **कार्यालय का पताः** 1) कार्यालय - उप-मुख्य सिगनल एवं दूर संचार अभियंता (कार्य)/द्वितीय तल, डी आर एम कार्यालय/पूर्व मध्य रेल, धनबाद, झारखण्ड-826001 2) कार्यालय - प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/ हाजीपुर, तृतीय तल, जी एम (एस0 एण्ड टी0), प्रमुख प्रबन्धक कार्यालय न्यू बिलडिंग पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर, बिहार-844102

**उप-मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य), पूर्व मध्य रेल/धनबाद**
पीआर/0969/डीएचएन/टी./उ.मु.सि. एवं दू.अ.(का.)/25-26/48

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण) का कार्यालय, पूर्व मध्य रेल, धनबाद, दिनांक: 15.09.2025**

**ई-निविदा सं0- ECR-DCE-WT-DHN-02-2025-26.**

**कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः-** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन के गोमोह-भोलीडीह सेक्शन के बीच भारतीय रेल किलोमीटर 303/9-11 पर लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 10/ए/ई के स्थान पर एलएचएस का निर्माण। (09 महीने) **कार्य की लगभग लागत (रूपये में):** 30,77,54,240.31 **ब्याने की राशि (रूपये में):** ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समयः** ई-निविदा बंद होने की तारीख 10.10.2025 को 17:00 बजे तक ई-निविदा खुलने की तारीख 10.10.2025 को 17:30 बजे। **वेबसाईट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। **नोटः-** **(i)** हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अन्तर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। **(ii)** प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www. ireps.gov.in. अवलोकन करें। **(iii)** डाक/ कूरियर/फैक्स या हाथ से भेजा गया कोई भी ई-निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा की ऐसी सभी मैन्युअल प्रस्तुति, चाहे वह फर्म के लेटर पैड पर हो या समय पर प्राप्त हो, स्वीकार नहीं की जाएगी। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज़ और पूरी जानकारी वेबसाइटः http://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य अभियन्ता (निर्माण)**
**पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**
पीआर/0966/निर्माण/डीएचएन/टी/25-26/56

# ट्रंप का दावा खारिज

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार का बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करता है। भारतीय सरकार शुरू से कहती रही है कि उसने किसी तीसरे की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की, ऐसा करना पॉलिसी का हिस्सा ही नहीं है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के बयान के बाद मई से शुरू हुई इस बहस पर विराम लग जाना चाहिए।

**भारत का रुख :** इशाक डार के इंटरव्यू से साफ होता है कि पाकिस्तान की  से अमेरिका के दखल की गुजारिश की गई थी, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि भारत किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। डार के मुताबिक, जुलाई में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से उनकी इस मसले पर फिर बात हुई थी। तब भी उन्हें अमेरिका की तरफ से यही बताया गया कि भारत ने इसे द्विपक्षीय मुद्दा करार दिया है।

**तनाव की वजह :** 10 मई को सीजफायर के बाद से ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि उनकी वजह से भारत-पाकिस्तान के बीच शांति हुई, वरना तो परमाणु युद्ध की नौबत आ चुकी थी। भारत के इनकार के बावजूद ट्रंप ने अपना दावा नहीं छोड़ा। दोनों देशों के रिश्तों में हाल में आए तनाव की एक वजह यह भी मानी गई कि ट्रंप खुद को सीजफायर का क्रेडिट न दिए जाने से नाराज हैं। लेकिन, भारत ने वही कहा जो शुरू से उसका रुख रहा है कि उसके और पाकिस्तान के बीच संवाद में किसी तीसरे की जगह नहीं है। जहां तक पाकिस्तान का ताल्लुक है, तो उसे किसी की मध्यस्थता से कोई ऐतराज नहीं।

> **ट्रंप का दावा भले दोनों तरफ से नकारा जा चुका हो, लेकिन भारत-अमेरिकी रिश्तों के संदर्भ में देखें, तो इसे पुरानी बात मानकर आगे बढ़ जाना ही बेहतर है। ट्रंप ने पिछले दिनों तनाव को कम करने की कोशिश करते हुए भारत-अमेरिकी संबंधों को विशेष बताया था।**

**पुरानी गलती :** डोनॉल्ड ट्रंप पहले कार्यकाल में भी भारत-पाकिस्तान संबंधों की गंभीरता को समझने में चूक कर बैठे थे। उस समय उन्होंने कश्मीर मामले में मध्यस्थता का प्रस्ताव दे दिया था, जबकि अमेरिकी सरकारें इससे बचती रही हैं। भारत को संवाद से कभी गुरेज नहीं रहा। पहले भी भारत की तरफ से सीमा पर शांति की कई कोशिशें की जा चुकी हैं, लेकिन ऐसा कोई भी प्रयास परिस्थितियों को देखते हुए और बिना किसी बाहरी दबाव के होना चाहिए।

**आगे बढ़ने का समय :** ट्रंप का दावा भले दोनों तरफ से नकारा जा चुका हो, लेकिन भारत-अमेरिकी रिश्तों के संदर्भ में देखें तो इसे पुरानी बात मान कर आगे बढ़ जाना ही बेहतर है। ट्रंप ने पिछले दिनों तनाव को कम करने की कोशिश करते हुए भारत-अमेरिकी संबंधों को विशेष बताया था। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर भी दोनों नेताओं के बीच फोन पर बात हुई। इस समय ट्रेड डील पर बात करने के लिए अमेरिकी दल भारत में है, तो इस मौके का इस्तेमाल बीती बातों से आगे बढ़ने के लिए कर सकते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**वास्तव में नरेंद्र मोदी के लिए सीखना कभी उम्र का मोहताज नहीं रहा। बचपन से ही उनमें सहज जिज्ञासा थी और वे विविध कहानियों और अनुभवों को आत्मसात करते और तलाशते थे। जीवन भर उनका यही विश्वास रहा है कि जिज्ञासा हर स्तर पर को सीखने को बढ़ावा देती है। यहां तक कि उनकी जिम्मेदारियां जब क्षेत्रीय नेतृत्व से राष्ट्रीय पद तक बढ़ गयी, इसके बावजूद, ऐसी नियमित मुलाकाते उनके मन में विचारों को जन्म देती रहीं और छोटी-छोटी बातें सीख में बदल गयीं, जो वर्षों बाद, ऐन कार्रवाई करने का समय आने पर ही फिर से उजागर हुईं।**

# विचारों को मूर्त रूप प्रदान करना : मोदी का अंदाज



**हसमुख अधिया**



नरेंद्र मोदी की यात्रा के मूल में एक विशेष आदतः अनवरत अवलोकन निहित है। वह प्रत्येक मुलाकात को विचारों के स्रोत के रूप में देखते हैं, चाहे वह सामान्य बातचीत हो या विदेश यात्रा, लेकिन इन्हें नवीनता या अकादमिक विचार मानने वाले अनेक लोगों के विपरीत, मोदी इनमें से प्रत्येक विचार को संभावित समस्या के मूल कारण के आधार के तौर पर परखते हैं और फिर उसे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुकूल समाधान में ढालते हैं। जिज्ञासा, विश्लेषण और प्रभावी क्रियान्वयन के इसी मिश्रण ने उन्हें जमीनी स्तर के आयोजक से एक वैश्विक राजनेता के रूप में स्थापित किया है।

वास्तव में नरेंद्र मोदी के लिए सीखना कभी उम्र का मोहताज नहीं रहा। बचपन से ही, उनमें सहज जिज्ञासा थी और वे विविध कहानियों और अनुभवों को आत्मसात करते और तलाशते थे। जीवन भर उनका यही विश्वास रहा है कि जिज्ञासा हर स्तर पर को सीखने को बढ़ावा देती है।

यहां तक कि उनकी जिम्मेदारियां जब क्षेत्रीय नेतृत्व से राष्ट्रीय पद तक बढ़ गई, इसके बावजूद, ऐसी नियमित मुलाकाते उनके मन में विचारों को जन्म देती रहीं और छोटी-छोटी बातें सीख में बदल गयीं, जो वर्षों बाद, ऐन कार्रवाई करने का समय आने पर ही फिर से उजागर हुईं। किशोरावस्था में ज्ञान की इसी ललक ने उनकी यात्रा का आगाज किया।

> **वैज्ञानिकों और आम लोगों, दोनों के नवाचारों को प्रोत्साहित करते हुए मोदी ने दिखाया कि कैसे घरेलू विचारों को राष्ट्रीय समाधानों में बदला जा सकता है।**

पहले-पहल आध्यात्मिक साधक के रूप में और बाद में एक समर्पित संघ प्रचारक के रूप में उन्होंने समूचे भारत की यात्रा की और ऐसे अनुभव बटोरे, जिन्होंने दुनिया को देखने-समझने की उनकी दृष्टि को आकार दिया। हर बातचीत उनके लिए कुछ नया सीखने का अवसर थी।

लेकिन जो बात उन्हें दूसरों से जुदा करती है, वह यह है कि यह सूझबूझ केवल सैद्धांतिक नहीं रही; अवसर पाते ही, उन्होंने इसे क्रियान्वित किया। हालांकि, समस्या-समाधान की यह कला अक्सर अप्रत्याशित तरीकों से सामने आती रही। उदाहरण के लिए, काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के दौरान उन्होंने देखा कि कर्मचारी संगमरमर के ठंडे फर्श पर नंगे पांव काम कर रहे थे और उन्होंने तुरंत उन कर्मचारियों के लिए जूट की चप्पलों का प्रबंध कर दिया, यह एक आसान उपाय था, जो सर्दी और आने वाली गर्मी, दोनों के लिए कारगर रहा। एक अन्य घटना में, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जापान की अपनी यात्रा के बाद, उन्होंने स्पर्शनीय मार्गचिन्ह (उभरी हुई सतह) की अवधारणा शुरू की। दृष्टिबाधित लोगों के लाभ के लिए उन्होंने इसे अहमदाबाद में लागू करने पर जोर दिया। ये संकेत उनकी एक अनवरत आदत को जाहिर करते हैं: अनदेखा कर दी गयी बारीकियों को दैनिक जीवन को आसान बनाने वाले व्यावहारिक सुधारों में बदलना।

उनके कुछ विचार बीते दशकों की याद दिलाते हैं। 1993 में लॉस एंजिल्स की अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने फाइनेंशियल हाई-राइजिज के समूहों का अध्ययन किया; वर्षों बाद, उन्हीं विचारों ने गुजरात में गिफ्ट सिटी को भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को केंद्रीकृत करने के केंद्र के रूप में प्रेरित किया। इसी जिज्ञासा ने अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट को आकार दिया, जहां उन्होंने अधिकारियों से दुनिया भर की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करवाया, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया कि अंतिम डिजाइन स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित रहे। उनके अनुसार ग्लोबल मॉडल तभी मायने रखते हैं, जब उन्हें पहले स्थानीय समुदायों की सेवा के लिए अनुकूलित किया जा सके। इस पद्धति में, कोई भी अवलोकन कभी भी सराहना किए योग्य अलग-थलग विचार नहीं होता, बल्कि यह एक रिसोर्स बैंक की तरह होता है, जो परिस्थितियों के अनुकूल होने पर लौटकर आता है और संग्रहीत विचारों को विशाल परियोजनाओं में परिवर्तित कर देता है।

2002 में कच्छ में आये विनाशकारी भूकंप के बाद मोदी ने आपदा से निपटने में इस पद्धति को अपनाया। उन्होंने नियमित नौकरशाही मॉडलों को नकारते हुए अपनी टीम को जापान के कोबे भूकंप प्रबंधन का अध्ययन करने और उसके योजनाकारों से संपर्क करने का निर्देश दिया।

लेकिन उनका विचार स्पष्ट थाः मॉडलों को पूरी तरह से आयातित नहीं किया जायेगा। इसके बजाय इन जानकारियों को गुजरात के लिए तत्काल आवश्यकता वाले समाधानों जैसे भूकंपरोधी आवास, सुरक्षित निर्माण पद्धतियां और सामुदायिक भागीदारी में ढाला गया। भारत में यह पुनर्वास के लिए एक मानक बन गया, जिसने दिखाया कि कैसे एक संकट अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान को भारतीय पहल के साथ मिलाने का परीक्षण स्थल बन सकता है। प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने इसी क्रम को जारी रखा, दक्षिण कोरिया में नदी-सफाई परियोजनाओं का दौरा इसी इरादे से किया, कि उनसे प्राप्त सबक को नमामि गंगे में लागू किया जा सके।

भारत के भीतर से उभरने वाले विचारों के प्रति भी उन्होंने उतना ही उत्साह दिखाया है। इसका उल्लेखनीय उदाहरण नैनो यूरिया है, जो एक युवा वैज्ञानिक द्वारा प्रधानमंत्री को दिये गये सुझाव से उपजा नवाचार है। मोदी ने तुरंत इसकी क्षमता को पहचाना और इसके विकास पर जोर दिया।

आज इसकी एक छोटी बोतल पारंपरिक उर्वरक की एक बोरी की जगह ले सकती है, जिससे लागत में कमी आती है और किसानों का बोझ कम होता है। यही खुलापन सरकारी कार्यक्रमों को भी आकार देता हैः जब वित्तीय समावेशन योजना के नामकरण के लिए जनता की प्रतिक्रिया मांगी गयी, तो नागरिकों ने ही जन धन शब्द गढ़ा।

वैज्ञानिकों और आम लोगों, दोनों के नवाचारों को प्रोत्साहित करते हुए मोदी ने दिखाया कि कैसे घरेलू विचारों को राष्ट्रीय समाधानों में बदला जा सकता है। ये कहानियां मिल कर मोदी के जीवन के एक अनवरत सूत्र को उजागर करती हैं। मंदिर में मामूली प्रतीत होने वाली असुविधा को दूर करने से लेकर, एक आधुनिक शहर की रूपरेखा तैयार करने, किसी तबाह क्षेत्र के पुनर्निर्माण या किसी क्रांतिकारी उर्वरक को अपनाने तक, उनकी प्रक्रिया एक समान ही रही हैः स्थिति का ध्यानपूर्वक अवलोकन करना, लोगों की वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान करना और उसे पूरा करने के लिए निर्णायक रूप से कार्य करना। आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः (प्रत्येक दिशा से कल्याणकारी विचार हमारी ओर आयें) के भारतीय दर्शन का पालन करते हुए मोदी हर यात्रा और संवाद से सक्रिय रूप से अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं और भारत को आगे बढ़ाने के लिए उनका उपयोग करने का दृढ़तापूर्वक प्रयास करते हैं।

अंततः, उनका हर विचार लोगों के लिए होता है, उनके जीवन और विकसित भारत की उनकी आकांक्षाओं में निहित होता है।

**(लेखक एक आइएएस अधिकारी हैं, जो भारत के वित्त एवं राजस्व सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### पुलिस ने गुम 109 मोबाइल को बरामद किया



सरायकेला (आजाद सिपाही)। सरायकेला पुलिस ने एक विशेष अभियान चला कर 109 चोरी के मोबाइल फोन बरामद कर लिया, जिनकी कुल अनुमानित बाजार कीमत 22 लाख रुपये है। ये मोबाइल जिले के आदित्यपुर, आरआइटी, गम्हरिया, कांड्रा, सरायकेला, खरसावां से बरामद किए गये। अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर किया गया। गुरुवार को टाउनहॉल सरायकेला में आयोजित एक कार्यक्रम में उनके वास्तविक मालिकों को बरामद मोबाइल फोन सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने आम जनता से अपील की यदि किसी का मोबाइल चोरी या गुम हो जाये, तो वे तुरंत नजदीकी थाना या पोर्टल (https://ceir.gov.in) पर इसकी जानकारी दर्ज करायें, ताकि मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर उसे वापस पाने में मदद मिल सके।यह अभियान पुलिस की तकनीकी दक्षता और जनसरोकार की भावना का प्रतीक है।

### एनडीपीएस एक्ट पर कार्यशाला आयोजित



सरायकेला (आजाद सिपाही)। सरायकेला पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।गुरुवार को पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय सभागार में कार्यक्रम संपन्न हुई। कार्यशाला में एनडीपीएस एक्ट और पीआइटीएनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रावधानों, जब्ती, सैंपलिंग और ड्रग्स विनष्टीकरण की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गयी। एनसीबी रांची के अधिकारियों ने जिले के विभिन्न पुलिस पदाधिकारियों को तकनीकी एवं कानूनी जानकारी प्रदान की।इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को नशीले पदार्थों के खिलाफ अधिक प्रभावी कार्रवाई करने हेतु सक्षम और जागरूक बनाना था। कार्यशाला से पुलिस अधिकारियों को विधिक प्रक्रिया की बेहतर समझ मिली, जिससे एनडीपीएस मामलों की जांच और अभियोजन में मजबूती मिलेगी। सरायकेला पुलिस द्वारा ऐसे प्रयास जिले में नशे के खिलाफ जारी अभियान को और अधिक गति प्रदान करेंगी।

### सोनारी के बर्धमान ज्वेलरी लूटकांड में तीन गिरफ्तार

**जमशेदपुर पुलिस को मिली सफलता, देसी पिस्टल, मैगजीन, गोली, बाइक और कार बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस को बहुत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सोनारी बाजार स्थित वर्धमान ज्वेलरी दुकान में लूटकांड का खुलासा किया है। जमशेदपुर एसटीएफ की टीम ने लूटकांड में छापेमारी करते हुए बिहार के नवादा से विष्णु शंकर राय व औरंगाबाद जिले के माली सौरभ मेहता को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने पलामू के हरिहरगंज से सूरज कुमार को गिरफ्तार किया है। सौरभ मूलरुप से झारखंड के पलामू के हुसैनाबाद का रहने वाला है। तीनों का अपराधिक इतिहास रहा है। दोनों की निशानदेही पर आपराधिक घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त कार को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार तीनों युवकों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। विष्णुशंकर राय ने बयान के आधार पर उनके द्वारा घटना के बाद भागने के क्रम में अपना देसी पिस्टल डोबो पुल के पास झाड़ी में फेंक दिया था, जिसे बाद में पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस घटना में प्रत्यक्ष रूप से एक कुख्यात अपराधिक गिरोह का हाथ होना पाया गया है। सोनारी ज्वेलरी दुकान में लूटकांड में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इस कांड में और लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने इन बदमाशों के पास से एक देसी पिस्टल, मैगजीन, दो जिंदा गोली, दो बाइक, एक कार, तीन मोबाइल, दो पैड फोन बरामद किया है।

### आधुनिक पावर ने 15वें वार्षिक उत्सव पर बुजुर्गों के सम्मान में महादेव ओल्ड एज योजना की शुरुआत की

**कंपनी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 23 कर्मचारियों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिला के पदमपुर स्थित बिजली उत्पादक कम्पनी आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड (एपीएनआरएल) ने अपनी 15वीं वर्षगांठ पर सामाजिक सरोकार और कर्मचारी सम्मान का अनूठा उदाहरण पेश किया। इस अवसर पर कंपनी ने बुजुर्गों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए 'महादेव ओल्ड एज योजना' का शुभारंभ किया। साथ ही कारखाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 कर्मचारियों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। इस मौके पर महादेव ओल्ड एज योजना का अनावरण किया गया उपरांत वयोवृद्ध 89 वर्षीय बुजुर्ग महिला को योजना के तहत लाभान्वित किया गया। निदेशक निर्मल कुमार अग्रवाल ने बुजुर्ग महिला के चरणस्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में कारखाना के उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एपीएनआरएल के निदेशक निर्मल कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण भाइयों और कर्मठ कर्मचारियों की निष्ठा और समर्पण 15 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के सच्चे साझेदार हैं।

प्रमोटर मनोज कुमार अग्रवाल अपनी व्यावसायिक व्यस्तताओं के कारण शामिल नहीं हो सके। उन्होंने खेद प्रकट करते हुए अपने संदेश में कहा, कंपनी अपने 15वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। यह हमारे लिए केवल एक उपलब्धि ही नहीं बल्कि एक प्रेरणादायी यात्रा भी है। कंपनी को युवावस्था की ओर अग्रसर होते देखना मेरे लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है। उनका संदेश कर्मचारियों के बीच पढ़ा गया।

कार्यक्रम में सीसीएल के जीएम अजीत सिंह ने आधुनिक पावर के सामाजिक दायित्वों की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी सिर्फ औद्योगिक क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में सकारात्मक योगदान कर रही है। उद्यमी एवं समाजसेवी अशोक गोयल ने कहा कि अग्रवाल बंधू आधुनिक पावर के रूप में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ सामाजिक सरोकार में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, यह पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। इससे पूर्व, कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण में महादेव ओल्ड एज योजना तथा अन्य किये जा रहे सामाजिक सरोकार के कार्यों की चर्चा करते हुए बताया की कंपनी अपने विजन और मिशन के मार्ग पर पूरी मुस्तैदी से चल रही है। इस मौके पर अतिथि के रूप में कृष्णा बास्के और गौतम महतो भी उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन वाइस प्रेसिडेंट कॉमर्शियल एंड फाइनेंस राजेश शर्मा ने प्रस्तुत किया।

### बाबा विश्वकर्मा की प्रतिमा का विसर्जन, टाटा मोटर्स प्लांट से सीटू तालाब तक निकाला गया भव्य जुलूस



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टाटा मोटर्स प्लांट परिसर में आयोजित सेंट्रल विश्वकर्मा पूजा का मूर्ति विसर्जन समारोह धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। पूजा समिति के अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद और महामंत्री आरके सिंह के नेतृत्व में कंपनी परिसर से एक भव्य जुलूस निकाला गया, जो गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ तार कंपनी स्थित सीटू तालाब पहुंचा। जहा विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा और श्रद्धालु उमंग-उत्साह के साथ शामिल हुए।अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद और महामंत्री आरके सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रबंधन, यूनियन के सदस्यों, कर्मचारियों और सभी सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने कहा यह आयोजन न सिर्फ सांस्कृतिक एकता को मजबूती दी, बल्कि कार्यस्थल पर सामूहिक सहभागिता और भाईचारे की मिसाल भी पेश की।

### हार-जीत खेल का हिस्सा, लेकिन खेल भावना सबसे महत्वपूर्ण : संजीव सरदार



पोटका (आजाद सिपाही)। पोटका विधान सभा क्षेत्र के आमलाटोला पंचायत स्थित दिगारसाईं गांव में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 23वीं दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार उपस्थित रहे। उन्होंने फाइनल मुकाबले से पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दोनों टीमों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।विधायक श्री सरदार ने कहा खेल अनुशासन, ऊर्जा और एकता के प्रतीक है। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल भावना सबसे महत्वपूर्ण होती है।विधायक ने कहा यह प्रतियोगिता न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया बल्कि समाज में खेल के महत्व को भी उजागर किया है। मौके पर उपस्तित सैकड़ो ग्रामीणों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति और अतिथियों का आभार जताया।इस अवसर पर विधायक ने फाइनल मुकाबले में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।मौके पर झामुमो पोटका प्रखंड कमेटी के सदस्य, पंचायत के मुखिया अर्धेंदु सरदार, फुटबॉल कमेटी के हकीम सरदार, सौदाशिव सरदार, मेघलाल सरदार, बिद्यासागर सरदार, कृष्णा सरदार, गोविन्द पात्र, उत्तम सरदार, साथ ही माझी बाबा, नायके बाबा और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बोलेरो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार नानी और नाती की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर खरौंधी मुख्य पथ पर बनसानी ईंट भटा मोड के समीप गुरुवार के दोपहर बोलेरो गाड़ी और बाईक के बीच आमने सामने की जबरदस्त टक्कर हो गयी। इस भीषण दुर्घटना में बाईक सवार नानी और नाती की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि बाईक सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से हुआ घायल हो गया। मृतकों में केतार थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर निवासी पचीया देवी 60 वर्ष पति पुनीत उरांव व खरौंधी थाना क्षेत्र के कोशलीबार निवासी विनय सिंह पिता भुनेश्वर सिंह का नाम शामिल है, जबकि गंभीर रूप से घायल मनीष सिंह पिता चंद्रदेव सिंह को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर पुलिस द्वारा निजी वाहन से उक्त सभी को भवनाथपुर सीएचसी लाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कागजी करवाई करते हुए दोनों शव को अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो और बाईक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। घटना के बारे में बताया जाता है, कि गुरुवार को विनय सिंह और मनीष सिंह एक ही बाईक पर सवार होकर अपने ननिहाल मुकुंदपुर से नानी पंचिया देवी को लेकर अपने गांव कोशलीबार जा रहे थे, जहां बनसानी ईंट भट्ठा के समीप पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही एक यूपी नंबर की एक बोलेरो वाहन ने सामने से जबरदस्त टक्कर मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही विनय सिंह और पचीया देवी की मौत हो गयी।

## 'राष्ट्रीय फार्मको विजिलेंस सप्ताह' शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के अतंर्गत फार्मेसी संकाय में बुधवार को 'राष्ट्रीय फार्मको विजिलेंस सप्ताह' मनाने की शुरूआत की गयी जो 23-09-2025 तक मनाया जायेगा।

इस सप्ताह के अतंर्गत विभिन्न कार्यक्रम फार्मेसी संकाय में प्रस्तुत की जायेगी जिसकी शुरूआत पोस्टर Presentation से की गयी। इस कार्यक्रम के बारे में बच्चो की संकाय के डीन डॉ० मनीष दुबे ने अवगत कराया और इसकी बारिकीयां समझायी।

कार्यक्रम के दौरान विभाग के सहायक आचार्य महेश सिंह, विकास राब, अंकिता तिवारी, नेहा खरे राहुल कुमार, रोहित कुमार गुप्ता, आनंद गुप्ता, हिमांशु कुमार, शशि सुषण और अरुण कुमार रहें।

मौजूद इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० एमके सिंह और कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने बच्चों को शुभकामनायें वी और भविष्य में ऐसे ही क्रार्यक्रम मनाने के लिए प्रेरित किया।

## 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान शुरू



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों की अध्यक्षता में 17 सितंबर को 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रंका बीडीओ शुभम बेला तोपनों ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। जिसके तहत नारी स्वास्थ्य पर विशेष चिकित्सा संबंधी कार्यक्रम किये जायेंगे। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा गांव - गांव में स्वास्थ्य सहिया और स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी उपचार किए जायेंगे। जिसका निगरानी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० असजद अंसारी और अन्य डॉक्टर्स करेंगे। इस मौके पर की गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शिक्षकों और अभिभावकों की बैठक

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के सभागार में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अशोक प्रसाद ने की। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें और सुनिश्चित करें कि वे समय पर विद्यालय पहुंचें। साथ ही विद्यार्थियों की साफ-सफाई, निर्धारित पोशाक में आने और अनुशासन बनाए रखने पर बल दिया गया। बैठक में शिव सिंह, आबिद खलीफा, राजेश प्रसाद, एजाज खान, सुमेर राम, पारस पाल, जयप्रकाश, उदय पाल और कुन्ती देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने सुझाव साझा किये।

## डंडई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक कल

**डंडई (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शनिवार को 3 बजे डंडई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित होगी। इसकी जानकारी थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में शांति समिति के सदस्यों के अलावा राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों और अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे।

### सांसद वीडी राम ने सदर अस्पताल को एडवांस सिस्टम से लैस एंबुलेंस उपलब्ध करवाया

## जनसेवा के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था में अपनी अहम भूमिका निभायेगा यह एंबुलेंसः सांसद

दुमका सीट की सूची में चार प्रत्याशी और बेरमो में 11 के

दुमका सीट की सूची में चार प्रत्याशी और बेरमो में 11 के



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत रक्तदान शिविर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। जिसकी शुरूआत हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि भाजपा के पलामू सांसद बीडी राम ने एडवांस सिस्टम प्रणाली युक्त हाईटेक एम्बुलेंस सदर अस्पताल गढ़वा को समर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन देश सेवा को समर्पित है। वे अपना घर परिवार छोड़कर देश के उन्नति के लिए अनवरत काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एडवांस सिस्टम से लैस एम्बुलेंस जनसेवा के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। इस तरह का एंबुलेंस पहली बार सदर अस्पताल में आया है इसकी रख रखाव ठीक तरीके से करते हुए स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी लोगों की जान बचाए। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल के डॉक्टर कर्मचारी जनहित में काम करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के लिए खुद को समर्पित कर चुके हैं जिससे भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को युग पुरुष मानते हुए जन्मदिन का बधाई दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि भाजपा ने देश को प्रधानमंत्री के रुप में नरेंद्र मोदी जैसा त्यागी पुरुष दिया है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की का नया इतिहास लिख रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन पर अनेकों बधाई दी।

भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन देश को समर्पित रहा है। लोगों को उनके त्याग समर्पण को आत्मसात करना चाहीए। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन गढ़वा विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी ने की। मौके पर टिंकु गुप्ता, अरविंद धर दुबे, पार्वती सिंह, विनोद जायसवाल, उमेश कश्यप, आयुष दुबे सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जैप जवान ब्रह्मदेव की तालाब में डूबकर मौत

खूंटी जिला में झारखंड पुलिस के पद पर कार्यरत थे, एक सप्ताह पूर्व छुट्टी लेकर घर आये हुए थे



मृतक जैप जवान ब्रह्मदेव उरांव की फाइल फोटो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका थाना क्षेत्र के ग्राम खूरा निवासी जैप के जवान ब्रह्मदेव उरांव (35 वर्ष लगभग) की मौत बुधवार को तालाब में डूबकर हो गयी। मृतक जवान का बड़ा पुत्र दिलीप कुमार ने बताया कि उसके पिता खूंटी जिला में झारखंड पुलिस के पद पर कार्यरत थे। एक सप्ताह पूर्व छुट्टी लेकर घर आये हुए थे। बुधवार को वे बगल के तालाब में नहाने गये थे। नहाने के दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गये। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया और किसी तरह उन्हें बाहर निकाला तथा रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रंका थाना पुलिस ने सव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया। मृतक जवान के सव घर आने पर अंतिम दर्शन के लिए लोगों के भीड़ लगी हुई थी और परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जवान की मौत की खबर सुनकर गढ़वा जिला पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह मृतक के घर पहुंचे और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष रौशन पाठक, प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, जिला समिति सदस्य देवेंद्र तिवारी, कार्तिक पांडेय, दीपक सोनी, किशोर ओझा, रामबाबू ठाकुर, मंदिर यादव, भोला यादव, सूरज रजक, लवली टोप्पो, नंदू उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डंडई के कई गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात जारी



हाथियों ने रात में खेतों को रौंदकर कई किसानों की मेहनत पर पानी फेरा

**फसल की क्षति का आकलन कर जल्द ही मुआवजा दिया जायेगा : रेंजर गोपाल**

मामले में रेंजर गोपाल चंद्रा ने बताया कि जिन-जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है, उसका मुआयना विभागीय कर्मचारियों द्वारा कराया जायेगा। इसके बाद प्रभावित किसानों को सरकारी प्रावधान के अनुसार अविलंब मुआवजा दिया जायेगा।

जितेंद्र यादव

**डंडई, गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के तसरार पंचायत अंतर्गत जनजातीय बहुल गांव चकरी, कपराठ, महुदंड, टोरी और लौरा सिकरिया इन दिनों जंगली हाथियों के आतंक बना हुआ है। हाथियों के झुंड की आवाजाही से ग्रामीण पूरी तरह खौफ में जीने को मजबूर हैं। हाथियों का झुंड रात होते ही गांवों में प्रवेश कर फसलों को रौंद रहा है। आलम यह है कि ग्रामीण अपने घरों में दुबककर रात काटने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा होकर टॉर्च और मशाल जलाकर हाथियों को भगाने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन इन प्रयासों का कोई असर नहीं पड़ा। बुधवार की देर रात टोरी गांव के हरैयाटांढ इलाके में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। देखते ही देखते कई किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। इस दौरान हाथियों ने किसान प्रमेश्वर यादव के 8 कट्ठा में धान की फसल को पूरी तरह रौंदकर तहस-नहस कर दिया गया। इसी तरह अमर यादव के पांच कट्ठा, बैजनाथ चौधरी के पांच कट्ठा और भगवान यादव के करीब चार कट्ठा धान की फसल को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। इसके अलावा आसपास के खेतों में लगी धान व मक्का फसल भी रौंदी गई, जिससे दर्जनों किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के लगातार उत्पात से किसान और ग्रामीण भयभीत हैं। खेतों की रखवाली करना उनके लिए चुनौती बन गया है। स्थानीय लोगों ने रातभर मशालें जलाकर, लकड़ी फूंककर और टायर जलाकर शोर मचाते हुए किसी तरह हाथियों को गांव से खदेड़ा। इसके बावजूद हाथियों का झुंड आसपास के इलाकों में डेरा डाले हुए है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद वन विभाग की टीम सक्रियता नहीं दिखा रही है, जिसके कारण हाथियों का झुंड गांव में आकर उत्पात मचा रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप करने, हाथियों को सुरक्षित तरीके से गांव से दूर भगाने और नष्ट हुई फसलों का मुआवजा देने की मांग की है।

## गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर पीएम नरेंद्र मोदी के दीर्घायु की गयी कामना की

पीएम मोदी की दूरदर्शिता और समर्पण भाव ने राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है : ठाकुर प्रसाद महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस पर गढ़वा भाजपा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आज बुधवार को गढ़देवी मंदिर के प्रांगण में पूजा अर्चना की, इसके पश्चात हवन किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने बताया कि बहुआयामी प्रतिभा के धनी सबका साथ-सबका विकास चाहने वाले हमारे पथ प्रदर्शक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पूजा अर्चना कर उनके स्वस्थ रहने की कामना की गयी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उनकी दूरदर्शिता और समर्पण भाव ने राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। मंदिर प्रांगण के पवित्र वातावरण में हम सभी पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के विभिन्न वर्गों का कल्याण हुआ है। आज हमारा देश भारत विश्व पटल पर मजबूत और सम्मानित राष्ट्र के रूप में स्थित है। हम सभी नरेंद्र मोदी के जन्मदिन दिवस पर उन्हें बधाई देते हैं। साथ ही उनके दीघार्यु और देश का उत्तरोतर विकास की कामना करते हैं।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, राजीव रंजन तिवारी, विनोद जायसवाल, राजकुमार मद्धेशिया, लक्ष्मी तिवारी, जिला मंत्री स्वाति तिर्की, शुभम, अभिषेक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

असामाजिक तत्वों पर रखी जायेगी कड़ी नजर : थाना प्रभारी

सभी पूजा पंडालों में हेल्पलाइन नंबर लगाना जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। सीओ यशवंत नायक की अध्यक्षता और पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, थाना प्रभारी विष्णु कांत की उपस्थिति में आयोजित बैठक में दोनों समुदाय के बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों के साथ पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रखंड के सभी 20 पंचायत के दुर्गा पूजा समिति के लोगों ने आयोजन को लेकर जानकारी दी गयी। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने लोगों को प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान प्रशासन जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेगी, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी, डीजे तथा अश्लील गाना बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा, कोर्ट के आदेश तथा सरकार के गाइडलाइन का अनुपालन करना सबों के लिए जरूरी है ऐसा नहीं करने वालों पर प्रशासन कड़ाई से पेश आयेगा। इंस्पेक्टर अशोक कुमार तथा सीओ यशवंत नायक ने पूजा समिति के लोगों को आपस में मिलजुल कर छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण करने की बात कही तथा आस्वस्थ किया कि जरूरत पड़ने पर प्रशासन उनके साथ खड़ी रहेगी।

## कांडी बाजार में सड़क निर्माण का बीडीओ ने किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने गुरुवार को कांडी मुख्य बाजार में निमार्णाधीन पीसीसी सड़क का निरीक्षण किया। यह सड़क कपूर्री चौक से मझिगावां होते हुए भवनाथपुर तक को जोड़ेगी। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि सभी लोग मिलकर इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाएं। बीडीओ ने बताया कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह के अथक प्रयास से यह काम संभव हुआ है। विधायक ने कांडी बाजार की नारकीय स्थिति को देखते हुए सड़क मरम्मती का प्रस्ताव आगे बढ़ाया था। कांडी मुखिया विजय राम ने कहा कि बाजार वासी लंबे समय से गंदगी और जलजमाव की समस्या से जूझ रहे थे। सड़क बन जाने के बाद लोगों को बड़ी राहत मिली है और अब बाजार में रौनक लौट आयी है। उन्होंने इस कार्य के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। वर्तमान कांडी मुखिया ने कहा कि यह कहना गलत है कि पूर्व मुखिया के प्रयास से यह कार्य शुरू हुआ, क्योंकि वास्तव में यह विधायक के प्रयास का परिणाम है।

## गढ़वा में धूमधाम से मनायी गयी विश्वकर्मा पूजा

विश्वकर्मा मंदिर के लिए दान में मिला जमीन, बनेगा भव्य मंदिर : सुरेंद्र विश्वकर्मा




**विश्वकर्मा मंदिर के लिए दान में मिली 51 डिसमिल बेशकीमती जमीन, समाज में खुशी**

समारोह को संबोधित करते हुए समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा ने पूजा स्थल वाला 51 डिसमिल बेसकीमती जमीन विश्वकर्मा मंदिर के लिए अपने ही परिवार के सदस्यों द्वारा दान में देने की घोषणा करते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी, उन्होंने दान-दाता के इस महान कार्य के लिए अपने तथा समाज की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए पूरे परिवार की प्रशंसा की। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा को 'दुनिया का पहला अभियंता' बताते हुए कहा कि वे किसी एक समाज के नहीं, बल्कि हर वर्ग के लिए पूजनीय हैं।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विश्वकर्मा समाज का जिला स्तरीय विश्वकर्मा पूजा का भव्य समारोह का आयोजन बुधवार को कल्याणपुर स्थित गौरा टिकर में किया गया। आकर्षक व भव्य पंडाल में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजा समारोह में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रात में आयोजित संस्कृत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि विवेकानंद उर्फ रिंकू तिवारी, विश्वकर्मा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा, रांची के कन्हैया कुमार विश्वकर्मा, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा, महिला नेत्री चंपा देवी आदि ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए रिंकू तिवारी ने भगवान विश्वकर्मा की अतुल्य महिमा का बखान किया। उन्होंने गढ़वा के विश्वकर्मा परिवार को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि हर वर्ष इस तरह के आयोजन से जिले में आस्था और उत्साह का संचार होता है। कन्हैया कुमार ने विश्वकर्मा समाज को राजनीति के क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। शंकर प्रताप ने कहा कि समाज को जागृत करने के लिए जो प्रयास वर्षों पहले शुरू किया गया था उसका सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहा है। आनंद विश्वकर्मा ने मंदिर निर्माण के लिए चल रहे प्रयासों पर खुशी जाहिर की और इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी परिवारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

वहीं महिला मोर्चा की विधायक प्रतिनिधि चंपा देवी ने महिला समाज को एकजुट रहने और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके सहयोग के बिना कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता। समारोह में आए सभी लोगों के लिए प्रसाद और भोजन की भी व्यवस्था की गयी थी। इस आयोजन से धार्मिक आस्था को मजबूती के साथ साथ सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा मिला।

इससे पहले पूजा समारोह में पूर्व सांसद घूरन राम, लोहार विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, पलामू जिलाध्यक्ष प्रभु विश्वकर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, रणवीर विश्वकर्मा, रघुवीर विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोगों और गणमान्य व्यक्तियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

**आई०आर०बी०–04, कैम्पन्यू पुलिस लाईन, लातेहार**

**-: वाहन मरम्मति संबंधी अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि, आई0आर0बी0–04, लातेहार के सरकारी वाहन संख्या– JH19A 3408 मिनी बस खराबहै, जिसे मरम्मति कराना आवश्यक है।

अतः इच्छुक मेसर्स दिनांक– 30/09/2025 को समय–11:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफामें अपना निविदा परिवहन शाखा आई0आर0बी0–04, न्यू पुलिस लाईन, लातेहार में समर्पित कर सकते है। निविदा दिनांक 30/09/2025 को समय–11:00 बजे निविदादाता के समक्ष परिवहन शाखा, आई0 आर0बी0–04, लातेहार में खोली जायगी। अनुमोदन के पश्चात किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

**निविदा की शर्तेः–**

1. निविदा झारखण्ड मूल्य वार्धित कर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निबंधित हो।
2. प्रतिष्ठान का GST होना अनिवार्य है।
3. किसी भी परिस्थिति में अग्रिम राशि भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदादाता वाहन मरम्मति हेतु क्रय की जाने वाली वस्तुओं का दर सील बन्द लिफाफा में उपलब्ध करायेंगे। प्रतिष्ठान का नाम पता, मोबाईल नं0 के साथ अंकित होगा।

**नोटः–इन सभी शर्तो को पूरा नही करने वाले निविदादाता का निविदा मान्य नहींहोगा।**

समादेष्टा
आई0आर0बी0–04, लातेहार।

PR.NO.362194 Police(25-26):D

## सरकार की उदासीनता के कारण सिकनी कोलियरी ग्यारह महीने से बंद



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड स्थित सिकनी कोलियरी जो खनिज विकास निगम के अंतर्गत चलती है। सरकार की उदासीनता के कारण आज 11 महीने से कोलियरी बंद पड़ी है। यहां 1200 मजदूर, ट्रक मालिक,डीओ होल्डर, मुंशी, ट्रक के चालक, उपचालक और आसपास के लोग जो झुकी झोपड़ी में होटल इत्यादि चलते हैं। कोलियरी बंद होने से सारे लोग बेरोजगार हो गये हैं और कुछ लोग अन्य राज्यों में जाकर कार्य करने के लिए विवश हो गए हैं। दूसरी ओर निगम के रांची के अधिकारी और कर्मियों को इस लंबी बंदी से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। उन्हें प्रत्येक माह समय से वेतन मिल जा रहा है। कोलियरी के 11 माह के बंदी के संबंध में पूछे जाने पर निगम के अधिकारी केवल समय पर समय दे रहे हैं। इधर कार्य में कोई गतिविधि नहीं दिखाई पड़ रही है। झारखंड की सरकार की कार्य साफ पता चलता है। यह जनता की भलाई के लिए क्या कर रही हैं। अधिकारी से किसी तरह की वार्ता होती है तो वह केवल टलावा देने पर ही विश्वास रखते हैं। लातेहार जिला प्रशासन भी कोलियरी में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। एक तरफ सरकार रोजगार देने की बात करती है। वही दूसरी तरफ रोजगार छिनने का कार्य कर रही है। मजदूर नेता रवि कुमार डे सिकनी कोलियरी बंद होने पर उन्होंने कहा की सबसे बड़ी गलती यहां काम कर रहे निगम के अधिकारियों की है। उनके द्वारा सरकार को अवगत कराने का काम नहीं करते हैं। जबकि जमीन की कोई मामला नहीं है जमीन कोलियरी क्षेत्र में बहुत अधिक है सिर्फ और सिर्फ निगम किसी कार्य करने वाले ठेकेदार को निबंध नहीं दे पा रही है। जिससे कोलियरी बंद पड़ी है। इधर श्री डे ने कहा कि झारखंड की सरकार निगम को निर्देश दे और जल्द से जल्द सिकनी कोलियरी खोलने की बात करें। जिससे जो गरीब असहाय है उन लोगों की रोजगार का सृजन सके।

## लाल किले की थीम पर चंदवा में बनेगा पंडाल



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा दुर्गा मंडल रोल, महुआ मिलन के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष प्रतुल शाह देव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी की समीक्षा की गयी। पंडाल निर्माण कार्य पूरे युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस बार का मुख्य आकर्षण लाल किले के थीम पर बन रहा पंडाल होगा। लाल किले की प्राचीर से लहराता हुआ तिरंगा भी दिखेगा। इसके अलावा इस बार जतरा को भी भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूजा और जतरा के दौरान की व्यवस्था और सुरक्षा एवं अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सूर्यनाथ सिंह,रमेश गुप्ता, आशीष सिंह, सत्यपाल घटवार, अनिल गुप्ता, कोलेसर यादव, शंभु घटवार, बल्कू मुंडा, हेमंत चावड़ा, बासुदेव प्रजापति, गन्दरू भगत, शिवचरण भगत, जगेसर भगत, बालेसर भगत, अनिल साव, सुशील मुंडा, सुबोध प्रजापति, सुनील मुंडा, अजय घटवार, दिलीप साव, नारायण प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## आसपास की जगह को साफ रखने की अपील




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत गुरुवार को समाहरणालय परिसर लातेहार में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद समेत जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा श्रमदान देकर समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई की गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी विभिन्न स्थानों पर श्रमदान कर रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना है। उन्होंने आमजनों से भी स्वच्छता के प्रति श्रमदान करने की अपील की ताकि जिले के वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि अपने घर एवं आस-पड़ोस की साफ-सफाई करना हम सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। अपने घर एवं आसपड़ोस को साफ - स्वच्छ रख कर हम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की टीम ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अभियान चला रही है। परंतु यह अभियान तभी सफल हो सकता है जब हम अपने घर में जैविक कचरा एवं प्लास्टिक को अलग-अलग डस्टबिन में रखें। ऐसा कर हम जैविक कचरा एवं प्लास्टिक कचरे को मिक्स होने से रोक सकते हैं। इस दौरान आईटीडीए निदेशक श्री प्रवीण कुमार गगराई ने सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को ₹स्वच्छता ही सेवा अभियान₹ के तहत अपने आस-पास साफ-सफाई रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने तथा स्वच्छता के प्रति अन्य लोगो को भी प्रेरित करने की शपथ दिलायी। इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दीपक महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम समेत अन्य पदाधिकारी एवं समाहरणालय के कर्मी शामिल थे।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, उपायुक्त ने कहा

# सोशल मीडिया पर अफवाह और गलत मैसेज पोस्ट करने से बचें

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा-2025 को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक नया नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा धर्म का अधर्म पर, सत्य का असत्य पर और वर्तमान परिपेक्ष्य में सफाई की गंदगी पर जीत है। एक नागरिक को जागरूक, संवेदनशील और उत्सकु होना चाहिए, यही धर्म है। लोहरदगा जिला का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है। हमारे देश की परंपरा भी गंगा-जमुना वाली रही है। इसलिए सभी धर्म व समुदाय के लोगों को त्यौहार आपस में मिलकर मनाना चाहिए। सभी पर्व-त्यौहार किसी धर्म या समुदाय विशेष का नहीं बल्कि सभी का है। उपायुक्त ने कहा कि जिन अवसरों पर जिला प्रशासन की टीम मौजूद नहीं रहती है उन अवसरों पर आम नागरिक ही जिला प्रशासन के आंख, नाक व कान होते हैं। उनके द्वारा दी गयी सूचनाएं महत्वपूर्ण होती हैं। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी तरह के अफवाह या गलत मैसेज को सोशल मीडिया पर पोस्ट या फॉरवर्ड नहीं करें। ऐसे किये जाने पर कानूनी कार्रवाई के प्रावधान निहित किये गये हैं। समाज के बड़े-बुजुर्ग इस दिशा में किशोरों और युवाओं पर नियंत्रण रखें। किसी भी कार्यक्रम में भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भाषण ना दिये जायें। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। कोई भी कुछ भी उन्माद फैलाने वाले पोस्ट से बचें, अन्यथा विधि-सम्मत कार्रवाई होगी। इसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर से भी की जा रही है। बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता, प्रशासक नगर परिषद व सिविल सर्जन द्वारा भी व्यापक तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि आलोक साहू समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व बड़ी संख्या में जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## डॉ टी साहू ने गरीब जिला टॉपरों को सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 17 सितंबर को पीएम मोदी की 75वीं जन्मदिवस एवं विश्व के रचयिता भगवान विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर जिला एवं देशवासियों को डॉ टी साहू ने हार्दिक बधाई दिया है। श्री साहू ने इस शुभ दिवस पर जिले के गरीब छात्र-छात्राओं को उनके जिला टॉपर होने पर उन्हें आर्थिक सहयोग करने की शपथ ली। डॉ टी साहू ने बुधवार को उनके जन्म दिवस पर पूजा हवन के साथ गरीबों के बीच फल और मिठाइयां बांटी गयी। डॉक्टर टी साहू ने कहा कि वे यशस्वी प्रधानमंत्री को अपना आदर्श एवं उनको भगवान की तरह मानते हैं। कहा की मोदी जी आधुनिक युग के निर्माण के साथ दुनिया को दिशा निर्देश देते हुए विश्व के पटल पर भारत को विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे है। प्रधानमंत्री पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के सपना को साकार करते हुए उनकी दूरदर्शिता और अग्रणी सोच को कायम रखते हुए देश को बुलंदियों तक पहुंचाने को अग्रतर है। डॉ साहू ने कहा विश्व के रचयिता भगवान विश्वकर्मा जी ने इस सृष्टि को बेहतरीन तरीके से निर्माण किया ऐसे शुभ दिन में हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री का जन्मदिन एक विश्व निर्माता से कम नहीं है। उनका मानना है कि पीएम नरेंद्र मोदी विश्वकर्मा के रूप में एक अवतारी पुरुष है जो भगवान शिव के परम भक्त, सृष्टि के संचालक और संहारक है। समाजसेवी डॉक्टर टी साहू ने इस शुभ दिन पर उन्होंने गरीब छात्र छात्राओं को सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने बताया जो सरकारी विद्यालय से मैट्रिक की पढ़ाई करते हुए जिला टॉपर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय करता है, उनको 7,000, 5,000 एवं 2,500 प्रत्येक वर्ष अपने पेंशन की राशि से आजीवन सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

## पति की हत्या की दोषी को दस वर्ष सश्रम कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने गुरुवार को पति की हत्या करने की आरोपी महिला भवानी देवी को दोषी करार देते हुए 10 साल सश्रम कारावास हुआ 10 हजार अर्थ दंड की सजा का फैसला सुनाया है। आरोपी महिला स्थानीय मंडल कारा में पूर्व से विचाराधीन कैदी के रूप में बंद है। मामला कुडू थाना का वर्ष 2022 की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने महिला भवानी देवी को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराया है। इस संदर्भ में लोक अभियोजक भरत राम ने बताया कि, आरोपी महिला कुडू थाना क्षेत्र की रहने वाली है। घटना 23 मई 2022 की है। बताया गया कि आरोपी महिला भवानी देवी का पति विक्रम सिंह शराबी था परिवार की जिम्मेदारी नहीं उठाने के कारण पत्नी भवानी देवी से उसकी झड़प होते रहती थी इससे नाराज होकर आरोपी भवानी देवी अपने तीन बच्चों के साथ रांची स्थित मायका में रहते थी। वर्ष 2022 में पंचायत चुनाव में मतदान करने के लिए




जानकारी देते लोक अभियोजक भरत राम।

भवानी देवी कुडू स्थित अपने ससुराल आयी थी। 23 मई की शाम को पति विक्रम सिंह शराब पीने के लिए घर में लगे लोहे का गेट बेचने के लिए उखाड़ रहा था इस बात से नाराज होकर भवानी देवी ने अपने पति विक्रम सिंह की गंभीर पिटाई कर दिया। सर में चोट लगने के कारण पति विक्रम सिंह की मौत देर रात्रि हो गयी। घटना को लेकर कुडू थाना कांड संख्या 79/2022 में भवानी देवी को नामजत आरोपी बनाया गया था वारदात के बाद पुलिस आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी। बताया गया कि आरोपी भवानी देवी लगभग 1 वर्ष पूर्व अपने ससुर अशोक सिंह और सास गिन्नी देवी की गंभीर पिटाई कर दी थी। जिससे घटना के दौरान भयभीत होकर विक्रम सिंह को छुड़ाने के लिए उसके माता-पिता जाने की हिम्मत नहीं कर सके। लोक अभियोजक भरत राम ने इस संदर्भ में कहा कि, अदालत के फैसले से संदेश जाता है कि किसी भी समस्या और परेशानी का वैधानिक समाधान होता है बावजूद, अवैधानिक तरीके से समस्या से निपटने के उपाय का गंभीर परिणाम होता है। पति हंता महिला को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा।

**पीडीजे राजकुमार मिश्रा की अदालत का फैसला**

**लोहरदगा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने गुरुवार को पति की हत्या करने की आरोपी महिला भवानी देवी को दोषी करार देते हुए 10 साल सश्रम कारावास हुआ 10 हजार अर्थ दंड की सजा का फैसला सुनाया है। आरोपी महिला स्थानीय मंडल कारा में पूर्व से विचाराधीन कैदी के रूप में बंद है। मामला कुडू थाना का वर्ष 2022 की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने महिला भवानी देवी को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराया है।**

## कार और बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा घाघरा मुख्य पथ पर जगरनाथ मंदिर सेन्हा चौक के समीप बुधवार देर शाम कार और मोटरसाइकिल में टक्कर हो गया। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। वही दो लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के आराहंसा ग्राम निवासी स्व. बिमल मुंडा का पुत्र राकेश मुंडा और गुमला जिला के भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत अमलीया जामुन टोली निवासी राम मुंडा की पुत्री प्रेमा मुंडा के रूप में किया गया। जबकि मृतक का पहचान आराहंसा ग्राम निवासी देवश मुंडा का पुत्र विकास मुंडा के रूप हुई। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन को सूचना मिलते ही दल बल के साथ घटना स्थल पंहुच ग्रामीणों के मदत से घायलों को इलाज के लिये एम्बुलेंस से सभी को सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। जबकि प्रेमा मुंडा और राकेश मुंडा को प्राथमिकी उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर बैठक



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अरु ग्राम में स्व. नंदलाल प्रसाद स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर कमिटी के अध्यक्ष प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष सह संरक्षक सुखैर भगत तथा प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष सह संरक्षक सुखैर भगत ने कहा कि इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर फुटबॉल खेल का विकास करना हम लोगों की प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच मिलना चाहिए जिसे उनकी प्रतिभा निखर सके इस टूर्नामेंट के माध्यम से गांव में खेल की भावना और आपसी भाइचारा बढ़ेगा। वही आयोजन समिति के अध्यक्षक प्रकाश उरांव ने कहा कि इस टूर्नामेंट को सफल और यादगार बनाने के लिये सभी का सहयोग अपेक्षित है। नेसार अहमद ने कहा की यह टूर्नामेंट फीफा के नियमों के अनुसार खेलाया जायेगा जिसे खेल में सभी खिलाड़ियों को अनुशासन और नियमों का पालन करना चाहिए जिसे वे सभी खिलाड़ी आगे बढ़ कर गांव, प्रखंड और जिला का नाम रौशन कर सकेंगे। मौके पर संरक्षक फजल अब्बास, अध्यक्ष प्रकाश उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष मोख्तार अंसारी, उपाध्यक्ष शौकत अंसारी, महासचिव रुस्तम अंसारी, सचिव सरफराज अंसारी, जाहूर अंसारी, कोषाध्यक्ष गौतम प्रसाद साहू सहित अन्य खेल प्रेमी ग्रामीण मौजूद थे।

## गुलाम रजा ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया



**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गराडीह में रंगारंग शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इसी विद्यालय से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर नवनियुक्त राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गुलाम रजा ने केक काट कर एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण के तस्वीर पर मल्यार्पण कर की। इस अवसर पर गुलाम रजा ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए मंजिल तक पहुंचने की सफर को उपस्थित बच्चों और अभिभावकों के बीच साझा कर बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने एवं मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किये। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रसीद अंसारी ने कहा कि प्रधानाध्यापक के नेतृत्व एवं सभी शिक्षकों के अथक प्रयास से हमारा विद्यालय लगातार आगे बढ़ रहा है। उपस्थित अभिभावकों से उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय अवश्य भेजें।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान शुरू

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ केंद्र के प्रांगण में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार स्वस्थ महिला सशक्त समाज विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारंभ इंदौर से एक साथ पूरे देश मे ऑनलाइन शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया। जिस निमित प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र सेन्हा में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ संजीत आनंद ने कहा कि महिलाओं की सेहत परिवार और समाज की नींव है। जिस का मुख्य उद्देश्य है पोषण, फिटनेस और निवारक तथा स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना। जिसके लिये देशभर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों में शिविर लगेंगे। महिलाओं को केन्द्र में रखकर बीमारी का जांच और इलाज कर दवाइयां तथा बचाव के लिये परामर्श सेवाएं दी जायेगी।

## लोहरदगा के सत्यप्रकाश बने बॉलीवुड का नया चेहरा, बॉबी देओल के साथ साझा की स्क्रीन

**नेटफ्लिक्स पर रिलीज आर्यन खान की पहली वेब सीरीज, लोहरदगा के सत्यप्रकाश ने जीता सबका दिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** गुरुवार की दोपहर 12 बजे रिलीज हुई बहुचर्चित वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड ने रिलीज के साथ ही सनसनी फैला दी है। इस सीरीज से शाहरुख खान और गौरी खान की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले उनके पुत्र आर्यन खान ने डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखा है। नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही इस सीरीज को सेलेब्स और दर्शकों से बेहतरीन रिव्यूज मिल रहे हैं। लेकिन इस सीरीज की सबसे बड़ी उपलब्धि झारखंड के लोहरदगा के लिए है। यहां के फौजी रिटायर्ड सह समाजसेवी सह दंत चिकित्सक डॉ टी साहू के पुत्र सत्यप्रकाश भी इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं। सत्यप्रकाश, जो पेशे से कंप्यूटर इंजीनियर हैं, बीते पांच वर्षों से फिल्मी दुनिया में अपनी पहचान बनाने में जुटे हैं। सत्यप्रकाश इससे पहले चर्चित वेब सीरीज पंचायत और फिल्म ग्राउंड जीरो में भी अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं, जहां उन्होंने नायक इमरान हाशमी के साथ एक फौजी की दमदार भूमिका निभायी थी। बैड्स ऑफ बॉलीवुड में सत्यप्रकाश आर्यन खान और बॉबी देओल के साथ स्क्रीन साझा कर रहे हैं, जिससे लोहरदगा के लोगों में भारी उत्साह और गर्व का माहौल है। डॉ टी साहू के परिवार की यह बड़ी उपलब्धि है। जहां उनके दो पुत्रियां दंत विशेषज्ञ के रूप में समाज की सेवा कर रही हैं, वहीं पुत्र सत्यप्रकाश बॉलीवुड में झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। सीरीज में बॉबी देओल, मोना सिंह, मनोज पाहवा, मनीष चौधरी और राघव जुयाल जैसे सितारे भी मुख्य किरदारों में हैं। साथ ही करण जौहर, सलमान खान, आमिर खान, रणवीर सिंह और शाहरुख खान जैसे दिग्गज कलाकारों के कैमियो इसे और भी खास बनाते हैं।

## ऐतिहासिक बाघमरवा जतरा संपन्न, हजारों लोग हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड अंतर्गत वकील अम्बवा, तेतरपोका बाजार टांड़ में आयोजित एतिहासिक बाघमरवा जतरा बुधवार को बड़े हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक धूमधाम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में ग्रामीण, दर्शक, दुकानदार एवं खेल-तमाशा करने वाले जुटे और पूरे दिन जतरा स्थल पर मेले जैसा माहौल बना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने जतरा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन हमारी परंपरा और संस्कृति को जीवित रखने का माध्यम है। विशिष्ट अतिथि भुनेश्वर उरांव एवं अरविंद उरांव ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई और जतरा को समाज में एकता और भाइचारे का प्रतीक बताया। आसपास के विभिन्न गांवों से आयी खोडहा टीमों ने अपनी पारंपरिक कला व प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रेष्ठ टीमों को जतरा आयोजन समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वकील अंबवा, तेतरपोका, धोबाली, मकुंदा, पझरी, कोटा, नौवडीहा, बेदाल, बिटपी, नगड़ी आदि गांवों ने भाग लिया। जतरा आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश उरांव, सचिव फगुवा उरांव एवं प्रमोद उराव ने सभी ग्रामीणों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य हमारी धरोहर, संस्कृति और सामाजिक एकता को सहेजना है। जतरा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना भंडरा की पुलिस टीम लगातार तत्पर रही, जिससे पूरा कार्यक्रम शांति और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

# गड्ढों और कीचड़ में फंसा विकास लात पंचायत के लोग परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के अतिसुदुर्वर्ती इलाका लात पंचायत आजादी के 9 दशक बाद भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। गांवों में सड़कों की हालत इतनी खराब है कि ग्रामीणों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़कों की बदहाली के कारण जरूरत पड़ने पर भी वे गांव से बाहर नहीं निकल पाते।



खासकर बरसात में मरीजों को अस्पताल ले जाना, बच्चों का स्कूल जाना या जरूरी काम से बाजार जाना बेहद मुश्किल हो जाता है। कच्ची और जर्जर सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ बने हुए है। जिससे आए दिन वाहन फंस जाते हैं। स्थानीय लोगों और प्रखण्ड प्रमुख सुशीला कुमारी ने बताया कि लात पंचायत के लाभर से करमडीह तक जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से जर्जर है। हाल ही में बारिश के बाद इस मार्ग पर चलने वाली बाला जी नामक बस, सीआरपीएफ पिकेट का वाहन व अन्य वाहन गड्ढे और कीचड़ में बुरी तरह फंस गयी। जिसे निकालने में घंटों मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने अब अंतिम गुहार जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से लगाई है कि इस मामले पर तुरंत संज्ञान लेकर सड़क की मरम्मत और पक्कीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जायें।

# लोहरदगा में भक्ति भाव से हुई देव शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा





आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में भक्तो द्वारा देव शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का श्रद्धा व भक्ति भाव से पूजा अर्चना किया गया। वही विश्वकर्मा पूजा को लेकर भक्तों में हर्षोल्लास था। भगवान विश्वकर्मा का पूजा करने के लिये लोग सुबह से ही अपने वाहन, मशीन और गैरेज तथा हार्डवेयर दुकान सहित अन्य वस्तुओं का साफ सफाई करने में व्यस्त थे। वही साफ सफाई करने के पश्चात दुकान व गैरेज को बहुत ही सुन्दर ढंग से सजा कर भगवान विश्वकर्मा का प्रतिमा रख पुष्प, अक्षत, चन्दन, धूप दीप के साथ नैवेद्य अर्पण कर देवशिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। साथ ही प्रखंड मुख्यालय स्थित बिजली पावर ग्रिड, राइस मिल में तथा अन्य सभी जगहों में आचार्यों पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से देव शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चना कराया गया। वही सभी जगहों में भक्तजन उपस्थित थे।

# रैयतों ने एक ही भूमि को दो खरीदारों को बेचा, विवाद

## कर्मचारियों की मनमानी-लापरवाही ने मामले को और उलझाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज के सतगांवा मौजे में एक ही प्लॉट को दो रैयतों द्वारा अलग-अलग खरीदारों को बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। इससे खरीदारों के बीच विवाद हो गया है। पहले खरीदार सरसोत गांव निवासी श्यामलाल मेहता ने 24 नवंबर 2006 को अनुज कुमार सिन्हा से 3.75 डिसमिल जमीन खरीदा था। जिसका विक्रय संख्या 10834/10751 है। लेकिन जमीन की केवाला के बाद से अब तक श्यामलाल मेहता नामांतरण नहीं करा सके हैं। जबकि उसी जमीन को अनुज कुमार सिन्हा के सगे संबंधी नीता सिन्हा ने 30 अक्टूबर 2023 को प्रेम गौरव के नाम बेच दिया। जिसका विक्रय पत्र संख्या 6618 है। इसके बाद प्रेम गौरव ने खरीदी हुई जमीन के नामांतरण के लिए राजस्व विभाग से अपील की। इसी बीच श्यामलाल मेहता ने भी 8 नवंबर 2023 को सीओ से नामांतरण पर रोक लगाने की अपील की। कहा कि उक्त भूमि उनकी है। सीओ ने श्यामलाल मेहता के दखल कब्जे को देखते हुए प्रेम गौरव के नामांतरण पर रोक लगा दिया। हालांकि, इस निर्णय के बाद राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि उनके द्वारा पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि उनके पास सभी कानूनी दस्तावेज हैं, जो यह साबित करते हैं कि उन्होंने भूमि का वैध रूप से अधिग्रहण किया है। दूसरी ओर, सीओ ने इस विवाद पर कहा कि अनुज कुमार सिन्हा और नीता सिन्हा के बीच उक्त भूमि बटवारे के अनुसार नीता सिन्हा के हिस्से में है। जिससे अनुज कुमार सिन्हा ने अनलीगल तरीके से श्यामलाल मेहता को जमीन बेची है। विवाद के निपटारे को लेकर वे लोग वरीय अधिकारियों के पास जा सकते हैं। श्यामलाल मेहता को दखल कब्जे को निरस्त करते हुए प्रेम गौरव को भूमि पर दखल देने की अनुमति दी गई, जो पूरी तरह से गलत है। श्यामलाल मेहता का कहना है कि राजस्व विभाग के कर्मचारी जानबूझकर गलत तरीके से नामांतरण प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले में उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि मामले का निष्पक्ष समाधान हो सके। वहीं, प्रेम गौरव ने भी इस प्रक्रिया में हो रही देरी और असमंजस

# पांकी विधायक ने पांच सड़कों का शिलान्यास कर दिया प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस का तोहफा



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पांकी प्रखंड में पांच महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास किया। इसमें नावागढ़ से अशरिया पथ का सुदृढ़ीकरण एवं पांकी सत्याडी चौक से चौरहा पथ, टाटीदिरी से होटवार एवं लोहरसी चट्टी बाजार से तितलंगी पथ और लोहरसी से पिपराटांड़ नौडीहा पथ का शिलान्यास शामिल था। इस अवसर पर विधायक भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का जन्म दिवस केक काटकर मनाया। विधायक ने हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा एवं करोड़ों सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रेणास्त्रोत है। वे दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेताओं में से एक है। उनके नेतृत्व में भारत एक ऐसे राष्ट्र में बदल गया जो दूसरों को प्रेरणा देता है। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मिंटी वर्मा, मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह, रीमा शर्मा, सुरेंद्र मेहता, साधु मांझी, प्रिंस कुमार गुप्ता, सुनील प्रसाद गुप्ता, यशवंत मेहता, विनोद यादव, कार्तिक सिंह, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र पासवान और सुरेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, कुआं से शव बरामद

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर थाना क्षेत्र के रेगनियां गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान यमुना कुमार (25) के रूप में हुई है। बुधवार को उसका शव हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत नकुरुआ (दुबरडीह) गांव के एक कुआं से बरामद हुआ। शव पाये जाने से बाद गांव में सनसनी फैल गई है। छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। हालांकि शव 4 से 5 दिन तक पानी में रहने के कारण एमएमसीएच में पोस्टमॉर्टम कराना संभव नहीं है। पोस्टमॉर्टम के लिए शव को रांची स्थित रिम्स अस्पताल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मामला कुएं में गिरने से मौत का हो सकता है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। उधर, मृतक के परिजन इस घटना को हत्या मानते हुए न्याय की मांग कर रहे हैं। मृतक के पिता रमेश पासवान ने अपने ही साले बाबूलाल पासवान और सरहज बिना देवी पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया कि 12 सितंबर को यमुना छतरपुर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए गया था। लौटते समय वह अपनी नानी के घर रेगनियां गांव गया था। वहां उसके मामा-मामी से बकझक होने की सूचना उन्हें मिली थी। 12 सितंबर की रात से यमुना गायब था। उसकी काफी तलाश की गयी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच बुधवार को उसका शव रेगनियां गांव के कुएं से बरामद हुआ।

# पीएम मोदी के दूरदर्शी निर्णय ने भारत को दी नयी दिशा: सूर्या सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर भाजपा के युवा नेता सूर्या सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कहा कि मोदी जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रहित में लिये ऐतिहासिक निर्णयों से भारत को नई दिशा और वैश्विक पहचान दिलाई है। मोदी जी के प्रयासों से घर-घर शौचालय का निर्माण हुआ, जिससे विशेष रूप से महिलाओं को गरिमा और सुरक्षा मिली। कहा यदि आने वाले 10-15 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता और संकल्प से भारत पूरी तरह स्वच्छ बनता है, तो यह न केवल एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी बल्कि गांधी जी के अधूरे सपने की वास्तविक पूर्ति भी होगी। क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे महात्मा गांधी और नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में सक्रिय योगदान दें। स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि भारत स्वच्छ, सुरक्षित और सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर सके।

## जीएसटी के कारण स्कॉर्पियो हो सकता स्टॉक आउट : आकर्ष आनंद

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महिंद्रा के अधिकृत विक्रेता आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद ने बताया कि 22 सितंबर से होने वाले जीएसटी में बदलाव के कारण ग्राहक बड़ी संख्या में गाड़ियों की बुकिंग कर रहे हैं लेकिन लिमिट स्टॉक के कारण ग्राहकों को वेटिंग भी करनी पड़ सकती है। बताया हमारे यहां आंकलन से तीन गुना अधिक बुकिंग की संभावना है। खासकर स्कॉर्पियो क्लासिक और स्कॉर्पियो एन में ग्राहकों की रुचि अत्यधिक दिख रही है। वहीं, कंपनी के प्रबंधक प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि जीएसटी घटने के कारण अचानक गाड़ियों का डिमांड काफी बढ़ गया है इसलिए 21 तारीख तक सभी लोग जिनका पहले बुकिंग हुआ है वह अपनी-अपनी गाड़ियों का कागजात कंप्लीट कर ले रहे हैं, ताकि 22 तारीख को नई जीएसटी दर लागू होते के साथ डिलीवरी ले सके अन्यथा लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

## मधुपुर अस्पताल में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ

# प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जन्मदिन को महिलाओं के हित के लिए समर्पित किया है: डॉ निशिकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर मधुपुर अनुमंडल अस्पताल में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' कार्यक्रम के तहत दो अक्टूबर तक चलने वाले 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ गोड्डा सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे ने किया। इस अवसर पर शिविर लगाकर महिलाओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता परामर्श उपयुक्त दवा दी गई। जिसका निरीक्षण सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे ने सभी स्टालों में घूम-घूम कर किया। वहीं, माधोपुर में एक परिवार को आयुष्मान कार्ड दिया। साथ ही अनुमंडल अस्पताल परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर डॉ शशिकांत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जन्मदिन को महिलाओं के हित के लिए समर्पित किया है। कार्यक्रम में अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद, डॉक्टर रमेश कुमार, जिलाध्यक्ष सचिन रवानी, भाजपा नेता सह मधुपुर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह, संजय यादव, अधीर चंद्र, रवि रवानी, मोती सिंह, गुड्डू दुबे, ऐनुल होदा, अशोक गोंड, बीनू यादव, मनोज रवानी, मालती सिन्हा, सुनीता जयसवाल, सुचिता घोष, डॉक्टर इकबाल खान, अस्पताल एकाउंटेंट प्रशांत सौरभ, अजय कुमार और दामोदर वर्मा आदि मौजूद है।

## देवघर में भाजपा युवा मोर्चा का मेगा रक्तदान शिविर आयोजित



**देवघर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस को लेकर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को देवघर भाजपा युवा मोर्चा की ओर से शहर के एक निजी होटल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं-लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष आशीष दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए समाजसेवा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। रक्तदान शिविर भी उसी कड़ी का हिस्सा है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को रक्त की उपलब्धता समय पर हो सके। शिविर में मौजूद डॉ राजीव रंजन ने बताया कि प्रत्येक रक्तदाता का पहले स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उसके बाद ही रक्त लिया गया। कहा कि इस प्रकार के आयोजन न सिर्फ मरीजों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं।

## कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक



**देवघर (आजाद सिपाही)।** कर्मचारियों के विभिन्न मांगों के समर्थन में झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड इम्प्लाइज फेडरेशन (झारोटेफ) की ओर से रांची जिला स्कूल मैदान में 20 सितंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर देवघर जिला ईकाई की ओर से बुधवार को केकेएन स्टेडियम में समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें शिक्षकों के लिए एमएसीपी लागू करने, सेवानिवृत्ति की उम्र 62 साल करने एवं शिशु शिक्षण भत्ता लागू करने आदि मांगों के समर्थन में रांची में 20 को आयोजित होने वाले कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी। विदित हो कि आंदोलन के प्रथम चरण में हस्ताक्षर अभियान, द्वितीय चरण में ध्यानाकर्षण रैली, तृतीय चरण में जन समर्थन रैली और चौथे चरण में कर्मचारी शक्ति समागम का आयोजन हर प्रखंड एवं जिले में आयोजित कर कर्मचारियों को जागरूक किया गया। प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार राय ने कहा कि चार चरणों के सफल आंदोलन के बाद अब पांचवें और अंतिम चरण को सफल बनाने की आवश्यकता है। देवघर से रांची पहुंचने वाले कर्मचारियों की संख्या को लेकर मंथन किया गया और सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने को लेकर कर्मचारियों को रांची पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष आलोक राज ने कहा कि सभी कर्मचारियों ने रांची जाने को लेकर टिकट बनवा लिया है। इस मौके पर प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार राय, जिला अध्यक्ष आलोक राज, संरक्षक पुरुषोत्तम कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी राजेश नारायण राय, जिला उपाध्यक्ष सुभाष कुमार सुमन, शैलेंद्र कुमार, अनुराज कुमार, सुलेखा विश्वास, मनोरमा झा, अनिशा कुमारी, अमित कुमार, विजय कुमार, आलोक कुमार, विजय झा, संतोष कुमार झा, दिलीप कुमार, सोनू यादव और मनोज सिंह आदि मौजूद थे।

## शांति समिति की बैठक, दुर्गा पूजा आयोजकों से लाइसेंस लेने और अफवाहों से बचने की अपील



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू थाना परिसर में गुरुवार को दुर्गापूजा की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने की। इस मौके पर सीओ मदन कुमार सुमन, बीडीओ सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से दुर्गापूजा के दौरान संभावित समस्याओं पर चर्चा की। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ संपन्न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने आयोजन समितियों को पूजा पंडाल के लिए विधिवत लाइसेंस लेने का निर्देश दिया। साथ ही अफवाहों से बचने और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना प्रशासन को देने की अपील की। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि पूजा पंडालों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। शराबियों और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। वहीं, सीओ मदन कुमार सुमन ने कहा कि दुर्गापूजा आपसी प्रेम और सद्भाव का पर्व है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने पूजा समितियों से सुरक्षा मानकों का पालन करने, सजावट में विद्युत उपकरणों का सावधानीपूर्वक उपयोग करने और भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने की भी अपील की। इस मौके पर पुअनि अनीश राज, राजेश कुमार, सअनि सतेंद्र सिंह, बाबूलाल यादव, हरीश यादव, भुनेश्वर तूरी, पूर्व मुखिया उदय सिंह, विधायक प्रतिनिधि उदेश कुमार यादव, मुखिया अनुज प्रसाद, नौशाद, बंधु भुइया, उमेश प्रसाद साहू, पूर्व मुखिया रामचंद भुइया आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भारत स्काउट और गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने किया। यह शिविर 20 सितंबर तक चलेगा। वहीं, प्रथम दिन जिला प्रशिक्षक अमित झा ने स्काउट और गाइड का इतिहास और इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्रों को टोली निर्माण की विधि, झंडोत्तोलन प्रक्रिया, मार्च पास्ट और गांठ बांधने की कला की भी जानकारी दी। कहा कि स्काउट और गाइड अनुशासन, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। वहीं, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि स्काउट और गाइड गतिविधियों से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे राष्ट्र निर्माण में जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। शिविर को सफल बनाने में जिला प्रशिक्षक विवेक सिंह, प्रशांत कुमार, नवीन कुमार, शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक, रणजीत मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, अरविंद यादव, हर्षदा चौबे, छाया कुमारी, संजय सिन्हा, राजेश्वर यादव और राजकुमार सिंह का विशेष योगदान रहा।

## केकेएन स्टेडियम में जिला स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**देवघर (आजाद सिपाही)।** राज्य के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय की ओर से आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ गुरुवार को केकेएन स्टेडियम में हुआ। जिसमें पूरे झारखंड से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 19 सितंबर तक चलेगी। जिसके तहत आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र एवं जेएसएसपीएस चयन के लिए फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल और कुश्ती जैसी स्पर्धाएं शामिल हैं। वहीं, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के चयन के लिए फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स और कुश्ती आयोजित होंगी। उधर, प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न स्कूलों के 97 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसे सफल बनाने में जिला खेल कार्यालय के खेल समन्वयक अमित साव, पर्यटन विभाग के कुणाल झा, चयन प्रशिक्षक संजीव झा, रूपेश कुमार सिंह, नितेश पंडित, दीपक कुमार, संजय चौधरी, भोला यादव और खेल मित्र प्रदीप मेहरा ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' का हुआ शुभारंभ, किया गया जागरूक



**मधुपुर/आसनसोल (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर को मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' और 8वां राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। जिसका उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व में विकास को बढ़ावा देना है। इस दौरान दो अक्टूबर के बीच पूरे देश में 10 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने महिलाओं से कैंसर, एनीमिया, टीबी और सिकल सेल जैसी घातक बीमारियों की जांच कराने का आग्रह किया। इस दौरान एक करोड़ सिकल सेल कार्ड वितरित किया। इस राष्ट्रीय पहल के अनुरूप, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का उद्घाटन आसनसोल डिवीजनल रेलवे अस्पताल में किया गया। आसनसोल की डीआरएम विनिता श्रीवास्तव ने परिवार और समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और इस अभियान के माध्यम से महिलाओं की भलाई के जरिए स्वस्थ और सशक्त परिवार सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**देवघर (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की देवघर इकाई ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक ज्ञापन भेजा है। इसमें न्यायालय की ओर से पारित आदेश का हवाला देते हुए शिक्षकों की सेवा शर्तों के निर्धारण, नियमितीकरण और मानदेय स्थायीकरण की मांग की गई है। पदाधिकारियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामले एवं अन्य प्रकरणों में पारित आदेश के आलोक में राज्य सरकार को तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत एक सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि शिक्षकों की सेवा शर्तें आरटीई एक्ट 2009 और एनसीटीई की अधिसूचना दिनांक 23 अगस्त 2010 के अनुरूप तय की जाएं। संगठन ने स्पष्ट किया कि आरटीई एक्ट के तहत शिक्षकों की न्यूनतम अर्हता अनिवार्य रूप से टीईटी (टेट) पास होना है। कई शिक्षक पहले से चयनित हैं और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित सेवा शर्तों का लाभ नहीं मिल पा रहा। ज्ञापन में मांग की गई कि 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना और आरटीई एक्ट 2017 की धारा 23(2) के तहत शिक्षकों को मान्यता दी जाए और उन्हें स्थायी सेवा में समाहित किया जाए। यह भी कहा कि राज्य सरकार ने समय-समय पर शिक्षकों की स्थिति स्पष्ट करने का आश्वासन दिया है, परंतु जमीनी स्तर पर अब तक ठोस पहल नहीं हुई है। इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष किशोर कुमार सिंह और जिला सचिव मनोज कुमार झा सहित कई पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर कर ज्ञापन को अनुमोदित किया।

## 'बैंकर्स वर्कशॉप फॉर वुमेन एंटरप्रेन्योरशिप फंड' कार्यशाला आयोजित

# ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहीं: पीयूष सिन्हा




**देवघर (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग की ओर से गुरुवार को 'बैंकर्स वर्कशॉप फॉर वुमेन एंटरप्रेन्योरशिप फंड' पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता डीडीसी पीयूष सिन्हा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों को सरकारी योजनाओं और कॉर्पोरेट फंड्स की जानकारी देना और उन्हें आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करना है। कहा कि समूह आधारित वित्त पोषण को सफलतापूर्वक लागू किया गया है, लेकिन अब समय आ गया है कि महिलाओं को व्यक्तिगत उद्यम के लिए भी प्रेरित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में बैंकों की जिम्मेदारी है कि वे समय पर ऋण उपलब्ध कराकर उनके उद्यमों को और मजबूती प्रदान करें। देवघर जिला को इमर्शन साइट के रूप में चुना गया है, जहां अन्य जिलों और राज्यों से सखी मंडल दीदी और पदाधिकारी आकर 'लखपति दीदी' मॉडल को देखेंगे और सीखेंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि बैंक समय पर ऋण वितरण कर महिलाओं के सपनों को साकार करने में मदद करें। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, लाभुकों तक सरकारी योजनाओं के तहत ऋण एवं वित्तीय सुविधाएं समय पर पहुंचाना और बैंकिंग व्यवस्था की बाधाओं को दूर करना था। डीडीसी ने बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और पात्र लाभुकों को पारदर्शिता के साथ ऋण उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और बैंकर्स से सुझाव भी लिए गए। इस मौके पर एलडीएम, जेएसएलपीएस डीपीएम, सभी बैंक प्रबंधक, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समन्वयक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' की शुरुआत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार रवि की अध्यक्षता में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' की शुरुआत हुई। उक्त कार्यक्रम दो अक्टूबर तक सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित होगा। विस्तृत जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि महिलाओं की सेहत परिवार और समाज की नींव है। इस अभियान का उद्देश्य पोषण, फिटनेस और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना है। बताया कि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाए जाएंगे। इस दौरान महिलाओं को केंद्र में रखकर रोकथाम, जांच, इलाज और परामर्श सेवाएं दिया जाएगा। इस मौके पर डॉ विनेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, लेखा प्रबंधक, डाटा प्रबंधक, सीएचओ, एएनएम और एमपीडब्ल्यू उपस्थित थे।

## मिलजुल कर मनाने से बढ़ जाता है त्योहार का महत्व : राकेश तिवारी

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** दुर्गापूजा को लेकर रेहला थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी गुलशन बिरूआ और संचालन पूर्व जिला पार्षद फिरोज खान ने किया। इसमें दुर्गा पूजा महोत्सव की शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि मिलजुल कर मनाने से त्योहार का महत्व और बढ़ जाता है। वहीं, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी की बात कही।

## बिशुनपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय बिशुनपुर में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जल सहिया, सेविका, प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे। जिन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, अंचल अधिकारी शेखर वर्मा के द्वारा कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सामूहिक रूप से स्वच्छता का शपथ दिलाया गया, और संकल्प दोहराया कि वे अपने घर, आंगन, गांव तथा कार्यस्थल को स्वच्छ रखेंगे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक यह अभियान सभी जगह पर चलाया जायेगा, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। मौके पर अंचल अधिकारी शेखर वर्मा ने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा है बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी भी है। गंदगी से बीमारियों का खतरा बढ़ता है, इसलिए सभी का दायित्व है कि वह अपने आसपास सफाई रखें। स्वास्थ्य विभाग के कनीय अभियंता अनुपम लकड़ा ने महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने का आह्वान किया और बताया कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। सामूहिक शपथ के बाद सभी ने मिलकर प्रखंड परिसर की सफाई भी की और लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह अभियान पंचायतों और गांवों में चलाया जायेगा।

## कुरकुरा नरसंहार की याद में मनाया शहादत दिवस



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव कुरकुरा बाजार टांड़ में गुरुवार को कुरकुरा नरसंहार की घटना को याद करते हुए 19 वीं शहादत दिवस काफी सादगी के साथ मनाया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप मे सिसई विधान सभा क्षेत्र के विधायक जिगा सुसारन होरो को आमंत्रित किया गया। वहीं विधायक श्री होरो ने सबसे पहले कुरकुरा नरसंहार की घटना मे शहीद हुए लोगों के स्मारक पत्थर के समीप जाकर पुष्प अर्पित किया और मोमबती जलाकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद श्री होरो ने सभा को संबोधित कर कहा कि शहीदों की कुर्बानी बेकार नहीं जाती है। याद किजिए वर्ष 2006 के पूर्व इस क्षेत्र की स्थिति क्या थी? लोग दिन रात अपराधियों के डर के साये मे जी रहे थे। गांव मे विकास का पहिया थम गया था। ग्रामीणो ने हिम्मत कर अपराधियों से मुकाबला किया और अपनी जान कुर्बान कर दी। जिसके कारण अपराधी मैदान छोड़कर भाग खड़े हुए। नतीजा आज क्षेत्र मे अमन चैन की जिंदगी जी रहे हैं। आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम सभा युनियन परिषद के सदस्य और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावे ग्रामीण काफी संख्या मे मौजूद थे।

## ‘स्वस्थ नारी सशक्त परिवार’ अभियान की शुरुआत



**बसिया (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल बसिया में बुधवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडूंग ओर विनोद भगत द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि सभी महिलाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना इलाज कराये, एक स्वस्थ महिला होने से एक पूरा परिवार चैन की नींद सोता है। हम महिलाओं को वर्तमान समय मे स्वस्थ होना अति आवश्यकता है। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जायेगी। अभियान के तहत महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा, जैसे- चीनी और खाद्य तेलों का 10 फीसदी तक कम उपयोग, मोटापा नियंत्रण, स्थानीय आहार एवं क्षेत्रीय योजनाओं को बढ़ावा देना, मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता और पोषण मानकों का पालन। साथ ही मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सिकल सेल कार्ड तथा पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों का पंजीकरण भी किया जाएगा।स्वास्थ्य सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इस दौरान रक्तदान शिविर, निक्षय मित्र स्वयंसेवी पंजीकरण और अंगदान पंजीकरण की सुविधा भी दी जायेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय लकड़ा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिपिंग बारला, डॉ जाहिद हुसैन, बीपीएम संदीप साहू सहित कई स्वास्थ्यकर्मी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## घाघरा में बीएलओ को मिला प्रशिक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर के सभागार में बीएलओ कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीडीओ दिनेश कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए कार्यक्रम में गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025-26 से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध करायी गयी, जिसे आगामी 25 अक्टूबर 2024 की मतदाता सूची के साथ मैपिंग करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को और अधिक सटीक एवं अद्यतन करना है। बीडीओ ने सभी कर्मियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर निर्वाचन कंप्यूटर ऑपरेटर ज्योतिलाल महतो, बीपीआरओ शंकर साहू, सतीश बंसल सहित कई बीएलओ कर्मी सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## कुएं से नाबालिग का शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** रुकी पंचायत के पोढ़ा गांव में 8 वर्षीय नाबालिक पृथ्वी उरांव का शव गांव स्थित कुएं से घाघरा पुलिस ने बरामद किया है। मृतक के पिता सह रुकी पंचायत के मुखिया भीम उरांव ने बताया कि उसका बच्चा सोमवार को दिन के 12 बजे घर से निकला था और वह वापस नहीं लौटा। उसके बाद उसका काफी खोजबीन किया गया लेकिन पृथ्वी का कोई पता नहीं चला। वही घर से कुछ दूर स्थित बिना मुंडेरा के बने कुआं में मृतक पृथ्वी के बड़े पिताजी कुआं में पानी भरने गए थे। तो देखा कुएं में एक बच्चा डूबा हुआ है। जिसकी सूचना घर वाले और ग्रामीणों को दी।

# ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार, एक फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 10 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर गुरूवार की अपराह्न 4 बजे जेल भेज दिया। जेल भेजे जाने वालों में देवरस नगर टोटो निवासी शुभम कुमार (23) और नवाटोली निवासी संजु उरांव (19) शामिल है। जानकारी देते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि 17 सितंबर की शाम गुप्त सूचना मिला कि आंजन रोड स्थित छोटा खटंगा पानी टंकी के बने रूम में कुछ लोग ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे है। जिसके उपरांत टीम का गठन कर उक्त स्थान पर छापेमारी की गयी। जहां से शुभम और संजु उरांव को गिरफ्तार किया गया। वहीं इनका एक अन्य साथी हर्षित तिवारी टंकी के अंदर बने सीढ़ी के सहारे से कूद कर तालाब के रास्ते भागने में कामयाब रहा। उपरोक्त दोनों की तलाशी लेने पर शुभम के पाकेट से 10 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। आरोपितों ने बताया कि उक्त ब्राउन शुगर को हर्षित ने गोकुल नगर के अजय साहू के पास से पांच हजार रुपये में खरीदा था। वहीं इस मामले के फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी के दौरान डेढ़ ग्राम ब्राउन शुगर, एक बुलेट , दो मोबाइल समेत अन्य समान बरामद किया गया। छापेमारी टीम में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली, पुअनि उदेश्वर पाल, सअनि नौशाद पवरिया और थाना के सशस्त्र बल मौजूद थे।

## शपथ के साथ ‘स्वच्छता ही सेवा’ पखवाड़े का आगाज

**चैनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत ‘स्वच्छता ही सेवा-2025’ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रखंड परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सामूहिक स्वच्छता शपथ ली गयी, जिसमें सभी प्रखंड कर्मी, जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने और गंदगी न फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सामूहिक श्रमदान भी किया गया, जिसमें ब्लॉक परिसर की साफ-सफाई की गयी। यह पहल देश को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान का ही एक हिस्सा है। वही बीडीओ श्री यादव बैठा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ एवं हरित उत्सव मनाना है। उन्होंने इस अवसर पर सभी से स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने की अपील की।**

## बाल सुधार गृह से दो बच्चे फरार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिलम स्थित बाल सुधार गृह से बुधवार की देर रात एक बड़ी लापरवाही सामने आयी है। यहां से दो बच्चे दीवार को फांदकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों ने अपने फरारी की योजना पहले से बना रखी थी और मौके का फायदा उठाते हुए रात के अंधेरे में सुधार गृह की ऊंची दीवार को पार कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और तत्काल छापेमारी अभियान शुरू कर दिया गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। देर रात से ही संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है, परंतु अभी तक बच्चों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## दस फीट के अजगर को वन कर्मियों ने किया रेस्क्यू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के गाढ़सारू गांव में वन विभाग की टीम ने 10 फीट लंबे अजगर सांप का रेस्क्यू किया। वहीं उसे पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। जानकारी के मुताबिक गढ़ सारु गांव निवासी राहुल किशोर सिंह के मुर्गी फार्म में गुरुवार के सुबह 8 बजे एक अजगर सांप को देखा गया। जो कई मुर्गी को खाकर विचरण कर रहा था।

## हड्डी और मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ 20 को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सुप्रसिद्ध नस हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार 20 सितंबर दिन शनिवार को गुमला में रहेंगे। वे पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि ससमय पहुंच कर रोगी डॉ अनिल से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रह



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) गुमला द्वारा गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर गुमला सदर अस्पताल के प्रांगण में सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव, जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत अनेक जनसरोकार के कार्य किये जायेंगे जिसके निमित लगभग 25 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। जिसमे रक्त दान करने वालो में मुख्य रूप से अमन यादव, सविंद्र कुमार सिंह, अभिषेक चंद्र उरांव, भोला चौधरी, बालमोहन साहू, जय साहू, भीम साहू, बसंत साहू, राम प्रकाश साहू ,लक्ष्मण साहू ,मोहम्मद मुजाहिद पवन टोप्पो, सुमित गोप ,रोहित कुमार,सहित दर्जनों युवाओं ने रक्त दान किया। संदीप कुमार ने बताया कि युवा मोर्चा के द्वारा प्रत्येक साल मोदी जी की जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है तथा सेवा ही संगठन के भाव से अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। अमन यादव ने बताया कि युवा मोर्चा के द्वारा पूरे प्रदेश में चार हजार यूनिट का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक कमलेश उरांव, निर्मल गोयल, सागर उरांव, दामोदर कसेरा, संयुक्ता देवी, सकुंतला उरांव, यशवंत सिंह, कोसेलेंद्र जमुआर, विकास सिंह, हरिहर कुमार, दिनेश सिंह, सत्यनारायण भगत, दिनेश चौधरी, नीतीश बड़ाईक, छोटेलाल ताम्रकार सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।


**समाहरणालय, लातेहार (भू–अर्जन शाखा)**
**समाहर्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–राजबार चादर–I थाना नं0–195 राजस्व, थाना–बालुमाथ पुलिस स्टेशन–बालुमाथ जिला लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–**राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौपा गया। S.I.A. प्रतिवेदन को भू–अर्जन अधिनियम 2013 के धारा–07 (2) उपधारा (1) के तहत् आक्कलन हेतु विशेषज्ञ समूह गठित किया गया एवं समूह के प्रतिवेदनानुसार भूमि अधिग्रहण करने की सहमति दी गई है। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा–निम्न है। कोल ब्लॉक निर्माण के दौरान ज्यादातर लोगों की जमीन अधिग्रहित किया जायेगा। परियोजना हेतु भू–अर्जन किये जाने की सहमति दी जाती है"। भू–अर्जन के कारण परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–राजबार चादर–I थाना नं0–195 राजस्व, थाना–बालुमाथ पुलिस स्टेशन–बालुमाथ जिला लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**297.62** एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र० सं० | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 301 | राजबार चादर –I | 74 | 282 | टांड दो | 1.65 | 1.65 | बीरबल उरॉव, पिता–लगड़ा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | बीरबल उरॉव, पिता–लगड़ा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– सोमर उरांव दक्षिण– करहा पूरब–286,पश्चिम–280 |
| 302 | राजबार चादर –I | 74 | 300 (P) | टांड दो | 1.31 | 0.45 | बीरबल उरॉव, पिता–लगड़ा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | बीरबल उरॉव, पिता–लगड़ा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– देवसहाय उरांव दक्षिण– विफा उरांव पूरब–299,पश्चिम–302 |
| 303 | राजबार चादर –I | 74 | 421 | धान दो | 0.20 | 0.20 | बीरबल उरॉव, पिता–लगड़ा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | बीरबल उरॉव, पिता–लगड़ा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– जीतु उरांव दक्षिण– लाल प्रदीप नाथ सहदेव पूरब–416,पश्चिम–423 |
| 304 | राजबार चादर –I | 74 | 424 | धान दो | 0.18 | 0.18 | बीरबल उरॉव, पिता–लगड़ा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | बीरबल उरॉव, पिता–लगड़ा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– चंदु उरांव दक्षिण– लाल प्रदीप नाथ सहदेव पूरब–423,पश्चिम–425 |
| 305 | राजबार चादर –I | 74 | 961 | टांड दो | 0.07 | 0.07 | बीरबल उरॉव, पिता–लगड़ा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | बीरबल उरॉव, पिता–लगड़ा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– जीतु उरांव दक्षिण– नदी पूरब–962,पश्चिम–960 |
| 306 | राजबार चादर –I | 75 | 669 (P) | धान दो | 1.13 | 0.06 | विरसा उरॉव, पिता–केशवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोंगरी पत्रालय होलंग | विरसा उरॉव, पिता–केशवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– बांध दक्षिण– जंगल पूरब–671 पश्चिम–668 |
| 307 | राजबार चादर –I | 75 | 676 (P) | धान दो | 3.54 | 2.87 | विरसा उरॉव, पिता–केशवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोंगरी पत्रालय होलंग | विरसा उरॉव, पिता–केशवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– मंगरा उरांव दक्षिण– निज पूरब–675 पश्चिम–668 |
| 308 | राजबार चादर –I | 76 | 671 (P) | टांड दो | 1.70 | 1.41 | विरसा उरॉव, पिता–केशवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोंगरी पत्रालय होलंग | विरसा उरॉव, पिता–केशवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– बिरसा उरांव दक्षिण– पुरानी परती पूरब–672 पश्चिम–669 |
| 309 | राजबार चादर –I | 76 | 722 | टांड दो | 0.19 | 0.19 | विरसा उरॉव, पिता–केशवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोंगरी पत्रालय होलंग | विरसा उरॉव, पिता–केशवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– महली उरांव दक्षिण– रामधनी उरांव पूरब–723 पश्चिम–663 |
| 310 | राजबार चादर –I | 76 | 725 | टांड दो | 0.63 | 0.37 | विरसा उरॉव, पिता–केशवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोंगरी पत्रालय होलंग | विरसा उरॉव, पिता–केशवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– महली उरांव दक्षिण– नाला पूरब–726 पश्चिम–736 |
| 311 | राजबार चादर –I | 80 | 625 (P) | टांड दो टांड दो | 0.44 | 0.03 | बंधनी देवी, पति–फिरंगी भुइयां एक अंश, व मोहर भुइयां पिता–कइल भुइयां दो अंस व मोहर भुइयां व जगेश्वर भुइयां पिता–कइल भुइयां दो अंश समान, जाति–भुइयां निवासी–निज ग्राम | बंधनी देवी, पति–फिरंगी भुइयां एक अंश, व मोहर भुइयां पिता–कइल भुइयां दो अंस व मोहर भुइयां व जगेश्वर भुइयां पिता–कइल भुइयां दो अंश समान, जाति–भुइयां निवासी–निज ग्राम | उत्तर– निज दक्षिण– विफा उरांव पूरब–626 पश्चिम–598 |
| 312 | राजबार चादर –I | 83 | 846 | टांड दो | 2.50 | 2.50 | भवानी सिंह, पिता–हरखु सिंह, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | भवानी सिंह, पिता–हरखु सिंह, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– भवानी सिंह दक्षिण– बद्री उरांव पूरब–851,पश्चिम–859 |
| 313 | राजबार चादर –I | 83 | 856 | मकान मय शहन | 0.06 | 0.06 | भवानी सिंह, पिता–हरखु सिंह, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | भवानी सिंह, पिता–हरखु सिंह, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर–निज दक्षिण–निज पूरब–निज,पश्चिम–निज |
| 314 | राजबार चादर –I | 83 | 857 | टांड दो | 2.15 | 2.15 | भवानी सिंह, पिता–हरखु सिंह, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | भवानी सिंह, पिता–हरखु सिंह, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– नदी दक्षिण– निज पूरब–854,पश्चिम–858 |
| 315 | राजबार चादर –I | 83 | 875 | टांड दो | 1.78 | 1.78 | भवानी सिंह, पिता–हरखु सिंह, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | भवानी सिंह, पिता–हरखु सिंह, जाति–राजपुत, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– नदी दक्षिण– नदी पूरब–876,पश्चिम–874 |
| 316 | राजबार चादर –I | 84 | 457 (P) | धान दो | 1.66 | 1.65 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– लाल प्रदीप नाथ सहदेव दक्षिण– नदी पूरब–455,पश्चिम–458 |
| 317 | राजबार चादर –I | 84 | 672 | टांड दो | 0.94 | 0.94 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– मंगरा उरांव दक्षिण– पुरानी परती पूरब–रास्ता पश्चिम–671 |
| 318 | राजबार चादर –I | 85 | 721 | टांड दो | 0.33 | 0.33 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– बिरसा पूरब–720 पश्चिम–706 |
| 319 | राजबार चादर –I | 85 | 723 (P) | धान दो | 0.32 | 0.26 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– बिरसा उरांव पूरब–724 पश्चिम–722 |
| 320 | राजबार चादर –I | 85 | 724 (P) | टांड दो | 0.31 | 0.01 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– नदी दक्षिण– बिरसा उरांव पूरब–726 पश्चिम–723 |
| 321 | राजबार चादर –I | 85 | 727 (P) | टांड दो | 0.86 | 0.40 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– नदी दक्षिण– मगंरू उरांव पूरब–728 पश्चिम–726 |
| 322 | राजबार चादर –I | 85 | 728 (P) | टांड दो | 2.51 | 0.82 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– नदी दक्षिण– निज पूरब–874 पश्चिम–731 |
| 323 | राजबार चादर –I | 85 | 729 (P) | टांड दो | 2.62 | 2.08 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– निज पूरब–874 पश्चिम–731 |
| 324 | राजबार चादर –I | 85 | 730 | टांड दो | 1.93 | 1.93 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– जंगल पूरब–755 पश्चिम–732 |
| 325 | राजबार चादर –I | 86 | 414 | टांड दो | 0.29 | 0.29 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– बदरी उरांव दक्षिण– निज पूरब–406 पश्चिम–414 |
| 326 | राजबार चादर –I | 86 | 429 | टांड दो | 0.12 | 0.12 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– परती पूरब–414 पश्चिम–428 |
| 327 | राजबार चादर –I | 86 | 473 (P) | धान दो | 1.01 | 0.95 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– मंगरू दक्षिण– मंगरा उरांव पूरब–474 पश्चिम–472 |
| 328 | राजबार चादर –I | 86 | 474 (P) | धान दो | 1.25 | 1.17 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– मंगरू दक्षिण– विनेश्वर मोची पूरब–479 पश्चिम–473 |
| 329 | राजबार चादर –I | 86 | 702 | टांड दो | 0.05 | 0.05 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– निज पूरब–703 पश्चिम–रास्ता |
| 330 | राजबार चादर –I | 86 | 704 | टांड दो | 0.27 | 0.27 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– मंगरू उरांव दक्षिण– रामधनी पूरब–705 पश्चिम–रास्ता |
| 331 | राजबार चादर –I | 86 | 705 | टांड दो | 0.33 | 0.33 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– महली उरांव दक्षिण– महली उरांव पूरब–706 पश्चिम–704 |
| 332 | राजबार चादर –I | 86 | 706 | धान दो | 0.35 | 0.35 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– मंगरू उरांव दक्षिण– रामधनी पूरब–721 पश्चिम–705 |
| 333 | राजबार चादर –I | 86 | 707 | धान दो | 0.06 | 0.06 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– रामधनी दक्षिण– महली उरांव पूरब–614 पश्चिम–रास्ता |
| 334 | राजबार चादर –I | 86 | 711 | धान दो | 0.34 | 0.34 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– निज पूरब–717 पश्चिम–712 |
| 335 | राजबार चादर –I | 86 | 714 | टांड दो | 0.30 | 0.30 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– महली उरांव दक्षिण– महली उरांव पूरब–715 पश्चिम–706 |
| 336 | राजबार चादर –I | 86 | 715 | टांड दो | 0.28 | 0.28 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– निज पूरब–716 पश्चिम–714 |
| 337 | राजबार चादर –I | 86 | 716 | टांड दो | 0.05 | 0.05 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– महली उरांव पूरब–720 पश्चिम–715 |
| 338 | राजबार चादर –I | 86 | 717 | धान दो | 0.39 | 0.39 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– निज पूरब–719 पश्चिम–711 |
| 339 | राजबार चादर –I | 86 | 719 (P) | धान दो | 0.16 | 0.15 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– महली उरांव दक्षिण– महली उरांव पूरब–718 पश्चिम–717 |
| 340 | राजबार चादर –I | 86 | 733 | धान दो | 0.27 | 0.27 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– मंगरा उरांव दक्षिण– चंदु उरांव पूरब–734 पश्चिम–734 |
| 341 | राजबार चादर –I | 86 | 740 | टांड दो | 1.10 | 1.10 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– पुरानी परती पूरब–742 पश्चिम–746 |
| 342 | राजबार चादर –I | 86 | 742 | टांड दो | 0.92 | 0.92 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण–पुरानी परती पूरब–743 पश्चिम–641 |
| 343 | राजबार चादर –I | 86 | 745 | टांड दो | 0.81 | 0.81 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण–पुरानी परती पूरब–744 पश्चिम–746 |
| 344 | राजबार चादर –I | 86 | 766 | नई परती | 0.60 | 0.60 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर–768 दक्षिण–769 पूरब–768 पश्चिम–768 |
| 345 | राजबार चादर –I | 86 | 767 | नई परती | 1.06 | 1.06 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर–768 दक्षिण–768 पूरब–768 पश्चिम–768 |
| 346 | राजबार चादर –I | 86 | 796 | टांड दो | 1.87 | 1.87 | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व अलियार उरॉव वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस समान, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– रामधनी उरांव दक्षिण– पुरानी परती पूरब–797 पश्चिम–791 |
| 347 | राजबार चादर –I | 87 | 687 | धान दो | 0.03 | 0.03 | महली उरॉव, पिता–लखन उरॉव, एक अंस व वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस , जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– मंगरा उरांव दक्षिण– रामधनी उरांव पूरब–रास्ता पश्चिम–रास्ता |
| 348 | राजबार चादर –I | 87 | 709 | धान दो | 0.24 | 0.24 | महली उरॉव, पिता–लखन उरॉव, एक अंस व वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस , जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– रामधनी उरांव पूरब–710 पश्चिम–रास्ता |
| 349 | राजबार चादर –I | 87 | 710 | धान दो | 0.34 | 0.34 | महली उरॉव, पिता–लखन उरॉव, एक अंस व वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस , जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– नदी दक्षिण– निज पूरब–718 पश्चिम–709 |
| 350 | राजबार चादर –I | 87 | 718 | धान दो | 0.36 | 0.36 | महली उरॉव, पिता–लखन उरॉव, एक अंस व वो मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस , जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | महली उरॉव, पिता–लखना उरॉव, एक अंस व मंगरू उरॉव, पिता–शनिया उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोंगरी पत्रालय होलंग | उत्तर– नदी दक्षिण– निज पूरब–नाला पश्चिम–710 |

PR 362202 (Land Reforms) 25-26 (D)

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लातेहार।

## बोकारो जनरल अस्पताल में राष्ट्रीय 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जनरल अस्पताल में राष्ट्रीय 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्तरंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनिष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रियरंजन, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ विभूति भूषण करुणामय के अलावा मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिन्दा मंडल और मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ इंद्रनील चौधरी ने पारंपरिक रूप से किया। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का उद्देश्य महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य, पोषण, मातृत्व और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि सशक्त नारी के माध्यम से परिवार एवं समाज को भी सशक्त बनाया जा सके। बोकारो जनरल अस्पताल की ओय से आयोजित इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर, परामर्श सत्र एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जो दो अक्टूबर तक चलेंगे। इसके अतिरिक्त, डीएवी इस्पात विद्यालय समूह के स्कूलों में किशोरी छात्राओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसी अभियान के तहत एक अक्टूबर को बोकारो जनरल अस्पताल की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम भी आयोजित होगा।

## गाय चोरी कर ले जाते एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ा, जमकर पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा थाना क्षेत्र के हरियाजाम कॉलोनी के समीप ग्रामीणों ने गुरुवार अहले सुबह पंडरा बस्ती निवासी हलीम शेख को चोरी की गाय ले जाते रंगे हाथों पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। हालांकि गाय चोरी में उसने साथ शामिल अन्य लोग भागने में सफल रहे। स्थानीय महिलाओं की मानें तो हलीम का पुराना आपराधिक इतिहास है। वह पहले भी यह कई अवैध कारोबारों में संलिप्त रहकर जेल जेल जा चुका है। बताया कि इस दिन सुबह भी जब उसे टेंपो ले जाते देखा, तो संदेह होने पर पूछताछ की गयी। तब उसने बताया कि टेंपो में कोयला लगा है। लेकिन जब गौर से देखा तो उसमें गोबर लगा था। जब नजदीक जाकर देखा तो उसमें पशु लगा था।

## 17 सितंबर राट्रीय श्रम दिवस घोषित हो : धर्मजीत चौधरी




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ धनबाद जिला ने सरकार से 17 सितंबर को बनाये जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की पूजा वाले दिन को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने की मांग की है। इसे लेकर रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें शामिल संगठन के जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी ने कहा कि पूरे देश के सभी जिला मुख्यालयों पर भारतीय मजदूर संघ की ओर से 17 सितंबर को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। क्योंकि संगठन का मानना है कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहले शिल्पकार थे, इसलिए उनकी पूजा से बढ़कर श्रमिकों के लिए कोई और मजदूर दिवस नहीं हो सकता। वहीं, प्रदेश मंत्री प्रभात रंजन ने कहा कि 17 सितंबर का दिन पूरी तरह से श्रमिक वर्ग के लिए समर्पित है। इसी कड़ी में कोयला, डाक, पोस्टल, भवन निर्माण, सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ, आंगनबाडी आदि भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक राष्ट्रीय श्रम दिवस के बारे में जानकारी देते हुए सभा, संगोष्ठी, कार्यकर्ता सम्मान आदि का आयोजन कर देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। इस दौरान केके सिंह, सुनील उरांव, ओम सिंह, सुशील कुमार सिंह और रमेश चौबे आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर नवनीत सिंह, कन्हैया सिंह, राघवेंद्र नारायण पांडेय, पप्पू विश्वकर्मा, पिंकू महतो, महगी साव, गणेश राम, विजय कुमार राम, लालजी भारती, गणेश तिवारी, सौरव सिंह, शुशील कुमार सिंह, प्रशांत नियोगी, तारकेश्वर सिंह, कृष्ण कन्हैया सिंह, सत्यनारायण यादव, कुंदन कुमार, सुशील कुमार सिंह, और सतेंद्र दांगी आदि मौजूद थे।

## 2.5 टन कोयला के साथ ही बाइक जब्त



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीआइएसएफ की टीम ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गयी। उक्त अभियान बीएंडके एरिया के अंतर्गत 'स' समवाय के कांटाघर संख्या-03 के पीछे स्थित जंगल क्षेत्र में किया गया, जहां से 2.5 टन अवैध कोयला बरामद किया गया। जब्त कोयले को आगे की कार्रवाई के लिए सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया। इसके अतिरिक्त, ढोरी क्षेत्र के तारमी कोल डंप से गुझांडीह मैग्जीन जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति को बाइक पर अवैध रूप से कोयला ले जाते देखा गया। सीआइएसएफ की क्यूआरटी टीम को देखते ही संदिग्ध बाइक छोड़कर गांव की ओर फरार हो गया। इसके बाद जवानों ने बाइक पर लदे 150 किलोग्राम कच्चे कोयले को जब्त कर लिया। जिसे बाद में चंद्रपुरा पुलिस को सौंप दिया। विदित हो कि जबसे कमांडेंट लक्ष्मी नारायण चैधरी का आगमन सीसीएल में हुआ है तब सीआइएसएफ की छापामारी लगातार जारी है, जिससे चोरों में दहशत है। वहीं, छापामारी अभियान में निरीक्षक शिला टोपो, सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी, मो समी अहमद, प्रधानक आरक्षक संदीप कुमार, आरक्षक वाहिद अंसारी, विश्वजीत सिंह आदि शामिल थे।

## जादूगर सिकंदर का शो आज से




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल की सांस्कृतिक राजधानी धनबाद एक बार फिर रोमांच, रहस्य और मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम का गवाह बनने जा रहा है। शहर के टाउन हॉल में 19 सितंबर से प्रसिद्ध जादूगर सिकन्दर का जादुई शो शुरू होने जा रहा है। पहली बार धनबाद पहुंचे जादूगर सिकन्दर ने संवाददाता सम्मेलन कर उसकी जानकारी दी। बताया कि उनकी प्रस्तुति में कई ऐसे नए प्रयोग शामिल होंगे, जिन्हें देखकर दर्शक दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर हो जाएंगे। 19 सितंबर की शाम सात बजे शो का उद्घाटन होगा। जिसमें जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, विधायक राज सिन्हा, डीडीसी सादत अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा और एसडीओ राजेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जादूगर सिकंदर ने बताया कि उद्घाटन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दर्शकों को 'बरमूडा ट्रायएंगल इफेक्ट' जैसे रोमांचक और रहस्यमय जादू देखने को मिलेंगे। कहा कि कोलकाता और रांची में इस शो को जबरदस्त सफलता मिली है, जिसके बाद धनबाद को अगला पड़ाव चुना गया है। धनबाद में यह शो प्रतिदिन दो बार दिखाया जाएगा। दर्शक टिकट सीधे टाउन हॉल परिसर से भी खरीद सकेंगे। इस मौके पर प्रबंध निदेशक गोलू सिंह, धनबाद के स्थानीय जादूगर जूनियर एस कुमार भी मौजूद रहे।

# लूट-अपहरण में लिप्त छह अपराधी गिरफ्तार

## रिवाल्वर, कारतूस, भुजाली बरामद, जांच शुरू

पकड़े गये लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज हैं दर्जनों आपराधिक रिकॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये अपराधियों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।।

**बोकारो।** हरवे हथियार के साथ लूट की घटना को अंजाम के इरादे से जा रहे अपराधियों के गिरोह के छह सदस्यों को दबोच कर पुलिस ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। पकड़े गये अपराधियों की पहचान चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के डी टाइप खटाल निवासी मुकेश यादव, पिपराडीह टोला लालमटिया निवासी शंकर कुमार दास, बरवाडीह के नर्राटोली निवासी दिलीप कुमार महतो, पिपराडीह टोला लालमटिया निवासी उमेश दास, चतरोचट्टी निवासी राजेश करमाली और हजारीबाग जिले के आंगों थाना क्षेत्र निवासी प्रमोद कुमार साव के रूप में हुई है। उनके पास से रिवाल्वर, जिंदा कारतूस, भुजाली और मोबाइल फोन के साथ ही एक कार एवं अन्य सामान जब्त किया गया है। उक्त जाकारी बोकारो एसपी हरविलंदर सिंह ने दी। वे गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उनकी मानें तो परड़े गये चार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। जानकारी के मुताबिक बोकारो एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि लूट के इरादे से कुछ अपराधी हरवे-हथियार के साथ चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में डेरा जमाये हुए हैं। इसके बाद चंद्रपुरा, दुग्दा, एवं झरिया थाना-ओपी की ओर से न्यू पिपराडीह मिलन चौक के पास वाहनों की सघन जांच शुरू की। इसी बीच सफेद रंग की एक कार न्यू पिपराडीह बस्ती कि ओर से आती दिखी। तलाशी के लिए उसे रूकने का इशारा किया गया। पर कार में बैठे दो पुलिस को देखते ही गाड़ी रोककर भागने का प्रयास करने लगे। पर सतर्क पुलिस के जवानों ने उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना वाम शंकर कुमार दास और मुकेश यादव बताया। उनकी तलाशी लेने पर मुकेश के पास की बांयी कमर से एक लोडेड रिवॉलवर, एक जिंदा कारतूस एवं मोबाइल फोन, जबकि शंकर के पास से एक धारदार भुजाली और मोबाईल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने हथियारों को जब्त करने के साथ ही दोनों को पकड़ कर सख्ती से पूछताछ, तो उन लोगों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बताया कि योजना बनाकर चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन के आसपास से गुजरने वाले राहगनीरों-यात्रियों को हथियार का भय दिखाकर लूटपाट करने के उद्देश्य से निकले थे। उन्हें थाना लाकर पूछताछ की गयी, तो शंकर दास ने बताया उसके अन्य साथी उमेश दास, दिलीप कुमार महतो, छोटू विश्वकर्मा और राजेश करमाली भी हैं। उनके साथ मिलकर चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव से विगत 22 जुलाई की रात में ट्रैक्टर की चोरी की थी, जिसे हजारीबाग जिले के आंगो थाना क्षेत्र अंतर्गत औरिया गांव के रहने वाले प्रमोद साव को बेचा था। प्रमोद कबाड़ी का कारोबार करता है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस की छापामारी दल ने अभियान चलाकर शंकर कुमार दास, उमेश दास, दिलीप कुमार महतो, राजेश करमाली और प्रमोद साव को पकड़ कर उनके पास से चोरी का ट्रैक्टर बरामद कर लिया। इस बाबत चंद्रपुरा थाना में 22 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया गया। पुलिस की मानें तो राजेश करमाली, मुकेश यादव, शंकर दास और दिलीप कुमार के खिलाफ बड़कागांव, चंद्रपुरा, चतरोचट्टी, मांडू, भोजुडीह, गोमो आदि थानों में गैर कानूनी हथियार, चोरी, अपहरण और लूटपाट सहित विभिन्न संगीन धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। वहीं, छापामारी दल में बेरमो अचंल के पुलिस उपाधीक्षक सह पुलिस निरीक्षक नवल किशोर सिंह, चंद्रपुरा के थाना प्रभारी पुअनि अजय कुमार सिंह, दुग्दा थाना प्रभारी पुअनि मनीष कुमार, झरिया के पुअनि श्रीनिवास सिंह, चंद्रपुरा थाना के पुअनि कुंदन कुमार पासवान, सअनि अजमत हुसैन, माधो टुडू, मनोज कुमार भारती आदि शामिल थे।

## तीन थानों की पुलिस ने घेराबंदी कर हथियार के साथ युवक को दबोचा

**कतरास (आजाद सिपाही)।** सोनारडीह, बरोरा और मधुबन थानों की पुलिस ने संयुक्त रूप से सोनारडीह ओपी क्षेत्र के बढई बस्ती स्थित शिव मंदिर के समीप घेराबंदी कर हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी बाघमारा पुलिस अनुमंडल अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार सिंह ने गुरुवार को अपने सिजुआ स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हथियार के साथ एक युवक बढई बस्ती के समीप घूम रहा है। इसके बाद तुरंत पुलिस ने कारवाई करते हुए, युवक को दबोच लिया। उसकी तलाशी लेने पर एक लोडेड देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस के अलावा मोबाइल फोन बरामद हुआ। उसकी पहचान रितिक शर्मा के रूप में हुई है। वह सोनारडीह का रहने वाला है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिया निर्देश

# दुर्गा पूजा से पहले सड़क सहित बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करवायें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** डीसी आदित्य रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्गा पूजा से पहले जिले में पानी, बिजली, सड़क, साफ सफाई सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर यहां के भव्य पंडालों और प्रतिमा को देखने के लिए स्थानीय लोगों के साथ ही पड़ोसी जिले एवं राज्य से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसलिए प्रशासन का उद्देश्य जिले को स्वच्छ व सुंदर रखना है। उन्होंने सड़क किनारे पड़े बेकार खंभे, होर्डिंग, वर्षों से बंद पड़ी गुमटी, पाइप, केबल आदि को हटाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। कहा कि दुर्गा पूजा पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए गोविंदपुर एवं राजगंज में क्रेन रहेगी। जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को उठाकर संबंधित थाना को सुपुर्द करेगी। नगर निगम क्षेत्र को जाम मुक्त रखने के लिए अभियान चलाया जाएगा। डीसी ने कहा कि दुर्गा पूजा से पहले सभी अंचल अधिकारियों की अध्यक्षता और नगर निगम क्षेत्र में अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बनेगी। जो अपने क्षेत्र के पंडालों का भ्रमण कर पार्किंग स्थल, साफ सफाई सहित अन्य बिंदुओं का आकलन कर पूजा समिति को सहयोग प्रदान करेगी। सुरक्षा की दृष्टि से अपने क्षेत्र में थाना प्रभारी के साथ मिलकर भ्रमण करेगी। इस दौरान डीसी ने सड़क के सभी कट से पहले साइन बोर्ड लगाने, स्ट्रीट लाइट चालू करने, स्कूल बस ड्राइवर का लाइसेंस एवं बस के कंडीशन की जांच करने सहित अन्य निर्देश दिया। वहीं दुर्गा पूजा में सड़क सुरक्षा की दृष्टि से डीसी ने वन विभाग, धनबाद नगर निगम, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, एनएचएआई दगार्पुर, पथ निर्माण विभाग, स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड के साथ ही सभी अंचल अधिकारियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने शहर में ओवर स्पीड वाहनों पर अंकुश लगाने एवं बिना हेलमेट, बिना लाईसेंस एवं नाबालिकों वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने, नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने, सभी टू व्हीलर शोरूम को दो पहिया वाहन बिक्री करते समय खरीदार को अच्छी गुणवत्ता और आईएसआई मार्क वाले दो हेलमेट अनिवार्य रूप से देने, शॉपिंग मॉल एवं कमर्शियल बिल्डिंग जिनका अपना पार्किंग नहीं है और जिनके कारण पार्किंग तथा जाम की समस्या होती है, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सिंह के अलावा, बीसीसीएल, ईसीएल, गेल, एनएचएआई आदि विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड कोचिंग विधेयक से छात्रों के भविष्य पर संकट : मनोज सिंह

- कहा- कोचिंग संस्थान जॉब क्रियेटर और सरकार को टैक्स भी देते हैं

- झारखंड विस में कोचिंग संस्थानों के लिए पारित विधेयक के तहत बने कानून होनहार छात्रों के भविष्य के हक में नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** विगत कुछ दिनों पहले झारखंड विधानसभा से कोचिंग संस्थानों के लिए पारित विधेयक में कई नियम कानून लगाये गए, जो यहां के गरीब एवं होनहार छात्रों के भविष्य के हक में उचित नहीं है। दंडस्वरूप पांच लाख से 10 लाख रुपये एवं सेक्यूरिटी मनी पांच लाख रुपये के साथ निर्णायक मंडली में कोचिंग संगठन के किसी भी सदस्य का भागीदारी न होना आपत्तिजनक हैं। धनबाद कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि सभी जनप्रतिनिधि को शिक्षा जैसी संवेदनशील मुद्दे पर फिर से एक बार सोच-समझकर विचार करना चाहिए, ताकि जबकि झारखंड में शिक्षा में हम पिछड़े हैं। ऐसे में 90 प्रतिशत से ज्यादा कोचिंग क्लास बंद हो जाऐंगे। पढ़े-लिखे हजारों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। कहा कि कोचिंग संस्थान जो जॉब क्रियेटर है और सरकार को टैक्स भी देते हैं। वहीं, सचिव विकास तिवारी ने कहा कि राज्य का राजस्व तो दूसरे राज्यों में जाएगा ही, क्योंकि यहां के छात्र-छात्राएं प्रतियोगी तैयारी के लिए अन्यत्र जाने को मजबूर होंगे। ग्रामीण परिवेश के छात्रों के साथ ही राज्य के गरीब मेधावी छात्रों का भविष्य कहीं न कहीं अंधेरे में गुम हो जाएगा। इस लिए विनम्र आग्रह है कि सरकार कोचिंग संस्थानों को अलग नजरिये से न देखें। हमें भी राज्य के शिक्षा का अभिन्न अंग माने और जो विधेयक लायी गई है वो रोजी रोजगार के साथ ही कहीं न कहीं शिक्षा व्यवस्था को गलत तरिके से प्रभावित करेगी, क्योकि पूरे देश में जैसे निकटवर्ती राज्य बिहार, उतर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली में भी ऐसे नियम नहीं हैं। इसके साथ ही गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि कोचिंग विधेयक होना चाहिए, हम इस फैसलें के विरूद्ध नहीं हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं जनप्रतिनिधि विजनरी हैं। विश्वास है कि फैसला एक पक्षिय न होकर न्याय संगत करेंगे।

## डीसी-डीडीसी ने पोषण जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत समाहरणालय परिसर से गुरुवार को डीसी अजय नाथ झा, डीडीसी शताब्दी मजूमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने संयुक्त रूप से पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जागरूकता रथ चास एवं बेरमो अनुमंडल के शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के टोला-मोहल्ला, हाट-बाजार में भ्रमणशील रहकर लोगों को कुपोषण एवं सही पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि वर्तमान समय में कुपोषण हमारे समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे दूर करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। इसके लिए लोगों के बीच जागरूकता लाने की आवश्यकता है। कुपोषण के कुचक्र को तोड़ना है। 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चलने वाले पोषण अभियान को एक जन भागीदारी-जन आंदोलन की तरह चलाने के उद्देश्य से सभी का सहयोग आपेक्षित है। डीसी ने स्वस्थ मां-स्वस्थ बच्चा का संदेश दिया। वहीं, डीडीसी ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव शरीर के लिए सही पोषण के महत्व और भूमिका पर प्रकाश डालना है। इस दौरान पोषण माह के तहत आम जागरूकता के लिए 'हस्ताक्षर अभियान' की शुरूआत भी की गई। पोषण माह में 18 अक्टूबर तक प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

## PUBLIC NOTICE

This is to bring to notice of general public that the Hon'ble Khunti Court vide Execution Case No. 04/2023, has handed the possession of Following plots of land in Mauza Chalagi & Khunti on 01.10.2023 & 03.10.2023 to Shri Samarendra Kumar, son of late Jyotindra Nath Ganju.

**MAUZA CHALAGI**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 1 | 83 (Don-1) |
| 2 | 2 | 1 |
| 3 | 2 | 4 (Tanr-2) |
| 4 | 2 | 5 (Tanr-2) |
| 5 | 2 | 6 (Tanr-2) |
| 6 | 2 | 2109 (Tanr-2) |
| 7 | 2 | 2112 (Tanr-2) |
| 8 | 2 | 2113(Tanr-2) |
| 9 | 2 | 123(Tanr-2) |

**HUTUBDAG MOUZA**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 47 | 30 (Tand) |

**KHUNTI MOUZA**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 403 | 1019 |
| 2 | 403 | 1007 |
| 3 | 403 | 1008 |
| 4 | 408 | 421 |
| 5 | 403 | 1483 |
| 6 | 403 | 1479 |
| 7 | 396 | 1480 |
| 8 | 403 | 1478 |
| 9 | 403 | 1477 |
| 10 | 403 | 1476 |
| 11 | 396 | 1458 |
| 12 | 403 | 1459 |
| 13 | 403 | 1500 |
| 14 | 403 | 1494 |
| 15 | 352 | 1140 |
| 16 | 352 | 1141 |
| 17 | 352 | 1142 |
| 18 | 352 | 1143 |
| 19 | 403 | 389 |
| 20 | 403 | 379 |
| 21 | 127 | 1533 |
| 22 | 335 | 1532 |
| 23 | 03 | 1635 |
| 24 | 58 | 1524 |

**KHUNTI MOUZA**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 78 | 1531 |
| 2 | 78 | 1535 |
| 3 | 54 | 1536 |
| 4 | 114 | 1521 |
| 5 | 114 | 1525 |
| 6 | 03 | 1523 |
| 7 | 03 | 1522 |
| 8 | 03 | 1529 |
| 9 |  | 1530 |
| 10 | 261 | 454 |
| 11 | 261 | 459 |
| 12 |  | 1542 |
| 13 | 403 | 1517 |
| 14 | 67 | 1518 |
| 15 | 67 | 1520 |
| 16 | 106 | 1534 |
| 17 | 18 | 1526 |
| 18 | 403 | 1528 |
| 19 | 409 | 1527 |

**KHUNTI TOLI MOUZA**

| Sl.No. | Khata No. | Plot No. |
|---|---|---|
| 1 | 06 | 628 |

Any attempt to sell / purchase / dispose/ obstruct the peaceful possession of the said property by any third person or any other heir of Late Jyotindra Nath Ganju or any other heir of late Shivapriya Nath Ganju or any other person, other than the possessee Shri Samarendra Kumar, will be illegal and punishable offence. The offender would be subjected to strict criminal/ civil and administrative actions under appropriate law.

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# भारत पर लगाये 25% टैरिफ खत्म कर सकता है अमेरिका

## 30 नवंबर के बाद टोटल टैरिफ 10-15% रह जायेगा : वी. अनंत नागेश्वरन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** अमेरिका की ओर से भारत पर लगाये गये 25% पेनल्टी टैरिफ खत्म हो सकता है और 25% जवाबी टैरिफ में भी कटौती हो सकती है। ये बात देश के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीइए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है। कोलकाता में एक कार्यक्रम में बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि मुझे लगता है कि 30 नवंबर के बाद ये टैरिफ नहीं रहेंगे। ये कोई पक्की जानकारी या सबूत पर आधारित बयान नहीं है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगले दो महीनों में टैरिफ और जवाबी टैरिफ पर कोई हल निकल आयेगा।

**25% का जवाबी टैक्स भी 10-15% हो जायेगा :** सीइए नागेश्वरन ने संकेत दिया कि अभी 25% का जवाबी टैक्स 10-15% के दायरे में आ सकता है। उन्होंने कहा कि पूरी टैरिफ की समस्या अगले 8-10 हफ्तों में सुलझ सकती है। ये बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और भारत के संबंध फिर से ट्रैक पर आ रहे हैं। मंगलवार को भारत के चीफ ट्रेड नेगोशिएटर और ट्रेड मिनिस्ट्री के स्पेशल सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल की मुलाकात अमेरिका के ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ब्रेंडन लिंच से हुई है। ट्रंप के 50% टैरिफ लगाये जाने के बाद पहली बार ट्रेड डील पर बातचीत के लिए 16 सितंबर को अमेरिकी दल भारत पहुंचा था।

**अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ लगाया :** दरअसल, अमेरिका ने भारत पर ज्यादा टैरिफ वसूलने की वजह से 25% जवाबी टैरिफ और रूस से तेल खरीदने के चलते पेनल्टी के रूप में 25% का टैरिफ लगाया है, जिसके चलते भारत का करीब 85 हजार करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इससे दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट आ गई थी, हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया कुछ बयानों के बाद इसमें नरमी आयी है।

# सऊदी और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, मिल कर हमले का जवाब देंगे

- दावा-एटमी हथियार का भी इस्तेमाल शामिल
- भारत बोला- पहले से इसकी जानकारी थी

एजेंसी

**रियाद।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जायेगा। सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक दोनों देशों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जायेगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे।

उधर सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी।



### विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बोले : भारत पर असर की जांच करेंगे

सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद संबंधों को औपचारिक रूप देता है। इससे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर क्या असर पड़ेगा, इसकी जांच की जायेगी। भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### एक्सपर्ट बोले- यह समझौता औपचारिक 'संधि' नहीं है

अफगानिस्तान और इराक में अमेरिका के राजदूत रह चुके जलमय खलीलजाद ने भी इस समझौते पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता हालांकि औपचारिक 'संधि' नहीं है, लेकिन इसकी गंभीरता को देखते हुए यह एक बड़ी रणनीतिक साझेदारी मानी जा रही है। खलीलजाद ने आगे कहा कि क्या यह समझौता कतर में इजराइल हमले के जवाब में किया गया है? या ये लंबे समय से चली आ रही अफवाहों की पुष्टि करता है कि सऊदी अरब, पाकिस्तान के एटमी हथियार प्रोग्राम का अघोषित सहयोगी रहा है। खलीलजाद ने पूछा कि क्या इस समझौते में सीक्रेट क्लॉज हैं, अगर हां, तो वे क्या हैं? क्या ये समझौता बताता है कि सऊदी अरब अब अमेरिका की सुरक्षा गारंटी पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहता है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार और ऐसे मिसाइल सिस्टम हैं जो पूरे मिडिल ईस्ट और इजराइल तक मार कर सकते हैं।

# सेबी ने अदाणी समूह को हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़े मामले में दी क्लीन चिट

- हेरफेर के आरोप किये गये खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** हिंडनबर्ग मामले में अदाणी समूह को शेयर बाजार नियामक सेबी से बड़ी राहत मिली है। सेबी ने गुरुवार को अरबपति गौतम अदाणी और उनकी समूह कंपनियों, जिनमें अदाणी पोर्ट्स और अदाणी पावर शामिल हैं, के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से लगाए गए स्टॉक हेरफेर के आरोपों को खारिज कर दिया।

यह आदेश अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड, अदाणी पावर लिमिटेड, एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, गौतम शांतिलाल अडानी और राजेश शांतिलाल अदाणी पर लागू होता है। मामले पर विचार करने के बाद, सेबी ने कहा कि उसने



बिना किसी निर्देश के नोटिस प्राप्तकर्ताओं के खिलाफ तत्काल कार्यवाही को समाप्त करने का निर्णय लिया है।

अमेरिका स्थित वित्तीय अनुसंधान फर्म और शॉर्टसेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट में आरोप लगाया गयाथा कि एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड का उपयोग विभिन्न अदाणी समूह कंपनियों से सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध अदाणी पावर को वित्तपोषित करने के लिए धन भेजने के साधन के रूप में किया गया था।

# उत्तराखंड के चमोली में बादल फटा, 14 लोग लापता मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स फंसे, हिमाचल में 419 मौतें

- देश में अबतक 8% ज्यादा बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल/देहरादून।** उत्तराखंड में दो दिन में दूसरी बार बादल फटा है। 17 सितंबर की रात चमोली जिले के नंदानगर घाट में बादल फटा। यहां कुंटरी लंगाफली वार्ड में छह घर मलबे में दब गये। 14 लोग लापता हैं और 20 लोग घायल हैं। अब तक 2 लोग रेस्क्यू किए गये। इससे पहले 16 सितंबर को देहरादून में बादल फटा था। देहरादून से मसूरी का 35 किलोमीटर का रास्ता कई जगह क्षतिग्रस्त है। इसके कारण मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स लगातार तीसरे दिन फंसे हुए हैं।



हिमाचल में इस सीजन बारिश, बाढ़, लैंडस्लाइड और अचानक आयी बाढ़ से अब तक 419 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने दोनों ही राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को अगले 48 घंटे हाई अलर्ट पर रखा है।

देश में इस साल 24 मई को दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल पहुंचा था। देश में अब तक (17 सितंबर) सामान्य से 8% ज्यादा बारिश हो चुकी है। 3 राज्यों राजस्थान (पश्चिम), पंजाब और हरियाणा से मानसून की विदाई शुरू भी हो चुकी है, लेकिन इसके जाते-जाते भी देश के 7 राज्यों में तेज बारिश की संभवना है।

मौसम विभाग और ग्लोबल फोरकास्ट सिस्टम (जीएसएफ) के मुताबिक, सितंबर के आखिरी कुछ दिन और अक्टूबर की शुरूआत तक एक बड़े कम दबाव के क्षेत्र के साथ जबरदस्त बारिश के आसार हैं।

25-26 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में बड़ा मानसूनी सिस्टम लो प्रेशर एरिया बन रहा है। इससे पूर्वी-पश्चिमी मध्य प्रदेश के अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, छग, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 2-3 दिन तेज बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में 3 इंच तक पानी गिर सकता है।

# ड्रग्स तस्करी मामले में भारत के टॉप अधिकारियों के वीजा रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** टैरिफ और रूस से तेल आयात को लेकर चल रहे तनाव के बीच अमेरिका ने भारत पर एक और ऐक्शन लिया है। अमेरिका ने भारत के कुछ टॉप अधिकारियों के वीजा को रद्द कर दिया है। अधिकारियों पर अमेरिका में प्रतिबंधित ड्रग्स फेंटेनाइल प्रीकर्सर की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को ऐलान किया कि उसने कुछ भारतीय व्यापारिक अधिकारियों और कॉर्पोरेट नेतृत्व का वीजा कैंसल कर दिया है।

यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बड़े पैमाने पर ड्रग्स की तस्करी और नशीले पदार्थों के उत्पादन वाले देशों को चेतावनी दिये जाने के कुछ ही घंटों बाद उठाया गया है। भारत उन 23 देशों में शामिल था जिन पर अमेरिका ने कहा था कि वह इस संबंध में नजर रख रहा है। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि कुछ भारतीय कंपनियों के अधिकारियों के वीजा रद्द करना अमेरिकियों को खतरनाक सिंथेटिक नशीले पदार्थों के खतरे से बचाने के वॉशिंगटन के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

नयी दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस निर्णय के परिणामस्वरूप, ये व्यक्ति और उनके करीबी परिवार के सदस्य अमेरिका की यात्रा के लिए अयोग्य हो सकते हैं। जिन कंपनियों के अधिकारियों के बारे में ज्ञात है कि उन्होंने फेंटेनाइल प्रीकर्सर की तस्करी की है, उन्हें भी दूतावास द्वारा अमेरिका के लिए वीजा के लिए आवेदन करते समय चिह्नित किया जायेगा। फेंटेनाइल और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खतरे की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, अमेरिकी दूतावास ने इससे निपटने में सहयोग के लिए भारत सरकार का भी धन्यवाद किया है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** **:** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**